नई दिल्ली
मंगलवार, 7 मई 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 28, अंक : 26
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 42
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**अब पैसेंजर 15 किलो का सामान ही फ्री में ले जा सकेंगे**

## एयर इंडिया ने अपनी बैगेज पॉलिसी में किया बदलाव



*इससे पहले पैसेंजर को 20 से 25 किलो तक बैगेज ले जाने की छूट थी*

*नई दिल्ली। एयर इंडिया ने घरेलू उड़ानों के लिए अपनी सामान नीति यानी बैगेज पॉलिसी में बड़ा बदलाव किया है। भारतीय एयरलाइन की नई पॉलिसी के अनुसार कंपनी की* शेष पेज 5 पर

---

### काली कमाई...कहां से आई ? : रांची में कई जगहों पर ईडी का छापा...टेंडर घोटाले में बड़ी कार्रवाई

# मंत्री के निजी सचिव के घरेलू सहायक के घर से 40 करोड़ रु. नकद बरामद

एजेंसी ▸▸ रांची

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड की राजधानी रांची के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की। वीरेंद्र राम मामले में झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहायक से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई। नोट गिनने की मशीन संजीव लाल के घर पर लाई गई है। बता दें कि अबतक 40 करोड़ से ज्याद रुपए की गिनती हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि गिनती अभी भी जारी है। नकद राशि 500 के नोटों में बरामद की गई। संजीव लाल के आवास पर स्टील के ट्रंक लाए गए हैं। इस बीच आलमगीर आलम शेष पेज 5 पर

ईडी ने पिछले साल फरवरी में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र के. राम को मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। पूछताछ में ईडी के सामने वीरेंद्र राम ने कई बड़े व्यक्तियों के साथ अपने संबंधों का भी खुलासा किया था।

नोट गिनते गिनते अधिकारी थके, स्टील के ट्रंकों में भरे गए नोट

मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि हम आम तौर पर अनुभव के आधार पर निजी सचिव की नियुक्ति करते हैं



**कौन हैं आलमगीर आलम?**

### सरपंच पद से शुरू हुआ था सफर



झारखंड की पाकुड़ विधानसभा सीट से चार बार विधायक रहे आलमगीर आलम झारखंड सरकार में दूसरी बार मंत्री बने हैं। इससे पहले आलमगीर आलम 20 अक्तूबर 2006 से 12 दिसंबर 2009 तक झारखंड विधानसभा अध्यक्ष पद पर आसीन थे। आलमगीर आलम 2019 में पहली बार मंत्री बने। उन्होंने 29 दिसंबर 2019 को महागठबंधन के हेमंत सोरेन की सरकार में मंत्री पद की शेष पेज 5 पर

---

**आंध्र प्रदेश में विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी**

## काली कमाई के गोदाम बना रही कांग्रेस, नोटों के पहाड़ निकल रहे



राजमुंदरी। आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड में ईडी ने सोमवार नोटों के पहाड़ निकाले हैं। कांग्रेस के मंत्री के निजी सचिव के नौकर के पास से यह नोटों का पहाड़ निकला है। कांग्रेस ने अपने नौकर के घर को काली कमाई का गोदाम बना रखा था। आज मैं देश के सामने एक और संयोग की बात करता हूं। शेष पेज 5 पर

---







### देश में तीसरे चरण में 11 राज्यों की 93 सीटों पर आज मतदान

# ईवीएम में कैद होगा 122 महिलाओं समेत 1331 प्रत्याशियों का सियासी भविष्य, कई केंद्रीय मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आम चुनाव के लिए तीसरे चरण की वोटिंग होगी, इसमें 11 राज्यों के 93 लोकसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इनमें गुजरात की 25, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, यूपी की 10, मप्र की 9, छग की 7, बिहार की 5, असम व पश्चिम बंगाल की 4, गोवा और दादर नगर हवेली की 2 सीट शामिल हैं। दरअसल, तीसरे चरण के चुनाव के लिए 12 राज्यों की 95 सीटों पर चुनाव होना तय था, जिसमें दूसरे चरण में बसपा प्रत्याशी के निधन के कारण स्थगित मध्य प्रदेश की बैतूल सीट का चुनाव भी शामिल है। लेकिन चुनाव आयोग ने तीसरे चरण में जम्मू कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट का सात मई को होने वाला चुनाव भी स्थगित करके छठे चरण में 25 मई को कराने का फैसला किया। तो वहीं गुजरात की 26 लोकसभा सीटों में से सूरत लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित होना भी इस चरण के कार्यक्रम में बदलाव का कारण बना। इसलिए आज तीसरे चरण में 11 राज्यों की 93 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा।

अभी तक दो चरणों में 190 सीटों पर मतदान हो चुका है। पहले चरण में 19 अप्रैल को 66.14 फीसदी वोटिंग हुई थी और दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 66.71 फीसदी मतदान हुआ था। तीसरे चरण के मतदान के बाद 284 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। शेष पेज 5 पर

देश में तीसरे चरण में आज मतदान होगा। इनमें गुजरात की 25, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, यूपी की 10, मप्र की 9, छग की 7, बिहार की 5, असम व पश्चिम बंगाल की 4, गोवा और दादर नगर हवेली की 2 सीट शामिल हैं।

**खास बातें**

- कुल प्रत्याशियों में से 241 दागी और 386 करोड़पति
- पहले चरण में 19 अप्रैल को 66.14 फीसदी वोटिंग हुई थी
- दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 66.71 फीसदी मतदान हुआ था

तीसरे चरण के मतदान के बाद 284 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी




### चार पूर्व मुख्यमंत्रियों की अग्नि परीक्षा

आज के चुनाव में चार पूर्व सीएम की भी अग्नि परीक्षा होने जा रही है। इनमें मध्य प्रदेश की विदिशा सीट से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा राजगढ़ से दिग्विजय सिंह चुनाव मैदान में हैं। वहीं कर्नाटक की पूर्व मुख्यमंत्रियों बसवराज बोम्मई और जगदीश शेट्टार, हावेरी सीट से बसवाराव बोम्मई तथा बेलागावी सीट से जगदीश शेट्टार अपनी सियासी प्रतिष्ठा दांव पर लगाकर चुनाव मैदान में हैं।

### आधा दर्जन मंत्री लड़ रहे चुनाव

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में आधा दर्जन केंद्रीय मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इनमें गुजरात की गांधीनगर से गृहमंत्री अमित शाह, पोरबंदर से स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और राजकोट से मत्स्य पालन, पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला, कर्नाटक की धारवाड़ से संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, मध्य प्रदेश की गुना से नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा यूपी की आगरा से विधि एवं न्याय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल शामिल हैं। वहीं यूपी की योगी सरकार के मैनपुरी सीट से ठाकुर जयवीर सिंह तथा हाथरस से अनूप वाल्मीकि भी चुनाव मैदान में हैं।

### भाजपा ने उतारे 82 प्रत्याशी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 11 राज्यों की 93 लोकसभा सीटों पर चुनाव मैदान में उतरे 1331 प्रत्याशियों में वैसे तो सबसे ज्यादा 640 निर्दलीय प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। लेकिन प्रमुख राजनीतिक दलों सबसे ज्यादा 82 प्रत्याशी भाजपा चुनाव मैदान में हैं। इसके बाद बसपा ने 79, कांग्रेस 68, सपा ने 10, तृणमूल कांग्रेस ने 6, शिवसेना (यूबीटी) ने पांच, शिवसेना (शिंदे) ने दो, राकांपा (सपा), राकांपा(अजीत), जदयू, राजद और सीपीआई (एम) ने 3-3 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे हैं। इसके शेष पेज 5 पर

### सियासी जंग में धनकुबेरों की भरमार

*लोकसभा चुनाव के इस दौर में 386 प्रत्याशी करोड़पतियों की फेहरिस्त में शामिल है, जिसमें सबसे ज्यादा भाजपा ने 76 और कांग्रेस ने 60 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे हैं। जबकि बसपा के 29, सपा के 9, शिवसेना के 5, तृणमूल के 4, राकांपा (सपा), जदयू, राजद व राकांपा(अजीत) के 3-3 तथा शिवसेना के दोनों प्रत्याशियों के नाम करोड़पतियों की सूची में हैं। इन करोड़पति प्रत्याशियों में 1361 करोड़ की संपति के साथ सबसे अमीर गोवा दक्षिण लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी पल्लवी श्रीनिवास डेम्पो तथा सबसे गरीब महाराष्ट्र की कोल्हापुर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी इरफान अबुतालिब चांद है, जिसने अपनी संपत्ति केवल 100 रुपए घोषित की है।*

### यूपी की इन सीटों पर उतरे योगी के दो मंत्री

*मैनपुरी लोकसभा सीट से कैबिनेट मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह तथा हाथरस लोकसभा सीट पर अनूप वाल्मिकी भाजपा प्रत्याशी बनाए गए हैं। यूपी की जिन दस सीटों पर तीसरे चरण में मतदान होगा, उनमें से आठ सीटों पर भाजपा और दो सीटों पर सपा काबिज है। आगरा में एसपी सिंह बघेल और एटा में राजवीर सिंह की सीटों पर मतदान होगा। यूपी में मुलायम परिवार के अक्षय यादव, डिंपल यादव, आदित्य यादव के भाग्य का फैसला भी आज होगा।*

---

**दिल्ली के सीएम केजरीवाल की बढ़ी मुसीबत**

## एलजी ने आतंकी संगठन से फंडिंग को लेकर आईएनए जांच की सिफारिश की



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

तथाकथित शराब घोटाले के मामले में जेल हिरासत में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की मुसीबत और बढ़ने वाली है। क्योंकि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने आप पार्टी संयोजक केजरीवाल पर प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) से पार्टी के लिए 16 मिलियन डॉलर फंड लेने के आरोपों की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच की मांग की सिफारिश कर दी है। जानकारी अनुसार एलजी ने इस मामले पर गहन अध्ययन व कानूनी राय के बाद ही एसएफजे से फंड लेने के आरोपों की एनआईए से जांच कराने की सिफारिश की है।

### डिजिटल सबूत दिए

राजनिवास से जुड़े सूत्रों का कहना है कि वर्ल्ड हिन्दू फेडरेशन इंडिया के महासचिव आशु मोंगिया ने एलजी को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि केजरीवाल ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन एसएफजे से आप पार्टी के लिए 16 मिलियन डालर फंड यानी 133 करोड़ रुपए लिया है। फेडरेशन ने एलजी को शिकायत के साथ ही कुछ डिजिटल सबूत भी दिए है। सूत्रों का कहना है कि मामला आतंकी संगठन से एक सीएम के रिश्ते व फंड लेने से जुड़ा होने के चलते एलजी ने सभी कानूनी पहलुओं व जानकारों से राय के बाद ही एनआईए की जांच की सिफारिश की है। जिससे की इन बेहद संगीन आरोपों की असलियत सामने आ सके।

### पन्नू ने जारी किया था वीडियो

बता दें कि सिख फॉर जस्टिस के कानूनी सलाहकार व प्रवक्ता गुरपंत सिंह पन्नू ने भी गत दिनों एक वीडियो जारी करके कहा था कि हमने यानी एसएफजे ने आप पार्टी को चुनाव के लिए फंडिंग की थी। एलजी की इस सिफारिश को अगर केंद्रीय गृह मंत्रालय स्वीकार कर लेता है तो यह आप संयोजक केजरीवाल के साथ ही पूरी आप पार्टी के लिए अब तक का सबसे बड़ा संकट साबित हो सकता है। एलजी के इस कदम पर बेशक आप पार्टी हमलावर दिख रही हो, लेकिन यह तय है कि केजरीवाल के लिए नई मुसीबत सबसे भारी साबित हो सकती है। क्योंकि अभी तक केजरीवाल केवल भ्रष्टाचार के मामले में न्यायिक हिरासत में है। लेकिन एलजी की सिफारिश आतंकी संगठन से फंड लेने को लेकर है, जो बहुत बड़ा आरोप है।

---

**खबर संक्षेप**

### चुनाव जीती तो मैं बॉलीवुड छोड़ दूंगी



नई दिल्ली। अभिनेत्री कंगना रनौत हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। कंगना ने इशारा किया कि लोकसभा चुनाव में अगर वो जीतती हैं, तो धीरे-धीरे शोबिज की दुनिया को छोड़ सकती हैं। क्योंकि वो एक ही काम पर फोकस करना चाहेंगी। मैं फिल्मों में भी पक जाती हूं, मैं रोल भी करती हूं, निर्देशन भी करती हूं। अगर मुझे राजनीति में संभावना दिखती है कि लोग मुझसे जुड़ रहे हैं तो फिर में राजनीति ही करूंगी।

### चैंपियन ट्रॉफी के लिए पाक जाएगी भारतीय टीम?



नई दिल्ली। अगले साल पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 खेली जानी है। इसको लेकर क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने पहले ही साफ कर दिया है कि भारतीय टीम पाक दौरे पर नहीं जाएगी। उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला का कहना है कि भारतीय टीम के पाक दौरे पर जाने या नहीं जाने को लेकर फैसला सिर्फ भारत सरकार ही करेगी। उनका फैसला हम सभी को मानना होगा। भारत सरकार अनुमति देती है तभी जाएंगे।

---

**राहुल का आरक्षण मुद्दे पर बड़ा बयान**

## हम रिजर्वेशन को 50 फीसदी से आगे बढ़ाएंगे ये लिमिट हटा देंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजपुर/खरगोन

राहुल गांधी ने कहा है कि हम आरक्षण को 50% से आगे ले जाएंगे। कोर्ट ने 50% का लिमिट लगा रखा है, उसे हटा देंगे।



राहुल गांधी सोमवार को आलीराजपुर के जोबट और खरगोन के सेगांव में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। दोनों ही सभाओं में उन्होंने ये बात कही। राहुल ने कहा कि भाजपा और आरएसएस संविधान खत्म करना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने 400 पार का नारा दिया है, लेकिन 400 सीट तो छोड़िए, इन्हें 150 सीटें भी नहीं मिलेंगी। भाजपा नेताओं ने साफ कहा है कि अगर हमारी सरकार आएगी, तो हम आदिवासियों शेष पेज 5 पर

---

**एक शादी में शामिल होने आए थे**

## 5 छात्र कन्याकुमारी तट के पास समुद्र में डूब गए



एजेंसी ▸▸ चेन्नई

तमिलनाडु में कन्याकुमारी तट के पास सोमवार को दो महिलाओं सहित पांच मेडिकल कॉलेज के छात्र समुद्र में डूब गए। इन छात्रों का मेडिकल का फाइनल ईयर था और कुछ ही सप्ताह में इन्हें डिग्री मिलने वाली थी। ये सभी एक बंद पड़े प्राइवेट बीच पर तैराकी कर रहे थे। कन्याकुमारी जिले के पुलिस अधीक्षक ई सुंदरवथनम ने बताया कि छात्रों का शेष पेज 5 पर

---

**पिछले 7 दिनों में दिए गए 7 राष्ट्रविरोधी बयान महज संयोग नहीं, अपितु सोचा समझा प्रयोगः भाजपा**

## पाकिस्तान के इक्के-दुक्के सिरफिरे नेता के बयान को इंडी गठबंधन के 'सिरमौर नेता' दोहरा रहे : त्रिवेदी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में विपक्षी गठबंधन द्वारा पिछले 7 दिनों में दिए गए 7 राष्ट्रविरोधी बयानों पर जमकर निशाना साधा और राहुल गांधी पर देश विरोधी षड़यंत्र में संलिप्त होने का गंभीर आरोप लगाया। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी द्वारा पुंछ हमले पर दिए गए बयान को शर्मनाक बताते हुए उन्होंने कहा कि यह बयान एक बार फिर पाकिस्तान की करतूतों पर पर्दा डालने के समान है। साथ ही, उन्होंने फारुख अब्दुल्ला के पाकिस्तान के संदर्भ में चूड़ी पहने होने के बयान को भारत की नारी शक्ति का अपमान बताते हुए कड़ी भर्त्सना की। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि आज तक लोगों ने मात्र यह सुना होगा कि पाकिस्तान के कुछ सिरफिरे नेता या कट्टरपंथी मौलवी अमूमन यह बयान दे देते हैं कि पाकिस्तान के पास भी परमाणु बम है, मगर आज इंडी गठबंधन के वरिष्ठ नेता फारुख अब्दुल्ला भी कह रहे हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम हैं। पाकिस्तान के इक्के-दुक्के सिरफिरे नेता के बयान को इंडी गठबंधन के 'सिरमौर नेता' दोहरा रहे हैं।

डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि इंडी गठबंधन का एक दल अपने घोषणापत्र में भारत की परमाणु शक्ति को समाप्त करने की घोषणा करता शेष पेज 5 पर

---

**आज भारतीय समयानुसार सुबह 8 बजे भरेंगी उड़ान**

## भगवान श्री गणेश की प्रतिमा लेकर तीसरी बार अंतरिक्ष में जाएंगी सुनीता विलियम्स

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स तीसरी बार अंतरिक्ष की उड़ान के लिए तैयार हैं। इससे पहले उन्होंने बताया है कि वो अपने साथ भगवद्गीता की पुस्तक लेकर जा रही हैं। साथ ही उन्होंने भगवान गणेश को अपना 'लकी चार्म' बताते हुए कहा कि वो उनकी प्रतिमा अपने साथ रखती हैं। सुनीता विलियम्स ने कहा कि वो धार्मिक होने से ज्यादा आध्यात्मिक हैं। उन्हें केनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरनी है। भारतीय समयानुसार ये उड़ान आज मंगलवार को सुबह साढ़े 8 बजे शुरू होगी।

बोईंग की स्टरलाइनर नाम के एक नए एयरक्राफ्ट का इसके लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। सुनीता विलियम्स ने कहा कि वो इस कमर्शियल क्रू फ्लाइट में अपने साथ भगवान गणेश की प्रतिमा लेकर जा रही हैं क्योंकि वो उनके लिए 'गुड लक चार्म' हैं। उन्होंने कहा कि आउटर स्पेस में उनके साथ गणेश जी होंगे, इससे उन्हें ख़ुशी मिलती है। इससे पहले जब वो अंतरिक्ष में गई थीं तो उन्होंने अपने पास भगवद्गीता की पुस्तक रखी थी, जिसमें श्रीकृष्ण ने अर्जुन को शेष पेज 5 पर

सुनीता पहले लेकर गई थीं भगवद्गीता कहा- मैं आध्यात्मिक हूं



---

**पुंछ में वायुसेना के काफिले पर हुआ था हमला**

## आतंकियों का सुराग देने पर 20 लाख के इनाम का ऐलान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू के पुंछ में भारतीय वायुसेना के काफिले पर आतंकी हमला हुआ था। अब सुरक्षा बलों ने हमले को अंजाम देने वाले दो पाकिस्तानी आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं।

सुरक्षा बलों ने उनकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 20 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। शनिवार शाम को पुंछ में शाहसितार के पास आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमला कर दिया था। इसमें भारतीय वायु सेना के कॉर्पोरल विक्की पहाड़े की घात लगाकर किए गए हमले में मौत हो गई शेष पेज 5 पर

### दो पाकिस्तानी आतंकवादियों के स्केच जारी किए गए



सर्च ऑपरेशन में पैरा कमांडो को तैनात किया गया है, आतंकवादियों का पता लगाने और भागने से रोकने के लिए हेलीकॉप्टरों से हवाई निगरानी भी की जा रही है

### अबू हमजा पर सुरक्षा बलों का संदेह

हमले के पीछे लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक विदेशी नागरिक अबू हमजा के नेतृत्व वाले आतंकवादियों के एक गुट का हाथ होने का संदेह है। हमजा पर 22 अप्रैल को राजौरी में सरकारी कर्मचारी मोहम्मद रजाक की हत्या की साजिश रचने का भी आरोप है। हमजा पर पुंछ और राजौरी के जंगलों में सक्रिय होने का संदेह है। पुलिस के अनुसार सेना और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने तलाशी की निगरानी के लिए घटना स्थल का दौरा किया। एक अधिकारी ने कहा कि जर्रा वली गली इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है। चल रहे ऑपरेशन में पैरा कमांडो शेष पेज 5 पर

### कई संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया गया

जम्मू के एडीजीपी ने कहा कि 16 कोर के कोर कमांडर और एडीजी जम्मू जोन आनंद जैन ने जीओसी रोमियो फोर्स, आईजीपी सीआरपीएफ और डीआइजी आरपी रेंज के साथ इलाके का दौरा किया और चल रहे बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान की निगरानी की। कई संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया गया है।

## आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 30 गाड़ियां भेजी

# प्लास्टिक का कच्चा माल बनाने वाले कारखाने में लगी आग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




बाहरी दिल्ली में प्लास्टिक का कच्चा माल तैयार करने वाले एक कारखाने में आग गई। राहत की बात है कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ। दमकल विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी के मुताबिक, सुबह आठ बजकर 26 मिनट पर बाहरी दिल्ली के नरेला औद्योगिक क्षेत्र में दो मंजिला इमारत में आग लगने की सूचना मिली। डीएफएस अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 30 गाड़ियां भेजी गईं और दोपहर एक बजकर 20 मिनट पर आग पर काबू पा लिया। इमारत में रखे प्लास्टिक के सामान, फर्नीचर आदि आग में जलकर खाक हो गए। अधिकारियों के अनुसार संभवतः पहली मंजिल पर शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। उन्होंने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ और स्थानीय पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है।

आग का एक कथित वीडियो भी सामने आया है जिसमें इमारत में आग की लपटों के साथ धुएं का गुबार दिखाई दे रहा है। पुलिस ने बताया कि वे आग लगने के कारण का पता लगाने के लिए प्राथमिकी दर्ज करेंगे।

# सिंघू बॉर्डर - नरेला मार्ग खुला, चलने लगी सरकारी बसें



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 44 के निकट सिंघू बॉर्डर - नरेला मार्ग को खोल दिया गया है। जिसके चलते रूट संख्या 131, 136 और 193 पर सरकारी बसें चलना शुरू हो चुकी हैं। बता दें कि यह मार्ग पिछले लंबें समय से बंद था और इसके चलते होने से आजादपुर से नरेला की तरफ और इसी तरफ नरेला से आजादपुर की तरफ जाने वाली इन रूट्स की बसें यहां से आनी जानी बंद हो गई थी और प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों के साथ ही नीजि वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही थी। साथ बॉर्डर स्थित दुकानदारों, पेट्रोल पंप संचालकों को भी रोजगार संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

# एबीवीपी ने निकाली विकसित भारत यात्रा 100 फीसदी मतदान करने की अपील




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के गुरु नानक देव खालसा महाविद्यालय से लेकर कालिंदी महाविद्यालय तक विकसित भारत यात्रा निकाली। इस यात्रा में शामिल बड़ी संख्या में छात्रों ने लोगों से राष्ट्र को प्रथम रखकर शत- प्रतिशत मतदान करने की अपील की। यात्रा के दौरान उपस्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दिल्ली प्रांत की सह मंत्री कनिष्का चौधरी ने बताया कि, चुनाव लोकतंत्र का महापर्व होता है। एक युवा होने के नाते अपने अच्छे भविष्य के लिए हमें इस महापर्व म् बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और सही प्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए। इसको देखते हुए हमने लोकसभा चुनाव के मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर दिल्ली के गुरु नानक देव खालसा महाविद्यालय से लेकर कालिंदी महाविद्यालय तक विकसित भारत यात्रा निकाली तथा सभी से लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने एवं राष्ट्र हित में 100 फीसदी मतदान करने हेतु लोगों से अपील की। इस यात्रा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत संगठन मंत्री राम कुमार, प्रांत उपाध्यक्ष राम सरीक गुप्ता सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अनुसार लोकसभा चुनाव के मतदान के निमित्त पूरे दिल्ली में भिन्न भिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता दिल्ली के प्रत्येक शिक्षण संस्थानों में जाकर पर्चों का वितरण कर एवं गोष्ठियों का आयोजन कर छात्रों एवं नागरिकों को राष्ट्रहित में शत - प्रतिशत मतदान करने के लिए आग्रह कर रहे हैं।

# हत्या का आरोपी पुलिस हिरासत से हुआ फरार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



हत्या के एक मामले में गिरफ्तार एक युवक लोदी कॉलोनी थाने के शौचालय की खिड़की से कूदकर पुलिस हिरासत से फरार हो गया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात की है जब आरोपी सलमान उर्फ राजा को हत्या के जुर्म में दो दिन की पुलिस हिरासत में थाने लाया गया था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि सलमान की सुरक्षा में हेड कांस्टेबल रवि को तैनात किया गया था। उन्होंने बताया कि रवि को धक्का देने के बाद आरोपी शौचालय की खिड़की से कूदकर फरार हो गया। अधिकारी ने बताया कि सलमान को हत्या के आरोप में लोदी कॉलोनी क्षेत्र से 19 अप्रैल को पकड़ा गया था।

अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने पैसों के लेनदेन में विवाद को लेकर पीड़ित को बॉलकनी से नीचे फेंक दिया था। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि आरोपी सलमान के खिलाफ पुलिस हिरासत से भागने के जुर्म में भारतीय दंड संहिता की धारा 224 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने कहा कि सलमान को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई है और यह पता लगाने के लिए आंतरिक जांच भी शुरू की गई है कि वह किन परिस्थितियों में भागने में कामयाब रहा।

# सीजन में पहली बार 6 हजार मेगावाट के करीब पहुंची मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ आठ हजार तक पहुंचने का अनुमान

गर्मी के बढ़ने का असर सीधे बिजली की मांग पर पड़ा है। सोमवार को दिल्ली में बिजली खपत का मांग इस सीजन की सबसे ज्यादा छह हजार मेगावाट के बेहद करीब पहुंच गई। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार दोपहर साढ़े तीन बजे के आस पास बिजली की खपत का आंकड़ा बढ़कर 5959 मेगावाट दर्ज हुआ। यह इस सीजन का अब तक का सबसे ज्यादा है। वहीं एक पूर्व रविवार को बिजली की मांग 5442 मेगावाट दर्ज हुई थी। जबकि इस सीजन में आज से पहले 26 अप्रैल 2024 को बिजली की अधिकतम मांग 5447 मेगावाट दर्ज की गई थी। लगातार मांग बढ़ने पर निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल का दावा है कि मांग के अनुरूप आपूर्ति के लिए पूरी तरह तैयार है। इन कंपनियों का अनुमान है कि इस बार बिजली की अधिकतम मांग पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए 8 हजार मेगावाट का आंकड़ा दर्ज हो सकता है। कंपनियों का कहना है कि गत वर्ष लगाए गए अनुमान के तहत विभिन्न राज्यों व स्त्रोतों से पर्याप्त बिजली की व्यवस्था कर रखी है। इसलिए दिल्ली में अधिकतम मांग के बावजूद बिजली की कहीं कोई कटौती नहीं की जाएगी।

# फूटी पाइप लाइन से कई दिनों से बह रहा है पीने का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के मंडावली रेलवे फाटक ब्रिज के पास पानी की पाइप लाइन कई दिनों से टूटी पड़ी है। जिसमें पीने का पानी व्यर्थ बह रहा है। लेकिन इस सुध लेने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है। आलम यह है कि फूटी पाइप लाइन से निकल रहा पानी मंडावली फाटक रेलवे ब्रिज के नीचे भर रहा है। जिसके कारण वाहनों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पैदल यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। दरअसल मंडावली फाटक के रेलवे ब्रिज के पास गणेश नगर-निर्माण विहार मार्ग पर आईजीएल द्वारा गैस पाइप लाइन डाली जा रही है। और जिस जगह पानी की पाइप लाइन टूटी वहां भी आईजीएल ने पाइप डाले हैं। बताया जा रहा है कि आईजीएल द्वारा डाली जा रही है गैस पाइप लाइन के दौरान ही पानी की पाइप लाइन टूटी है। जिसकी पूरी जानकारी वहां तैनात आईजीएल की पूरी टीम को भी है। लेकिन इसके बाद भी पिछले चार दिनों से पानी की पाइपलाइन टूटी पड़ी है और व्यर्थ में पीने का पानी बह रहा है। इस पाइप के फूटने से मंडावली में पीने के पानी की आपूर्ति पर असर पड़ने लगा है और कम दबाव पर लोगों को पानी मिल रहा है। वहीं कुछ लोगों की शिकायत है कि पिछले कुछ दिनों से पीने का पानी गंदा आ रहा है। एक राहगीर ने कहा कि आईजीएल वालों को तुरंत ही इस पानी की पाइप लाइन को ठीक करवान चाहिए। क्योंकि एक तरफ से लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है दूसरी इस तरह से व्यर्थ में पीने का पानी बह रहा है।

# दिल्ली हवाई अड्डे से तस्करी के आरोप में दो उज्बेकिस्तान नागरिक गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ 3.16 करोड़ रुपये का सोना जब्त



सीमा शुल्क के अधिकारियों ने दिल्ली हवाई अड्डे पर उज्बेकिस्तान के दो नागरिकों को देश में 3.16 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। दुबई से दिल्ली पहुंचने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी बयान के मुताबिक, ''यात्रियों और उनके सामान की तलाशी के दौरान उनके पास से सोने की पांच छड़ें बरामद की गईं, जिनका कुल वजन पांच किलोग्राम था। उन्होंने इसे लाल रंग की थैली में छिपाकर रखा था।'' बयान के मुताबिक जब्त सोने की कीमत 3.16 करोड़ रुपये आंकी गई है और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीमा शुल्क के अधिकारियों ने एक अन्य मामले में कोरिया के एक व्यक्ति को 2.8 करोड़ रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी बैंकाक जाने की फिराक में था, लेकिन अधिकारियों ने रविवार को उसे गिरफ्तार कर विदेशी मुद्रा जब्त कर ली। एक अन्य बयान में बताया गया कि यात्री और उसके सामान की जांच करने पर उसके पास से 3,39,000 अमेरिकी डॉलर यानी 2.8 करोड़ रुपये के बराबर विदेशी मुद्रा बरामद की गयी।

# आप ने 'प्ले फॉर चेंज' प्रोग्राम के जरिए सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की साजिशन की गई गिरफ्तारी का सोमवार को कलाकारों ने एक अलग ही अंदाज में विरोध किया। आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा चलाए जा रहे 'जेल का जवाब वोट से' कैंपेन के तहत 'प्ले फॉर चेंज' प्रोग्राम में कलाकारों ने कनॉट प्लेस में ढोल-मंजीरे के साथ अपने सॉन्ग के जरिए केजरीवाल सरकार द्वारा दी जा रही अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी समेत अन्य मुफ्त सुविधाओं के बारे में जनता को जागरूक किया और संसद में भी केजरीवाल को मजबूत करने की अपील की। इस प्रोग्राम में आप के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा ईडी-सीबीआई और आईटी का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। यह देश के लोगों को पसंद नहीं आ रहा है। इसलिए अब पूरा देश भाजपा के खिलाफ खड़ा हो गया है और जेल की सियासत करने वाली भाजपा को अपने वोट से जवाब चाहता है। दिलीप पांडे ने कहा कि देश के लोग अब समझ चुके हैं कि भाजपा का केंद्र सरकार में बने रहना खतरनाक है। लोग जानते हैं कि भाजपा 2 करोड़ प्रति वर्ष नौकरियों के खिलाफ है, वो महंगाई रोकने के खिलाफ है, इस देश में भाईचारे के खिलाफ है। भाजपा बाबा साहब अंबेडकर के लिखे संविधान और इस देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। देश के लोगों ने अपना मन बना लिया है। पिछले दो चरणों के मतदान के रुझानों के बाद भाजपा की बौखलाहट साफ देखी जा सकती है। उनकी ये बेचौनी इस बात का प्रमाण है कि भाजपा के पैरों के नीचे से जमीन खिसक रही है। दिल्ली और देश के लोग जेल का जवाब अपने वोट से देने के लिए तैयार हैं।

# अनाज को भंडारण में रखने से पहले करें भंडार घर की सफाई : कृषि वैज्ञानिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अनाज को भंडारण में रखने से पहले भंडार घर की सफाई करें तथा अनाज को सुखा लें। दानों में नमी 12 प्रतिशत से ज्यादा नही होनी चाहिए। भंडार घर को अच्छे से साफ कर लें। छत या दीवारों पर यदि दरारें है तो इन्हे भरकर ठीक कर लें। बोरियों को 5 प्रतिशत नीम तेल के घोल से उपचारित करें। बोरियों को धूप में सुखाकर रखें। जिससे कीटों के अंडे तथा लार्वा तथा अन्य बीमारियाँ आदि नष्ट हो जावें। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के कृषि परामर्श सेवाओं, कृषि भौतिकी संभाग की नोड़ल अधिकारी डॉ. अनन्ता वशिष्ठ ने यह जानकारी देते हुए दिल्ली एनसीआर के किसानों को यह सलाह दी है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार मौसम को देखते हुए ग्रीष्मकाल हरी खाद के लिए सनई, ढैंचा की बुवाई कर सकते हैं। सनई की बीज दर 60-70 और ढैंचा की 50-60 कि.ग्रा. प्रति हैक्टर है। अच्छे अंकुरण के लिए खेत में पर्याप्त नमी होनी आवश्यक है। गवार, मक्का, बाजरा आदि चारा फसलों की बुवाई इस सप्ताह कर सकते हैं। बुवाई के समय खेत में पर्याप्त नमी होनी आवश्यक है। बीजों को 3-4 से.मी. गहराई पर डाले और पंक्ति से पंक्ति की दूरी 25-30 से.मी. रखें। किसान बुवाई के लिए खेतों को तैयार करें तथा बीज किसी प्रमाणित स्त्रोत से ही खरीदें।

## किसान तैयार सब्जियों की तुड़ाई सुबह या शाम को करें

तापमान को देखते हुए, किसान तैयार सब्जियों की तुड़ाई सुबह या शाम को करें तथा इसके बाद इसे छायादार स्थान में रखें। भिंडी की फसल में तुड़ाई के बाद युरिया, 5-10 कि.ग्रा. प्रति एकड़ की दर से डाले तथा माईट कीट की निरंतर निगरानी करते रहें। अधिक कीट पाये जाने पर ईथियांन /1.5-2 मि.ली./लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। बैंगन तथा टमाटर की फसल को प्ररोह एवं फल छेदक कीट से बचाव हेतु ग्रसित फलों तथा प्रोरहों को इकट्ठा कर नष्ट कर दें। यदि कीट की संख्या अधिक हो तो स्पिनोसेड़ कीटनाशी 48 ई.सी. प्रति 1 मि.ली. प्रति 4 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

■ मौसम पर आधारित कृषि सम्बंधी सलाह

# क्नॉट प्लेस में मिला लावारिस बैग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के कनॉट प्लेस इलाके में सोमवार को एक लावारिस बैग मिला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, दो दिन पहले भी इस इलाके में इसी तरह का एक और लावारिस बैग मिला था।

उन्होंने बताया कि बैग के अंदर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, लेकिन उसके मालिक का अभी तक पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली दमकल सेवा को अपराह्न एक बजे एक लावारिस बैग के बारे में सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस ने 'के' ब्लॉक के पास के इलाके को घेर लिया और बम निरोधक दस्ते को भी मौके पर बुला लिया गया। पुलिस ने बताया कि बैग में कुछ कपड़े थे और ऐसा माना जा रहा है कि किसी ने इसे फुटपाथ पर छोड़ दिया। कनॉट प्लेस के 'एन' ब्लॉक के समीप शनिवार को कपड़ों से भरा एक लावारिस बैग मिला था, जो किसी छात्र का था। पुलिस ने छात्र को वह बैग सौंप दिया था।


## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



रेखा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दर्शायी गई) जिसका नाम **रेखा पत्नी प्रमोद निवासी म. नं. 581, रिसटल्समैंट कॉलोनी, सेक्टर-26, रोहिणी, दिल्ली,** अपने घर से **दिनांक 21.02.2024** से लापता/अपहृत हो गई है। इस संदर्भ में एक एफआईआर नं./डीडी नं. **84-ए, दिनांक 28.02.2024 को थाना के.एन. काटजू मार्ग, जिला रोहिणी, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस महिला का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया हैः-

**लिंगः** महिला, **आयुः** 24 वर्ष, **कदः** 5' फीट, **रंगः** गोरा, **चेहराः** गोल, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** नामालूम रंग की जींस और शर्ट पहने हुए है।

अगर किसी को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करेंः-

**थाना प्रभारी**
**थानाः केएन काटजू मार्ग, रोहिणी, दिल्ली**
**फोन: 011-27571171**
**मो. नं.: 8750870327**

**वेबसाइट: http://cbi.nic.in**
**ई-मेल: cic@cbi.gov.in**
**टेली. न.: 011-24368638/24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**

**DP/5292/RD/2024**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **परमानन्द, पुत्र काशी प्रसाद,** निवासी गली नं. 2, कविता कॉलोनी, नांगलोई, दिल्ली एवं गांव स्वामी गोपालपुर, थाना दरौली, जिला सिवान, बिहार ने **मुकदमा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 258/2011, दिनांक 23.06.2011, धारा 380/411/414/34 भा.द.सं.** के तहत थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परमानन्द** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परमानन्द** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 258/2011, दिनांक 23.06.2011, धारा 380/411/414/34 भा.द.सं.** के तहत थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली की उक्त अभियुक्त **परमानन्द** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 10.07.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सान्या दलाल**
**मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट–01**
**कमरा नं. 102, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/5342/OD/2024


## पारदर्शिता से नहीं हो रहा है विज्ञापन विभाग में कार्य

# 27 वर्ग फुट तक होगा विज्ञापन तो नहीं आयेगा एमसीडी का नोटिस

दया राम ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के विज्ञापन विभाग द्वारा भेजे जो रहे नोटिस को लेकर दिल्ली के दुकानदार घबराए नहीं बल्कि इसकी अच्छी तरह से जानकारी लेकर अपने व्यापार को बढ़ाए। विज्ञापन विभाग द्वारा भेजे गए नोटिस में भी सभी जानकारी दी गई होती है। विज्ञापन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुमोदित ओउटडोर विज्ञापन नीति (ओएपी) 2017 नीति लागू हैं और 27 वर्ग फुट यानि 3 बाई 7 और चार बाई करीब 6 फुट तक अपनी दुकान, व्यवसाय के लिए प्रचार सामग्री का प्रदर्शन किया जा सकता है। इस निर्धारित साईज से अधिक विज्ञापन बोर्ड के पाए जाने पर विभाग नोटिस जारी करता है और निर्धारित राशि के साथ सजा का भी प्रावधान है। विज्ञापन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुमोदित और निगम के सक्षम प्राधिकारी की लिखित अनुमति के बिना दिल्ली नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्र में निर्धारित आकार से परे कोई भी विज्ञापन / स्व-साइनेज / वाणिज्यिक प्रदर्शन नहीं किया जा सकता है और यह संबंधित प्रावधानों के तहत अवैध माना जाता है। विज्ञापन विभाग के निरीक्षक के नियमित दौरे होते रहते हैं जिसके चलते यह नोटिस भेजे जाते हैं। वहीं, विज्ञापन विभाग के अधिकारी का कहना है कि जो भी शिकायत आती है, उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है।

## बड़ी कंपनियां लगा रही है एमसीडी को चूना

नाम नहीं छापने की शर्त पर विज्ञापन विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इन दिनों विज्ञापन प्रचार के मंहगे खर्चे से बचने के लिए बड़ी बड़ी नामी कंपनियां छोटे छोटे दुकानदारों को अपना विज्ञापन बोर्ड उनकी दुकानों पर लगा रही है ताकि उनका प्रचार भी हो सके और बोर्ड की रखवाली भी। इस प्रकार के विज्ञापन बोर्ड से होने वाले राजस्व नुकसान की बात की जाए तो यह प्रतिमाह करोड़ों रूपए में हैं। जमीनी स्तर पर देखा गया है कि यहां विज्ञापन विभाग में पारदर्शिता से कार्य नहीं हो रहा है। दिल्ली नगर निगम की वेबसाईट पर विज्ञापन यूनिपोल्स को लेकर जो जानकारी होती है, वह सही नहीं होती है और इसके चलते यदि जांच की जाए तो प्रतिमाह निगम को एक बड़ी राशि में राजस्व का नुकसान हो रहा है।

## निगम पार्षदों ने बैनर के साथ सदन बैठक में किया था प्रदर्शन

बता दें कि पूर्वी दिल्ली में साइन बोर्ड को लेकर दुकानदारों को भेजे नोटिस को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल निगमायुक्त से भी मिला था। साथ ही नेता विपक्ष और पूर्व महापौर राजा इकबाल व पार्षद संदीप कपूर ने दिल्ली नगर निगम अधिनियम की धारा 74 के अंतर्गत सदन की बैठक में प्रस्ताव भी लाने की बात कही है। विज्ञापन विभाग की कार्यशैली को लेकर निगम की सदन बैठक में विपक्षी दल के पार्षदों ने बैनर के साथ प्रदर्शन भी किया था।

### पीएम मोदी, सीएम योगी सहित करीब 40 नेता करेंगे प्रचार

# दिल्ली लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची सोमवार को जारी कर दी है। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई दिग्गज नेताओं का नाम है। यदि कहा जाए तो भाजपा ने दिल्ली में चुनाव प्रचार के लिए अपने दिग्गजों की फौज चुनावी मैदान में उतार दी है। स्टार प्रचारकों की इस सूची में कुल 40 नेताओं के नाम हैं। इनमें केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,



असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, और अभी हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन पकड़ने वाले अरविंद सिंह लवली को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है। बता दें कि पिछले चुनाव में सभी सातों सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज कराई थी। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस ने दिल्ली की तीन सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं जबकि आम आदमी पार्टी ने 4 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। चुनाव से पहले यहां सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी जीत के दावे किए हैं।

जानकारी के लिए बता दें कि दिल्ली में लोकसभा की सात सीटें है। इन सभी सीटों पर छठे चरण में 25 मई को वोट डाले जाएंगे। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, और दक्षिणी दिल्ली शामिल हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सातों सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों ने जीत हासिल की थी। इस बार भाजपा ने 7 में से छह सीटों पर नए चेहरों को मैदान में उतारा है। जबकि उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी को फिर से टिकट दिया है।

#### भाजपा के ये 40 स्टार प्रचारक दिल्ली में करेंगे प्रचार

भाजपा द्वारा जारी 40 स्टार प्रचारकों की सूची में पीएम नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नडडा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गड़करी, पीयूष गोयल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरदीप सिंह पुरी, स्मृति ईरानी, अर्जुन राम मेघवाल, डॉ. मोहन यादव, पुष्कर सिंह धामी, भजन लाल शर्मा, नायब सिंह सैनी, हिमंत बिस्वा सरमा, देवेन्द्र फडनवीस, प्रेम चंद बैरवा, दीया कुमारी, सम्राट चौधरी, अरूण सिंह, तरूण चुघ, दुष्यन्त कुमार गौतम, ओम प्रकाश धनखड़, डॉ. अलका गुर्जर, मनजिंदर सिंह सिरसा, अनिल बलूनी, वीरेन्द्र सचदेवा, मनोज तिवारी, हेमा मालिनी, के. अन्नामलाई, मुख्तार अब्बास नकवी, डॉ. हर्ष वर्धन, मीनाक्षी लेखी, विजय गोयल, प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, रमेश बिधूड़ी, गौतम गंभीर, विजेन्द्र गुप्ता, सतीश उपाध्याय, अरविन्दर सिंह लवली नाम हैं।

## कन्हैया ने पूर्वी दिल्ली सीट से भरा पर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



इंडिया गठबंधन व कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने सोमवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से नामांकन दर्ज किया। नामांकन के समय कन्हैया के साथ दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, सुभाष चोपड़ा,आप नेता गोपाल राय और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेंद्र नाथ भी मौजूद रहे। इस मौके पर कन्हैया ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन के सभी उम्मीदवारों की जीत तय हो चुकी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सहित पूरे देश में लोग भाजपा से परेशान हो चुके है। ऐसे में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत तय हो गई है। नामांकन के बाद निकाली रैली में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित अन्य नेताओं ने कन्हैया के साथ लोगों से वोट मांगे। इस दौरान कन्हैया ने हाथों में संविधान के प्रस्तावना की कॉपी भी पकड़ रखी थी। रैली की जिम्मेदारी एनएसयूआई और जेएनयू के छात्रों ने संभाली, जबकि कांग्रेस और आप के नेता भी साथ रहे। जानकारी अनुसार कन्हैया ने नामांकन पूर्व हवन किया और सर्वधर्म प्रार्थना में भाग लिया। वहीं आप नेता व मंत्री गोपाल राय ने इस अवसर पर कहा कि पिछले दो बार से मनोज तिवारी इस सीट से जीत रहे हैं। क्योंकि यहां पहले आप और कांग्रेस पार्टी दोनों अलग-अलग चुनाव लड़ते रहे थे। लेकिन इस बार दोनों पार्टियां मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। ऐसे में दोनों पार्टियों के बिखराव का फायदा उन्हें इस बार नहीं मिलेगा, और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार कन्हैया जीत दर्ज करेगे। बता दें कि अपना दूसरा लोकसभा चुनाव लड़ रहे कन्हैया ने 2019 में बिहार के बेगूसराय से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। लेकिन केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी नेता गिरिराज सिंह से हार गए। बाद में वह 2021 में कांग्रेस में शामिल हो गए। राजधानी में 7 लोकसभा सीटों के लिए 25 मई 2024 को मतदान होगा। जबकि वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

## चुनाव आयोग ने बिना बदलाव के 'आप' के कैंपेन सॉन्ग को दी मंजूरी : पांडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



चुनाव आयोग ने बिना किसी बदलाव के आम आदमी पार्टी (आप) के कैंपेन सॉन्ग 'जेल का जवाब वोट से' को अधिकारिक मंजूरी दे दी है। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में यह जानकारी साझा करते हुए आप के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने कहा कि हम भाजपा के दबाव में नहीं झुके। इसका परिणाम यह हुआ कि चुनाव आयोग को हमारे कैंपेन सॉन्ग को अनुमति देनी पड़ी। हमने आयोग की किसी भी आपत्ति को स्वीकार नहीं किया, बल्कि उसकी आपत्ति पर ही सवाल उठाया। 27 अप्रैल को चुनाव आयोग ने आप के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगा दी थी।

दिलीप पांडे ने बताया कि चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर आपत्ति जताई है कि उसमें जिस जेल का जवाब वोट से देने की बात कही जा रही है, वो ठीक नहीं है। जबकि हम गाने में कह रहे हैं कि विपक्षी दलों के नेताओं को जेल भेजने की राजनीति का हम अपनी वोट की ताकत से जवाब देंगे। आयोग चोट को केवल हिंसा से जोड़कर देख पा रहा है। जबकि चोट दिल, दिमाग, अहंकार, कुशासन और गुंडागर्दी पर भी लगती है। दिलीप पांडे ने कहा कि कैंपेन सॉन्ग में इस तरह से पक्तियों का इस्तेमाल काफी पुराना है। हमारे राजनीतिक पूर्वजों ने इतिहास में इससे भी ज्यादा तीखे स्लोगन का इस्तेमाल किया है।

हमने 30 अप्रैल को चुनाव आयोग की चिट्ठी का खंडन करते हुए हर प्वॉइंट का जवाब दिया। हमने चुनाव आयोग की हर टिप्पणी पर अपनी आपत्ति जताई। हमने चुनाव आयोग की किसी भी आपत्ति और सुझाव को नहीं स्वीकार किया। हमने अपने चुनावी कैंपेन सॉन्ग के किसी भी शब्द में बदलाव नहीं किया है। कैंपेन सॉन्ग के सवाल पर दिलीप पांडे ने बताया कि 2 मई को चुनाव आयोग की तरफ से हमारे कैंपेन सॉन्ग के अप्रूवल लेटर के आने के बाद से हमने इसे आधिकारिक तौर पर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है।

### आप के अभियान गीत के वीडियो पर जारी है प्रतिबंध : भाजपा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी एवं झूठ का चोली दामन का साथ है और यह सोमवार को फिर प्रमाणित हुआ है। दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने सोमवार को आप पर निशाना साधते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह शर्मनाक है कि आम आदमी पार्टी झूठा प्रचार कर रही है कि चुनाव आयोग ने प्रतिबंध हटा दिया है जबकि उनके अभियान गीत के वीडियो पर प्रतिबंध जारी है। अगर आप नेताओं में नैतिकता है तो सच बोलें कि गीत के वीडियो पर प्रतिबंध जारी है। भाजपा प्रवक्ता कपूर ने कहा कि गत सप्ताह आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के मुख्य चुनाव कार्यालय अधिकारी से अनुमति लिए बिना चुनावी अभियान गीत वीडियो के साथ जारी किया था तो तब दिल्ली के चुनाव अधिकारी कार्यालय ने गीत के वीडियो को आपत्तिजनक पाते हुए उस पर प्रतिबंध लगा कर उसके वीडियो में संशोधन का निर्देश दिया था। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के चुनाव अधिकारी कार्यालय के प्रतिबंध आदेश को भारतीय चुनाव आयोग के समक्ष अपील की, जहां से केवल उसके गीत को स्वीकृति दी गई है, जबकि वीडियो पर उचित संशोधन तक प्रतिबंध रहेगा।

## चुनाव से तीन हफ्ते पहले ही बिखर गया है इंडिया गठबंधन : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इंडिया गठबंधन दिल्ली में चुनाव से तीन हफ्ते पहले ही बिखर गया है। दिल्ली में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के चार प्रत्याशी तो फिर भी कम से कम पारम्परिक नामांकन यात्रा निकाल कर नामांकन दाखिल कर पाये पर कांग्रेस के तीनों प्रत्याशी तो नामांकन भी ढ़ग से नहीं कर पाये। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों पर निशाना साधते हुए उक्त आरोप लगाए। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली में कांग्रेस का संगठन लगभग खत्म हो चुका है जिसके चलते शनिवार को चांदनी चौक से कांग्रेस टिकट पर दसवां चुनाव लड़ रहे पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल को बिना किसी नामांकन यात्रा निकाले, बिना चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र में जाये कुछ चंद लोगों के साथ नामांकन करना पड़ा तो वहीं उत्तर पश्चिम दिल्ली से प्रत्याशी उदित राज के साथ भी कार्यकर्ता नहीं दिखे। सचदेवा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी तो छोड़िए कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भी अब कन्हैया कुमार से दूरी बना ली है। उन्होंने



कहा है कि जैसे जैसे चुनाव प्रचार आगे बढ़ेगा उत्तर पूर्वी दिल्ली का हर परिवार इंडिया गठबंधन से सवाल पूछेगा कि उन्होंने टुकड़े टुकड़े गैंग के प्रतीक कन्हैया कुमार को टिकट क्यों दिया ?

सोमवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार जिनकी बड़ी पहचान जेएनयू के टुकड़े टुकड़े गैंग नेता के रूप में है, उनका चुनाव नामांकन तो बेहद चौकाने वाला रहा। कन्हैया कुमार को शायद स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं का साथ नहीं मिलना पहले से मालूम था और इसीलिए 11 बजे की नामांकन यात्रा घोषित करने के बावजूद उन्होंने 10.15 ही आम आदमी पार्टी नेता गोपाल राय के साथ जा कर नामांकन भर दिया।

#### 'कांग्रेस अध्यक्ष यादव नामांकन भरवाने नहीं गए अंदर'

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव चुनाव कार्यालय के बाहर 2 मिनट कन्हैया कुमार से मिले पर नामांकन भरवाने अंदर नहीं गये ना ही उत्तर पूर्वी दिल्ली का कोई कांग्रेस नेता उनके साथ गया। 2020 में दंगों का दंश झेल चुके उत्तर पूर्वी दिल्ली के लोगों ने नामांकन में ही नकार दिया है। कन्हैया कुमार का नामांकन के बाद जो जुलूस निकला उसमें केवल 200-250 मुस्लिम युवाओं एवं 200-250 जेएनयू के लाल सलाम युवक सम्मिलित हुए। कन्हैया कुमार के जुलूस महिलाओं की उपस्थिति नगण्य रही।

### दिल्ली में युवा मतदाता पंजीकरण में हुई है उल्लेखनीय वृद्धि : सीईओ

**नई दिल्ली।** चुनाव को लेकर दिल्ली में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) गतिविधियां बड़े पैमाने पर आयोजित की जा रही हैं, जिसमें विभिन्न जिलों में नुक्कड़ नाटक, ड्राइंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता और मतदाता जागरूकता रैलियां जैसी विविध पहल शामिल हैं। इन गतिविधियों ने न केवल जागरूकता को बढ़ावा दिया है बल्कि युवा मतदाताओं में जिम्मेदारी और भागीदारी की भावना भी पैदा की है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी. कृष्णमूर्ति ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों के ठोस प्रयासों से पूरी दिल्ली में युवा मतदाता पंजीकरण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 22 जनवरी, 2024 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में दिल्ली में पहली बार मतदाताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

## भाजपा प्रत्याशी की जनसभा में शामिल हुए सीएम धामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ भाजपा एक भारत, श्रेष्ठ भारत की सोच पर करती है कार्य : सहरावत

पश्चिमी दिल्ली के ख्याला में आयोजित भाजपा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत की जनसभा में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहे। जनता को संबोधित करते हुए सीएम धामी ने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता ने समाज के हर वर्ग के विकास को देखा है। धामी ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार की नाकामियों को गिनाते हुए बताया कि केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में लागू नहीं होने दी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संकल्प लिया है कि अब वह 70 वर्ष की आयु से अधिक बुजुर्गों को भी प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करवाने का प्रावधान लाएगी। साथ ही धामी ने कहा कि यूसीसी भाजपा की प्राथमिकताओं में से एक है। जिस बदलाव की शुरुआत उत्तराखंड से हुई, उसका भागी आने वाले समय में दिल्ली समेत पूरा देश होगा। वहीं, प्रत्याशी सहरावत ने कहा कि भाजपा एक भारत, श्रेष्ठ भारत की सोच पर काम करती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर झुग्गियों में रहने वाले हजारों गरीबों को जहां झुग्गी, वहीं मकान के तहत पक्का मकान देने का काम किया और साथ ही अनधिकृत कॉलोनियों को मालिकाना हक देने का काम मोदी सरकार ने किया है।

## पांच साल उदित राज बनाम पांच साल हंसराज के मुददे पर उत्तर पशिचम सीट पर लड़ेंगे चुनाव : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में पार्टी के घोषणा पत्र के अलावा अब कांग्रेस उम्मीदवार अपने क्षेत्र के लिए अलग से घोषणा पत्र जारी कर रहे है। सोमवार को प्रेसवार्ता के दौरान उत्तर पश्चिम दिल्ली आरक्षित लोकसभा सीट से दिल्ली कांग्रेस के उम्मीदवार उदित राज ने अपने घोषणा पत्र में कहा कि 5 साल उदित राज बनाम 5 साल हंसराज के मुददे पर चुनाव लड़ेंगे। प्रेसवार्ता के दौरान कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज व उम्मीदवार उदित राज व अन्य मौजूद थे। उदित राज ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस सीट के लिए घोषणा पत्र में कई अहम बिंदुओं को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि 3 रेलवे ओवर ब्रिज - घेवरा, किराड़ी और नरेला में 2018 में मंजूर कराया था, लेकिन काम शुरु नही हो पाया, उसको कराऐंगे। नांगलोई को जोड़ने वाले अंडरब्रिज को पूरा कराऐंगे, पीरागढ़ी चौक पर अंडर पास को मंजूर कराऐंगे। उन्होंने कहा कि मेट्रो प्रोजेक्ट नरेला तक मंजूर कराया था प्रगति अभी तक नहीं हो पायी, उसे पूरा कराया जायेगा। मेट्रो रेल परियोजना को रिठाला लाईन को नरेला से जोड़ा जाएगा और मुंडका से बवाना तक जोड़ेगें, हैदरपुर बादली मोड़ मेट्रो स्टेशन की सीढ़ियों को आउटर रिंग रोड से कनेक्ट कराएगें।

# सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी में दवाइयों का टोटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के अस्पतालों में ओपीडी के मरीजों को तो छोड़िये अब तो इमरजेंसी के मरीजों को भी दवाएं पूरी नहीं मिल रही हैं। ताजा मामला पूर्वी दिल्ली के खिलचीपुर स्थित दिल्ली सरकार के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल का है। जहां एक बच्चा इमरजेंसी में इलाज कराने आया। जिसे मात्र दो दवाएं ही लिखी गईं। हैरत की बात यह है कि इन दवाओं में बच्चे को सिर्फ एक दवा



ही अस्पताल में मिली। दूसरी दवा के लिए इमरजेंसी के फार्मासिस्ट ने कहा कि इसे बाहर से खरीद लेना, मेरे पास नहीं है।

■ इमरजेंसी में दिखाने गए बच्चे को डॉक्टरों ने लिखी दो दवाएं, लेकिन उसे मिली सिर्फ एक

गौरतलब है कि 4 मई की रात पूर्वी दिल्ली के मंडावली निवासी 6 वर्षीय एक बालक के एक हाथ की अंगुलियां पंखे से कट गई थीं। जिसके बाद उसके अभिभावक आनन-फानन में उसे पास के दिल्ली सरकार के लाल बहादुर अस्पताल की इमरजेंसी में ले गए। जहां उन्होंने इमरजेंसी का पर्चा बनवाया और डॉक्टरों को दिखाया। इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टरों ने बच्चे को देखा और कहा कि अस्पताल के कमरा नंबर 14 में दिखा दो। वहां डॉक्टरों ने पहले बच्चे की ड्रेसिंग करवाई और बाद में दो दवाएं लिख दी कि इन्हें पिला देना बच्चा जल्द ठीक हो जाएगा। जब बच्चे के अभिभावक इमरजेंसी के दवाखाने में पहुंचे तो वहां तैनात फार्मासिस्ट ने कहा कि इन दो दवाओं में मेरे पास एक दवा ही है। दूसरी दवाई आप बाहर से खरीद लेना। अभिभावक ने जब पूछा कि जो अस्पताल में दवा मिली है वह किसके लिए है। तो उसने कहा कि यह दर्द की दवा है और जख्म सूखने दवा दूसरी है जो बाहर से खरीदनी है। अभिभावक इतनी बात सुनकर अपने बच्चे को लेकर घर आ गए। और सुबह दूसरी दवा प्राइवेट में खरीदी जो 120 रुपए की मिली। अस्पतालों में दवाओं की कमी इस कदर बढ़ गई है कि इमरजेंसी की दवाइयों को स्टॉक भी पूरा नहीं हो पा रहा है।

### 1962 में बने डीयू एसओएल ने मनाया 62वां स्थापना दिवस

# शिक्षा के माध्यम से खुलते हैं प्रगति के द्वार : जगदीप धनखड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली






शिक्षा उस ताले की कुंजी है जिसके माध्यम से प्रगति के द्वार खुलते हैं। शिक्षा समाज में सबसे बड़े बदलाव का केंद्र है। शिक्षा आप को ज्ञान की पहुंच देती है। शिक्षा प्राप्ति में मुक्त शिक्षा अद्वितीय है। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत भी है। 'विकसित भारत के निर्माण में मुक्त शिक्षा का योगदान' थीम के साथ आयोजित दिल्ली विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं सतत शिक्षा विभाग, मुक्त शिक्षण विद्यालय (एसओएल), के 62वें स्थापना दिवस समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जगदीप धनखड़ ने बतौर मुख्य अतिथि उक्त संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारत शिक्षा और ज्ञान का गुरु रहा है। तब दुनिया हमारी ओर देखती थी। पाँचवीं से 13वीं शताब्दी तक हमारी पहचान शिक्षा और ज्ञान के प्रमुख केंद्र की थी। 13वीं शताब्दी के बाद परिवर्तन क्यों आया और आज भारत क्यों करवट ले रहा है, इसे समझने की जरूरत है। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि दिल्ली में 60 प्रतिशत चार्टेड अकाउंटेंट (सीए) एसओएल के विद्यार्थी हैं। बहुत से वकील, सिविल सर्वेंट, शिक्षक और राजनेता भी एसओएल के विद्यार्थी रहे हैं। बता दें कि 1962 में स्थापित हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं सतत शिक्षा विभाग, मुक्त शिक्षण विद्यालय (एसओएल), मुक्त शिक्षण परिसर ने अपना 62वां स्थापना दिवस विश्वविद्यालय के कन्वेंशन हाल में सोमवार को मनाया।

#### तीव्र गति से चल रहा है आज का भारत : उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सदियों बाद आज का भारत तीव्र गति से चल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि कोई शंका नहीं है कि हम 2047 में विकसित भारत देखेंगे। उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर कहा कि यह बहुत बड़ा यज्ञ है। इसमें हर कोई आहुति दे रहा है। एसओएल भी इसे एक नया आयाम दे रहा है। यह उन्हें शिक्षा देकर इसमें भागीदार बना रहा है, जो किसी कारण से चाह कर भी इसमें भागीदार नहीं हो पा रहे थे। एसओएल ने उन्हें रोशनी दिखाई है और अब वो देश और दुनिया को रोशनी दिखा रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सबसे बड़ा दान और सबसे बड़ा अधिकार शिक्षा है। विकसित राष्ट्र के लिए शिक्षा ही एकमात्र माध्यम है।

#### 'एसओएल में करीब चार लाख विद्यार्थी कर रहे हैं 17 से अधिक कोर्सों में शिक्षा ग्रहण'

इस अवसर पर डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि 1962 में एसओएल 900 विद्यार्थियों एवं मानविकी और कॉमर्स जैसे दो विषयों के साथ शुरू किया गया था। आज 2024 में एसओएल में करीब 4 लाख विद्यार्थी 17 से अधिक कोर्सों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब एसओएल में अकेले बीए प्रोग्राम में ही एक लाख 80 हजार विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कुलपति योगेश सिंह ने बताया कि एसओएल का पाठ्यक्रम और परीक्षा का पैटर्न नियमित वाला ही है, केवल शिक्षण का तरीका अलग है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सबसे शक्तिशाली उपकरण शिक्षा है। सब तक शिक्षा पहुंचे, इसके लिए मुक्त शिक्षा का बहुत अधिक महत्व है। एसओएल इसे बखूबी निभा रहा है। कुलपति ने कहा कि मुक्त और दूरस्थ शिक्षा की सीमाएं एनसीआर तक सीमित हैं, जबकि अब ऑनलाइन शिक्षा के द्वारा हम सम्पूर्ण ग्लोब में पहुँच बना सकते हैं।

## कांग्रेस ने दिल्ली पुलिस आयुक्त से की फर्जी खबरें फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव की अगुवाई में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से मुलाकात की और सोशल मीडिया पर कांग्रेस के बारे में भ्रमित प्रचार पर कार्रवाई की मांग की। इस बारे में प्रदेश अध्यक्ष यादव ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस आयुक्त से मिलकर उनको एक ज्ञापन सौंपा है। हमने आयुक्त को अवगत कराया कि 4 मई 2024 को दिल्ली कांग्रेस ने अपने वकीलों के साथ थाना तुगलक रोड़ में भाजपा और उनसे जुड़े अन्य प्रतिनिधियों और व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने गए थे। जिसमें लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान जनता को गुमराह करने, उन्हें भड़काने और लोगों के बीच आपसी दुश्मनी पैदा करने वाली फर्जी और मनगढ़ंत खबरें फैलाने जैसे मामले शामिल है। ऐसी दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों पर रोक लगनी चाहिए और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही हो। यादव ने कहा कि एक तरफ तो पुलिस भाजपा को सपोर्ट करते हुए स्वयं संज्ञान लेती है, दूसरी तरफ यदि कांग्रेस और विपक्षी दल किसी अति संवेदनशील विषय पर शिकायत दर्ज कराने जाती है तो उनको लंबा इंतजार तक कराया जाता है। उन्होंने कहा कि ये सभी दुर्भावनापूर्ण वीडियो सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हैं और भाजपा के प्रतिनिधियों द्वारा अपलोड और साझा किए जा रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में यादव के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा, सोशल मीडिया चेयरमैन सुश्री सुप्रिया श्रीनेत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चौपड़ा, अनिल चौधरी, एआईसीसी सचिव अभिषेक दत, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज व अन्य शामिल थे।

**खबर संक्षेप**

## आखिरी दिन 9 ने दाखिल किए नामांकन पत्र



**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने के आखिरी दिन भाजपा के कृष्ण पाल, निर्दलीय अतुल, पीपल्स पार्टी आफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) की बृजबाला, किसान मजदूर संघर्ष पार्टी के शिव नारायण, जन शक्ति दल के स्वतंत्र सिंह, निर्दलीय नीरज, अखिल भारतीय किसान मजदूर पार्टी के रणधीर सिंह, लोकतांत्रिक जन शक्ति पार्टी के शकीला हुसैन व आरक्षण विरोधी पार्टी के सुमित कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

## शक्ति फाउंडेशन के सदस्यों ने किया जागरूक



**फरीदाबाद।** मतदान करने के लिए जागरूक करने का शक्ति फाउण्डेशन के सदस्यों ने अभियान चलाया। जिसके तहत सुप्रीम के कर्मचारियों को मतदान के लिए जागरूक किया और समझाते हुए कहा कि भारत में लोकसभा चुनाव हो रही है, जिसके तहत फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए आगामी 25 मई को चुनाव होंगे। केन्द्रीय चुनाव आयोग द्वारा इस दिन अवकाश घोषित किया हुआ है। जिसके चलते आप सभी लोग अपने सुबह जल्द से जल्द अपने नजदीकी मतदान केन्द्र पर पहुंचे और राष्ट्रहित में मतदान करें।

## देशी कट्टे सहित आरोपी को पुलिस ने किया काबू



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-17 प्रभारी कर्मबीर की टीम ने देशी कट्टे सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी विक्की को अपराध शाखा ने सेक्टर-12 से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देशी कट्टा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सेन्ट्रल में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देशी कट्टे को पलवल में किसी व्यक्ति से 4700 रुपए में खरीद कर लाया था।

## देशी कट्टा व जिंदा रोंद सहित आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर प्रभारी की टीम ने देशी कट्टे सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोमनाथ को अपराध शाखा ने एनआईटी गोल चक्कर से चोरी की बाइक सहित काबू किया है। तलाशी लेने पर आरोपी से देशी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद हुआ है। उसके खिलाफ थाना एनआईटी में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देशी कट्टे को दिल्ली सदर बजार में से किसी व्यक्ति से 2600 रुपए में हवाबाजी के लिए खरीद कर लाया था।

## बिना अनुमति चुनाव में नहीं दौड़ेगी कोई गाड़ी

# चुनाव प्रचार के लिए सुबह 6 से रात 10 तक ही राजनीतिक दल कर सकेंगे लाउडस्पीकर का प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

**जिलाधीश विक्रम सिंह ने दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 इस प्रकार आदेश देते हुए कहा कि किसी भी उम्मीदवार को बिना परमिट के प्रचार के लिए किसी भी वाहन का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

जिलाधीश विक्रम सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार शक्तियों का प्रयोग करते हुए कहा कि फरीदाबाद लोकसभा आम चुनाव-2024 के सुचारू और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए इस तरह के कदाचार पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 इस प्रकार आदेश देते हुए कहा कि किसी भी उम्मीदवार को बिना परमिट के प्रचार के लिए किसी भी वाहन का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि परमिट संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति के बिना चुनाव प्रचार के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं कर सकता है, जिसे पंजाब उपकरण (शोर पर नियंत्रण) अधिनियम, 1956 की धारा 4 के तहत अनुमति जारी करने के लिए अधिकृत किया गया है। केवल सुबह 6 बजे से रात 10 बजे के बीच ही इस्तेमाल किया जा सकता है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार किसी उम्मीदवार द्वारा किए जाने वाले खर्च की ऊपरी सीमा से बचने के लिए अपने स्वयं के प्रचार के लिए



स्वतंत्र उम्मीदवार या डमी उम्मीदवार के वाहनों का उपयोग नहीं करेगा। ऐसे मामलों में, स्वतंत्र उम्मीदवार या डमी उम्मीदवार से संबंधित कोई भी वाहन, जिसका विवरण स्वतंत्र उम्मीदवार द्वारा प्रदान किया गया है, को भी जब्त कर लिया जाएगा। यदि यह पाया जाता है कि इसका उपयोग अन्य उम्मीदवारों द्वारा किया गया है और दोनों उम्मीदवारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि उम्मीदवारों को निर्देश दिया जाता है कि वे चुनाव प्रचार के लिए उनके द्वारा उपयोग किए जा रहे वाहनों का विवरण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को तुरंत प्रस्तुत करें। वहीं संबंधित रिटर्निंग अधिकारी वाहनों की सूची पर्यवेक्षकों, जिला चुनाव अधिकारी के साथ-साथ पुलिस आयुक्त को भी प्रदान करेगा। जिलाधीश ने कहा कि यदि किसी उम्मीदवार द्वारा बिना सूचना दिये कोई निजी वाहन प्रयोग किया जाता पाया गया तो यह वैधानिक होगा। ऐसे वाहनों का प्रयोग करने वाले प्रत्याशी के साथ-साथ वाहन मालिक के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक लागू रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर चुनाव के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं आईपीसी की धारा 188 और अन्य प्रावधानों के तहत बकाएदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस प्रत्याशी के गढ़ में भाजपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत

# सैनिक कॉलोनी फरीदाबाद का भाजपा ने खोया स्वरूप लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

**भाजपा सरकार ने इस कॉलोनी का कायाकल्प किया। यहां सीमेंटेड सड़कों का जाल बिछाया, वहीं बरसाती पानी की निकासी के उचित व्यवस्था की। इसके अलावा पीने के पानी की पर्याप्त आपूर्ति सहित अन्य सुविधाएं मुहैया करवाकर इसे शहर की मुख्यधारा से जोड़ा गया।**

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि भाजपा के दस वर्षों के शासनकाल के दौरान सैनिक कॉलोनी को उसका खोया हुआ स्वरूप लौटाने का काम किया।

पूर्व में कांग्रेस सरकार के दौरान इस कॉलोनी की हालत बद से बदतर थी, टूटी सड़कें, बदहाल सीवरेज, पीने के पानी की कमी सहित अन्य समस्याओं से ग्रस्त लोग यहां से पलायन करने लगे थे, लेकिन जब से केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार आई, उसके बाद इस कॉलोनी की कायाकल्प हो गई और जहां सीमेंटेड सड़कों का जाल बिछाया गया वहीं बरसाती पानी की निकासी के उचित व्यवस्था की गई। इसके अलावा पीने के पानी की पर्याप्त आपूर्ति सहित अन्य सुविधाएं मुहैया करवाकर इसे शहर की मुख्यधारा से जोड़ा गया। श्री गुर्जर दी एक्स सैनिक सोसाइटी के निवृतमान प्रधान राकेश धुन्ना द्वारा सैनिक कालोनी में आयोजित स्वागत समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से बडखल की विधायक और प्रदेश की शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा, एनआईटी क्षेत्र के भाजपा नेता धर्मबीर भड़ाना मौजूद थे।

**खास बातें**

- बरसाती पानी की निकासी के लिए उचित व्यवस्था की
- पेयजल आपूर्ति सहित अन्य सुविधाएं मुहैया करवाकर मुख्यधारा से जोड़ा



### कांग्रेस ही है सही मायनों में हर समुदाय के हितों की पार्टी



हरियाणा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने कहा है कि कांग्रेस ही सही मायनों में हर वर्ग के हितों की पार्टी है जबकि भाजपा ने गरीबों के हकों पर कुठाराघात किया है। भाजपा ने फरीदाबाद को विकास के मामले में पीछे धकेल दिया है, जो फरीदाबाद कांग्रेस राज में विश्व के मानचित्र पर औद्योगिक रूप से चमकता था, आज यहां से उद्योग पलायन हो रहे है, बेरोजगारी बढ़ रही है, लेकिन भाजपाई कागजों में विकास की बात करके लोगों को गुमराह कर रहे है, लेकिन अब जनता भाजपाइयों के झूठे प्रलोभनों में कतई आने वाली नहीं है। उदयभान सेक्टर-19 स्थित अग्रसेन भवन में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन सिंगला के संयोजन में आयोजित फरीदाबाद विधानसभा 89 के कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान लखन सिंगला के संयोजन में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान और कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप का बड़ी माला व सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया। सम्मेलन में उमड़ी भीड़ ने एक स्वर में महेंद्र प्रताप को भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व पार्षद ओमवती कंवर के पति निहाल पहलवान व समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष महावीर बिश्नोई ने अपने समर्थकों सहित कांग्रेस का दामन थामा।

# राव इंद्रजीत जो वादा करते हैं वो निभाते हैं : आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्या आरती राव ने कहा कि उनके पिता एवं गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र से उम्मीवार राव इंद्रजीत सिंह अपनी बात के धनी हैं। जो कहते हैं वह करते हैं, फिर चाहे अपनी बात मनवाने के लिए उन्हें किसी हद तक जाना पड़े। उनकी बेबाकी व काम की जिद का प्रमाण स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एम्स के शिलान्यास अवसर पर दे चुके है। शिलान्यास के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि राव जो कहते हैं उसे कराकर ही दम लेते हैं। जनता के प्यार व विश्वास के कारण ही राव इंद्रजीत सिंह पिछले 45 सालों से राजनीति कर रहे हैं। आरती सोमवार को लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चुनावी सभा में बोल रही थी। ग्रामीणों ने उनका बैंड बाजों व फूल मालाओं से स्वागत करते हुए इस बार भी भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताकर लोकसभा भेजने का वादा किया। आरती राव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री का काम बड़ा होता है। राव के पास केंद्र में योजना विभाग रहा है, मतलब देश के विकास की जो योजनाएं बनती है, वह उनके विभाग के जरिये ही निकलती है। राव को दक्षिणी हरियाणा ने अपने दिल में बिठाया हुआ है, और वह इसलिए कि उन्होंने हमेशा लोगों द्वारा दिए गए सम्मान व ताकत का इस्तेमाल उनकी भलाई के लिए किया है।

## बढ़ती गर्मी में जल आपूर्ति को लेकर नगर निगम सक्रिय

# नगर आयुक्त ने नलकूपों की मौके पर पहुंच कर जांच करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भीषण गर्मी में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम एक्टिव मोड में आ गया है। वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि वे खुद मौके पर जाकर नलकूपों का निरीक्षण करें और व्यवस्था को पुख्ता करें। किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जोंनवार प्रतिदिन निरीक्षण करने के लिए भी कहा गया है।

नगर आयुक्त ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए जल आपूर्ति और अधिक सुदृढ़ की जा रही है, नलकूप तथा हैंडपंप यदि किसी परेशानी से नहीं चल रहे हैं तो



उनके कनेक्शन करना तथा उनका नियमित मरम्मत करके चालू रखना तेजी से कराया जा रहा है। शहर में लगभग 300 से अधिक 30 एचपी के नलकूप है, 1050 से अधिक छोटे नलकूप है, लगभग 7000 हैंडपंप भी क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए लगे हुए हैं, आवश्यकता पड़ने पर 64 टैंकरों से क्षेत्र में जलापूर्ति कराई जा रही है, अधिकारियों को रोस्टर में नियमित क्षेत्र में बने रहने के लिए कहा गया है।

जलकल विभाग की टीम ने तेजी से आवश्यकता पड़ने पर नलकूपों हैंडपंप की मरम्मत का कार्य भी कराया जा रहा है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए पानी के टैंकरों को आवश्यकता अनुसार क्षेत्र में भेजा जा रहा है। गाजियाबाद नगर निगम का सहयोग करते हुए कई सामाजिक संस्थाओं ने आवश्यकता को देखते हुए अस्थाई रूप से प्याऊ भी लगाए गए हैं। जलकल विभाग संबंधित समस्या के लिए मोहन नगर तथा वसुंधरा तथा कवि नगर व विजयनगर में संपर्क करने के लिए हेल्पलाइन जारी किया है।

## दहेज का मुकदमा बल्लबगढ़ थाना में दर्ज

# 2016 से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

थाना सूरजकुंड प्रबंधक की टीम ने वर्ष 2005 के दहेज के मुकदमे में भगोड़ा घोषित हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

असलम गांव घसेड़ा नंहू की रहने वाली है। महिला आरोपी को थाना पुलिस टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी को बल्लबगढ़ बस स्टेण्ड से दहेज के मुकदमें में काबू किया गया है। आरोपी को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2004 दहेज का मुकदमा थाना शहर बल्लबगढ़ में दर्ज किया गया था। आरोपी को मुकदमें में गिरफ्तार किया गया था। आरोपी माननीय अदालत से जमानत पर आने के बाद अदालत से गैर हाजिर चल रहा था।



आरोपी के खिलाफ वर्ष 2016 में पीओ की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जो आरोपी के साथ अन्य दो आरोपियों के नाम भी शामिल है अन्य दोनों आरोपियों की मृत्यु हो चुकी है। आरोपी को पुलिस चौकी के द्वारा गिरफ्तार कर थाना शहर बल्लबगढ़ की पुलिस टीम के हवाले किया गया है।

## साइबर क्राइम, किया गिरफ्तार

# महिला सहित 11 आरोपियों ने की 14. 60 करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर क्राइम पुलिस की टीमों द्वारा गिरफ्तार किए गए एक महिला सहित 11 आरोपियों ने देश भर में 14. 60 करोड़ रुपए की साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी ओएलएक्स पर ऑनलाइन सामान खरीदने के नाम पर तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के माध्यम से पैसों की धोखाधडी कर ठगी करते थे। पुलिस ने आरोपियों से 4 लाख 20 हजार रुपए, 4 मोबाइल फोन व दो सिम कार्ड बरामद किए हैं। एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान ने बताया कि साइबर ठगी करने के मामले में




साइबर क्राइम ईस्ट के जांच अधिकारी सुभाष की टीम ने आरोपी दीपक कुमार, नवीन कुमार, धनवंत यादव, भारत केशवानी, पारस राजभर, मनीष कुशवाह व दीपक कुशवाह को गिरफ्तार किया था। जबकि साइबर क्राइम थाना मानेसर के जांच अधिकारी मनीष ने नदीम को गुरुग्राम में गिरफ्तार किया।

## हेल्प लाइन नंबर पर की जा सकती है शिकायत

# सावधान रहें बाल विवाह किया तो खैर नहीं, हो सकती है जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

आने वाली 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर यदि किसी ने बाल विवाह करने या कराने की कोशिश की तो उसे जेल की हवा खानी पड़ सकती है। इसको लेकर दिल्ली से जुड़े गाजियाबाद का जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। उसकी नजर हर विवाह कार्यक्रम पर रहेगी कि कहीं बाल विवाह तो नहीं हो रहा। इस कुरुति पर रोक के लिए अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह ने बाकायदा निर्देश जारी किए है। साथ ही उन्होंने एक हेल्प नंबर भी जारी किया है। भले ही हमारा समाज लाख तरक्की करने का दावा करता हो, लेकिन बाल विवाह जैसी कुप्रथा हमारे समाज मे विधमान है।




इसे खत्म करने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय है। अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह ने सोमवार को बताया कि अक्षय तृतीया के पर्व के अवसर पर बाल विवाह होने की सम्भावना प्रायः देखी जाती रही है। इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा बाल विवाह के रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। जिसके क्रम में जिला स्तरीय अधिकारियों, पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग, चाइल्ड लाइन, इत्यादि को निर्देशित किया गया है कि अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले सम्भावित बाल विवाहो को रोकने की प्रभावी कार्यवाही की जाए।

जिसके लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला बाल संरक्षण इकाई गाजियाबाद, चाइल्ड लाइन और वन स्टाप सेंटर 1 व 2 को जिला प्रशासन का सहयोग करते हुए बाल विवाह रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए है। साथ ही जागरूकता अभियान भी चलाने को कहा गया है।

## अपर जिलाधिकारी ने सौंपा साझा ज्ञापन

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अपमान के विरोध में संगठनों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मैनपुरी शहर में सपा के मुखिया अखिलेश यादव के रोड शो के दौरान सपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा देश के वीर पुरुष क्षत्रिय समाज शिरोमणी महाराणा प्रताप की मूर्ति का अपमान किए जाने के विरोध में कई संगठनों ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि वीरता की पहचान क्षत्रिय की आनबान शान महाराणा प्रताप की मूर्ति पर सपा का झंडा लगाकर जिस तरह का गलत व्यवहार किया गया है।



साथ ही शिरोमणि महाराणा प्रताप सिंह पंथियों को आहत व अपमानित किया है। उससे समाज में काफी नाराजगी है।

महाराणा प्रताप का नाम भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में बहुत ही आदर के साथ लिया जाता है। हर वर्ग उनके लिए अपनी आस्था रखता है। इस कृत्य की घोर निंदा के साथ प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से कार्यवाही के लिए अपर जिलाधिकारी सौरभ भट्ट के माध्यम से संस्थाओं को साझा कर ज्ञापन सौंपा गया।

## महिला थाना एनआईटी की टीम ने स्कूली छात्रों को किया जागरूक

# महिला विरुद्ध अपराधों के प्रति किया जागरूक, एप डाउनलोड करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

महिला थाना एनआईटी प्रभारी की टीम ने सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल एनआईटी में छात्रों को महिला विरुद्ध अपराध, साइबर अपराध के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया है।

पुलिस ने छात्राओं को जागरूक करने के लिए महिला थाना एनआईटी की टीम सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में पहुंची जहां पर स्कूल के अध्यापकगण ने पुलिस टीम का भव्य स्वागत किया और छात्रों को जागरूक करने के लिए मंच पर आमंत्रित किया। पुलिस टीम ने वहां पर मौजूद छात्राओं तथा शिक्षकों को महिला विरुद्ध अपराध के बारे में जागरूक करते हुए डायल 112 पर रजिस्ट्रेशन करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जो छात्राएं देर शाम तक शिक्षण संस्थानों में कोचिंग के लिए जाती हैं या किसी अन्य कम से बाहर जाती हैं और उन्हें लौटने में देर हो जाती है तो वह पुलिस की सहायता ले सकती हैं और डायल 112 पर रजिस्ट्रेशन करके पुलिस को अपनी लोकेशन भेज सकती हैं, जिससे उन्हें ट्रैक करने में आसानी रहती है। पुलिस



द्वारा ऑटो चालकों को भी ट्रैक करने का तरीका अपनाया गया है जिसमें ऑटो चालकों को एक यूनिक नंबर दिया जाएगा और ऑटो चालकों को उनका नाम, मोबाइल नंबर, ऑटो मलिक का नाम, पता सही सारी जानकारी ऑटो के अंदर सामने वाली साइड लगानी अनिवार्य की जाएगी ताकि जो भी महिला उसमें यात्रा करे वह इसकी फोटो खींचकर डायल 112 पर भेज दें। इस प्रकार जो महिला उसे ऑटो में यात्रा करेगी उस महिला और ऑटो चालक दोनों की जानकारी पुलिस के पास होगी जिससे ऑटो चालक को आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा। पुलिस के इस प्रयास से ऑटो चालकों में भी पुलिस डर रहेगा और वह किसी प्रकार की आपराधिक वारदात को अंजाम देने की कोशिश नहीं करेंगे। इसके अलावा पुलिस टीम ने छात्रों को साइबर अपराध से बचने के लिए अपना बैंक खाता क्रेडिट या डेबिट कार्ड की कोई जानकारी किसी के साथ साझा न करने की हिदायत दी। पुलिस द्वारा दुर्गा शक्ति एप छात्राओं के मोबाइल में डाउनलोड करवाया गया और इसके बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों ने दुर्गा शक्ति एप के बारे में छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि यदि आपको कहीं पर भी महिला विरुद्ध अपराध घटित होता दिखाई दे तो वह इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस द्वारा इस प्रकार के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही छात्रों को साइबर अपराध से बचाव के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930, कार्यक्रम के समापन पर स्कूल प्रशासन व छात्रों ने पुलिस द्वारा दी गई इस अहम जानकारी के लिए उनका धन्यवाद किया।

## खबर संक्षेप

### संगम में बड़े हनुमान मंदिर में ड्रेस कोड लागू



**प्रयागराज।** अब संगम के समीप स्थित बंधवा बड़े हनुमान मंदिर (लेटे हुए हनुमान जी) की आरती में शामिल होना चाहते हैं तो आपको धोती पहनकर ही आना होगा। मंदिर परिसर में होने वाली सुबह शाम की आरती में केवल धोती पहनकर आने वाले लोगों को ही शामिल होने दिया जाता है। मंदिरों में होने वाली आरती पारंपरिक होती है। कमर में धोती और कांधे पर गमछा होने से विचार खुले और शुद्ध रहते हैं। यही कारण है कि पूजा विधि में इस वस्त्र को शामिल किया गया है। धोती किसी भी रंग की हो सकती है।

### श्यामलाल को सौंपी सपा प्रदेश अध्यक्ष की कमान



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल जिले के प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर गांव के रहने वाले हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नरेश उत्तम के स्थान पर श्यामलाल पाल को यूपी की कमान सौंप दी। पाल को प्रदेश सपा का मुखिया बनाने पर सपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। प्रयागराज से पहले ऐसे नेता हैं जो प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचे हैं।

### तीन युवकों की घाघरा नदी मे डूबकर मौत



**बहराइच।** बहराइच जिले के जरवलरोड थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में लखनऊ से आए 5 लोग घाघरा नदी में नहाते समय डूब गए। इनमें से तीन की डूबकर मौत हो गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस में स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को पानी से बाहर निकलवाया उसके बाद तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। शादी के बाद लखनऊ से लड़की का भाई श्रवण निषाद अन्य चार युवकों के साथ अपनी बहन की विदाई करवाने तप्पेसीपाह आए थे।

## महानगर सचिव समेत सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

# लोकसभा चुनाव से बीच कांग्रेस को वाराणसी में झटका कई पदाधिकारी ओर कार्यकर्ता हुए भाजपा में शामिल

पीएम नरेन्द्र मोदी के कार्यों एवं भाजपा की नीति रीति से प्रभावित होकर कांग्रेस के बहुत से पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए। मोदी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय तुलसी उद्यान महमूरगंज में आयोजित एक कार्यक्रम में सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।।

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

पीएम नरेन्द्र मोदी के जनकल्याणकारी कार्यों एवं भाजपा की नीति, रीति से प्रभावित होकर कांग्रेस के बहुत से पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए।

मोदी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय तुलसी उद्यान महमूरगंज में आयोजित एक कार्यक्रम में सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। महानगर कांग्रेस कमेटी के सचिव मनोज यादव, युवा कांग्रेस के मंडल प्रभारी प्रिंस सिंह राजपूत समेत महानगर धोबी कल्याण समिति के अध्यक्ष चमन लाल कन्नौजिया आदि शामिल हुए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, पूर्व सांसद डा राजेश मिश्रा समेत सुरेंद्र नारायण सिंह, अशोक पांडेय, नवरतन राठी, सुरेश सिंह, संतोष सोलापुरकर, पंकज चौबे, शैलेन्द्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- पिंडरा विधानसभा में पन्ना प्रमुख सम्मेलन
- पन्ना प्रमुखों को मतदान बढ़ाने का दिया गया मंत्र



### पन्ना प्रमुखों के बल पर भाजपा हासिल करेगी रिकॉर्ड जीत

भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि पन्ना प्रमुखों के बल पर भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेगी। वह पिंडरा विधानसभा में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पन्ना प्रमुखों को मतदान बढ़ाने का मंत्र देते हुए कहा कि पहले सभी बूथ अध्यक्ष समेत कमेटी के सभी सदस्य और पन्ना प्रमुख अपने-अपने क्षेत्र के सभी घरों में कम से कम दो-तीन बार संपर्क जरूर करें। साथ ही अपने साथ घर के हर सदस्य को मोदी की गारंटी पत्र देकर उसके बारे में समझाएं भी।

## सीएम योगी ने उन्नाव रैली में कांग्रेस, सपा पर बोला जोरदार हमला

# चुनाव परिणाम आते ही समाजवादी पार्टी के गुंडों की गर्मी शांत हो जाएगी

एजेंसी ▶▶ उन्नाव/शाहजहांपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उन्नाव और शाहजहांपुर में जनसभा को संबोधित किया। उस दौरान उनके निशाने पर सपा रही।

लोकसभा चुनाव को लेकर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ताबड़तोड़ सभाएं कर रहे हैं। सोमवार को उन्होंने उन्नाव और शाहजहांपुर में जनसभाओं को संबोधित किया। उस दौरान उनके निशाने पर यूपी की मुख्य विपक्षी पार्टी सपा रही। सपा पर हमला करते हुए सीएम योगी ने कहा कि चुनाव आता है तो इनकी गर्मी चढ़ने लगती है। इनको लगने लगता है कि फिर से सत्ता में आकर अपना कहर ढाएंगे। चुनाव रिजल्ट आते ही इन गुंडों की गर्मी भी धीरे-धीरे शांत होती चली जाएगी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इनका इतिहास प्रभु राम का विरोध करने का रहा है।

**खास बातें**

- कांग्रेस का इतिहास प्रभु राम का विरोध करने का रहा है
- सपा अपने शासनकाल में आतंकवादियों के मुकदमे वापस ले रही थी

### सपा ने कहा था अयोध्या में एक भी परिंदा पर नहीं मार सकता



उन्नाव में साक्षी महाराज के पक्ष में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा का इतिहास प्रभु राम का विरोध करने वाला रहा है। कांग्रेस कहती थी कि प्रभु राम हुए ही नहीं जबकि सपा कहती थी कि अयोध्या में एक भी परिंदा पर नहीं मार सकता है। यह इनका दोहरा चरित्र है। ऐसे में आप सभी को इन पर कभी विश्वास नहीं करना है।

### आतंकवाद से इनका रिश्ता ऐसा है मानो घर का रिश्ता हो

योगी ने आरोप लगाते हुए कहा, सपा अपने शासनकाल में आतंकवादियों के मुकदमे वापस ले रही थी। इन लोगों ने अयोध्या, रामपुर में सीआरपीएफ कैंप, काशी में संकटमोचन मंदिर, लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी की कचहरी पर हमला करने वाले आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा, इस पर न्यायालय ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि आज आप इनके मुकदमे वापस लेने की बात कह रहे हैं और कल इन्हें पद्म पुरस्कार से नवाजेंगे। इसके बाद न्यायालय ने समाजवादी पार्टी को रोका था। सरकार का यह कृत्य खतरनाक व निंदनीय है।

### राम का अपमान करने वालों को वोट नहीं देना

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में जहां एक ओर रामलला विराजमान हो गए हैं, वहीं दूसरी ओर बड़े-बड़े माफिया की राम नाम सत्य की यात्रा निकल रही है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के समर्थकों और राम का अपमान करने वालों को वोट नहीं देना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करके दुनिया को बता दिया कि देश में सशक्त और दृढ़ इच्छा रखने वाली सरकार है। योगी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और 'इंडिया' के लोग देशवासियों को न सम्मान दिला सकते हैं और न ही सुरक्षा दे सकते हैं।

## लल्लन सिंह को जिताने की अपील की

# नीतीश बोले- हमने महिलाओं के विकास को लेकर काम किया



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुंगेर लोकसभा के मोकामा में एनडीए प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ललन सिंह को जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य में पहले की स्थिति क्या थी। हम लोगों ने हर चीज ठीक की। राज्य में पहले सरकारी स्वास्थ्य केंन्द्र में एक दो आदमी जाते थे। अब की हालत देख लीजिए। इसके अलावा सीएम नीतीश ने खुले मंच से हाल ही में जेल से बाहर आए बाहुबली अनंत सिंह की तारीफ करते नजर आए और उन्हें अपना पुराना परिचित बताया। नीतीश कुमार ने कहा कि हमने महिलाओं के सर्वांगीण विकास को लेकर काम किया।

### कोई इधर-उधर नहीं जाइएगा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि इधर-उधर जो हुआ था, अब खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री की सभा में मोकामा विधायक नीलम देवी और बाढ़ विधानसभा से एमएल ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू भी मौजूद थे। नीतीश ने कहा कि हमारे पिताजी से उनके (अनंत सिंह) पिता जी का बहुत रिश्ता था, बराबर आते थे और बहुत ज्यादा मानते थे। इनसे तो हमारा पुराना रिश्ता है। गौरतलब है कि राजद विधायक नीलम देवी ने हाल ही में पाला बदला है और अब एनडीए में आ गई हैं। जनता की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि हमारा पुराना संबंध है।

### ललन सिंह ने सबके लिए काम किया

नीतीश कुमार ने कहा कि ललन सिंह ने सबके लिए काम किया है। जाति नहीं देखी। 2015 में जल संसाधन मंत्री थे। पूरे इलाके में सबसे ज्यादा काम किया। आप लोग याद करिए, मंत्री रहने के दौरान इस इलाके में कितना काम किए हैं। यह सब के लिए काम किए हैं। सवालिया लहजे में कहा कि किसी को छोड़े हैं क्या? सबके हित में काम किया है।

## पेज एक का शेष

### एयर इंडिया ने अपनी...

डॉमेस्टिक फ्लाइट में न्यूनतम किराए वाली कैटेगरी में अब पैसेंजर 15 किलोग्राम का सामान ही फ्री में ले जा सकते हैं। इससे पहले पैसेंजर को 20 से 25 किलोग्राम तक बैगेज ले जाने की छूट थी। इकोनॉमी क्लास के तहत तीन किराया श्रेणियां हैं – कम्फर्ट, कम्फर्ट प्लस और फ्लेक्स। इनमें से घरेलू मार्गों पर 'कम्फर्ट' और 'कम्फर्ट प्लस' श्रेणियों के लिए फ्री केबिन बैगेज अलाउंस 15 किलोग्राम किया गया है। पहले 'कम्फर्ट' श्रेणी के लिए 20 किलोग्राम और कम्फर्ट प्लस श्रेणी के लिए 25 किलोग्राम फ्री केबिन बैगेज एलाउंस की अनुमति थी। हालांकि 'फ्लेक्स' श्रेणी में फ्री केबिन बैगेज अलाउंस 25 किलो है। वहीं, घरेलू मार्गों पर बिजनेस क्लास में फ्री केबिन बैगेज अलाउंस 25 किलोग्राम से 35 किलोग्राम तक है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में फ्री केबिन बैगेज एलाउंस अलग-अलग होता है। अन्य घरेलू एयरलाइंस में भी यात्रियों को बिना अतिरिक्त शुल्क के 15 किलोग्राम केबिन बैगेज ले जाने की अनुमति है।

### मंत्री के निजी सचिव...

ने कहा कि संजीव लाल एक सरकारी कर्मचारी हैं। वह मेरे निजी सचिव हैं। संजीव लाल पहले से ही दो पूर्व मंत्रियों के निजी सचिव रह चुके हैं। कई सरकारी कर्मचारी हैं और हम आम तौर पर अनुभव के आधार पर निजी सचिव की नियुक्ति करते हैं। ईडी की जांच पूरी होने से पहले छापेमारी पर टिप्पणी करना सही नहीं है।

**वीरेंद्र राम के घर मिली थी 150 करोड़ की संपत्तिः** ईडी ने पिछले साल फरवरी में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र के. राम को मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। लंबे समय तक पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया था। पूछताछ में ईडी के सामने वीरेंद्र राम ने कई बड़े व्यक्तियों के साथ अपने संबंधों का भी खुलासा किया। राम के यहां 150 करोड़ की संपत्ति मिली थी। इसके अलावा दो करोड़ के स्वर्ण आभूषण भी बरामद किए गए थे। ईडी को वीरेंद्र राम के पास से एक लैपटॉप और कुछ पेन ड्राइव भी मिली थीं। ईडी ने पिछले साल 21 फरवरी को उनके 24 ठिकानों पर छापेमारी शुरू की थी जो 22 फरवरी को समाप्त हुई थी। इस छापेमारी के दौरान उनके पास से बरामद दस्तावेजों के आधार पर वीरेंद्र राम से एजेंसी ने दो दिनों तक पूछताछ की थी। ईडी ने अदालत को बताया था कि राम और उसके परिवार के बैंक खातों की जांच में उनकी आय के कानूनी स्त्रोतों से अधिक धन की जानकारी प्राप्त हुई। राम ने अपने पिता, पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर चल और अचल संपत्ति अर्जित की। ये संपत्ति परिवार की आय के अनुपात में नहीं है। वीरेंद्र राम के खिलाफ सितंबर 2020 में मनी लांड्रिंग मामले की शिकायत दर्ज की गई थी।

**नोटों को गिनने के लिए मंगवाई गई मशीनः** ईडी की छापेमारी में मिले नोटों का संबंध झारखंड के मंत्री आलमगीर से बताया जा रहा है। नोटों को गिनने के लिए बैंक कर्मचारियों और मशीनों को भी मंगवाया गया है। बता दें कि दो साल पहले झारखंड में आईएएस पूजा सिंघल के यहां छापेमारी की गई थी। इस छापेमारी में 17 करोड़ रुपए बरामद किए गए थे।

### सरपंच पद से...

शपथ ली। सोरेन सरकार में उन्हें संसदीय कार्य और ग्रामीण विकास विभाग की जिम्मेदारी दी गई। इससे पहले 20 अक्टूबर 2006 से 12 दिसंबर 2009 तक झारखंड विधानसभा अध्यक्ष पद पर थे। आलमगीर आलम ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत 1978 में गृह पंचायत महराजपुर से सरपंच पद का चुनाव जीतने के साथ शुरू की थी।

### काली कमाई के...

आखिर ऐसा क्यों है कि जिनके पास से नोटों के पहाड़ मिलते हैं वे कांग्रेस के प्रथम परिवार के करीब होते हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि जो पैसे पकड़े जा रहे हैं वह कहीं सप्लाई होने के लिए रखे थे। कहीं ऐसा तो नहीं कि कांग्रेस के प्रथम परिवार ने देश भर में ऐसे ही काली कमाई के गोदाम बना रखे हैं। देश कांग्रेस के शहजादे से यह जानना चाहता है।

### ईवीएम में कैद होगा...

देश के गृहमंत्री अमित शाह समेत छह केंद्रीय और दो यूपी के मंत्रियों की प्रतिष्ठा दावं पर है। जबकि इस चरण के सियासी दंगल में चार पूर्व मुख्यमंत्रियों की भी अग्नि परीक्षा होगी। वहीं कई पूर्व केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और जानीमानी हस्तियां भी सियासी जंग के मैदान में हैं।

**सभी दलों ने लगाया दागियों पर दांवः** देश की सियासत में सभी दल दागियों पर दांव खेलते आ रहे हैं। इसी तीसरे चरण में भी 241 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिसमें राजनीतिक दलों में सबसे ज्यादा 26 कांग्रेस, 22 भाजपा, 7 बसपा, 5 सपा, 4 शिवसेना (उद्धव), 3 राजद, 2-2 राकांपा (सपा) व शिवसेना (शिंदे) के प्रत्याशी शामिल हैं। इनके अलावा जदयू, तृणमूल कांग्रेस आप के एक-एक प्रत्याशी आपराधिक पृष्ठभूमि की फेहरिस्त में शामिल हैं। वहीं 103 निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी आपराधिक मामले लंबित होने की अपने शपथ पत्रों में घोषणा की है।

**हाई प्रोफाइल सीटों पर होगी वोटिंगः** छत्तीसगढ़ की कोरबा और रायपुर जैसी हाई प्रोफाइल सीटों पर सात मई को वोटिंग होगी, जहां से सरोज पांडे और बृजमोहन अग्रवाल चुनाव लड़ रहे हैं। आज महाराष्ट्र की 11 लोकसभा सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। बारामती सीट पर वोटिंग होगी, जहां सुनेत्रा पवार और सुप्रिया सुले के बीच कड़ा मुकाबला है। महाराष्ट्र में नारायण राणे और अनंत गीते की सीटों पर वोटिंग होगी। गुजरात की सभी 26 सीटों पर भी तीसरे चरण में मतदान होगा।

### भाजपा ने उतारे ...

अलावा कर्नाटक राष्ट्र समिति ने सभी 14 सीटों पर अपने प्रत्याशियों पर दांव लगाया है।

### हम रिजर्वेशन को ...

से, दलितों से, पिछड़े वर्ग से आरक्षण छीन लेंगे, आरक्षण को खत्म कर देंगे। मैं आपको आज यहां ये बताने आया हूं, वो छीनने की बात कर रहे हैं। हम आरक्षण को बढ़ा देंगे। 50% से ज्यादा कर देंगे। आज 50% का लिमिट है। इस लिमिट को हम परे करके, 50% लिमिट को रद्द करके, हम आपका रिजर्वेशन, गरीबों का रिजर्वेशन बढ़ाएंगे।

**हम मनरेगा में मजदूरों को 400 रुपए दैनिक मजदूरी देंगेः** राहुल गांधी ने कहा- मीडिया कहता है कि मनरेगा से लोगों की आदत बिगड़ती है। आप मजदूरी करते हो, उसके लिए आपको पैसा मिलता है। मीडिया कहता है आपकी आदत बिगड़ रही है। मगर अरबपतियों का कर्जा माफ होता है तो उसको यह विकास कहते हैं। आज मनरेगा के लिए आपको 250 रुपए मिलता है। हमने मन बना लिया है। चुनाव के बाद 400 रुपए मिलेगा।

**आरक्षण चुनाव का मुख्य मुद्दाः** राहुल गांधी ने कहा- आप उनसे पूछिए, आपके लोग संविधान को क्यों रद्द करना चाहते हैं। आपके लोग आरक्षण क्यों खत्म करना चाहते हैं। ऐसा हुआ तो हिंदुस्तान में 22-25 लोगों का राज हो जाएगा। ये अडाणी और अंबानी जैसे लोग हैं। आप देश को बताइए, क्या आप सचमुच में आरक्षण को खत्म करना चाहते हो। हां या न? और ये भी बताओ आप आरक्षण के लिमिट को 50% से आगे करोगे, हां या न? ये चुनाव का मुख्य मुद्दा है। आरक्षण, संविधान और गरीबों की रक्षा।

### 5 छात्र कन्याकुमारी ...

समूह नारियल के पेड़ों के माध्यम से बंद लेमुर बीच तक पहुंच गया था। समुद्र के अशांत होने के कारण इसे बंद कर दिया गया था। जांचकर्ताओं का कहना है कि छात्रों का यह समूह, तिरुचिरापल्ली के एसआरएम मेडिकल कॉलेज के कई अन्य छात्र-छात्राओं के साथ रविवार को कन्याकुमारी की एक शादी में शामिल होने के लिए आया था। डूबे हुए छात्रों की पहचान तंजावुर के चारुकावी, नेवेली के गायथिरी, कन्याकुमारी के सर्वदर्शित, डिंडीगुल के प्रवीण सैम और आंध्र प्रदेश के वेंकटेश के रूप में की गई है।

### पाकिस्तान के इक्के...

है और दूसरा दल कहता है कि पाकिस्तान के पास भी परमाणु हथियार है। पूरा देश इन दोनों घोषणापत्रों को एक साथ जोड़कर यह समझ रहा है कि इंडी गठबंधन के नेता कितना खतरनाक खेल खेल रहे हैं। फारुख अब्दुल्ला ने पाकिस्तान के संदर्भ में चूडियां पहने रखने की बात कहकर भारत की नारीशक्ति का अपमान किया है।

### भगवान गणेश की ...

उपदेश दिया है। 59 वर्षीय सुनीता विलियम्स इससे पहले 2006 और 2013 में अंतरिक्ष के लिए उड़ान भर चुकी हैं। उन्होंने अंतरिक्ष में कुल 322 दिन बिताए हैं। सुनीता विलियम्स के पिता दीपक पंड्या एक न्यूरोएनाटोमिस्ट थे। गुजरात के मेहसाणा के झुलासन गाँव में उनका जन्म हुआ था। बाद में वो अमेरिका चले गए थे, जहाँ उन्होंने स्लोवेनियाई महिला बोनी से शादी की थी। सुनीता विलियम्स के नाम पर अमेरिका के नीधम में स्कूल भी है। भारत भी 'गगनयान' अंतरिक्ष मिशन की तैयारी में लगा हुआ है।

### आतंकियों का सुराग...

और चार अन्य घायल हो गए। हमले के बाद से सुरक्षाबलों ने शाहसितार इलाके में सर्च ऑपरेशन अभियान चला रहे हैं। सेना ने आतंकवादियों का पता लगाने के लिए सशस्त्र बुलेटप्रूफ वाहनों और डॉग स्क्वॉड को लगाया है। रविवार व सोमवार को कई वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया।

### अबू हमजा पर...

को तैनात किया गया है, बलों ने बैरिकेड्स लगाए हैं और आतंकवादियों का पता लगाने और भागने से रोकने के लिए हेलीकॉप्टरों से हवाई निगरानी भी की जा रही है।

## एडीएम कोर्ट में चलेगा केस

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ मथुरा

श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यास संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं जन्मभूमि के वादों में से एक के वादकारी/पक्षकार दिनेश शर्मा को गुंडा एक्ट में पाबंद किया गया है। गोवर्धन थाना पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई की है। दिनेश शर्मा ने पिछले दिनों मोहम्मद पैगंबर को लेकर विवादित बयान दिया था। इस मामले में गोविंद नगर थाने में धार्मिक उन्माद फैलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज था। इससे पहले भी उनके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। दिनेश शर्मा निवासी महमदपुर निवासी गोवर्धन के खिलाफ गुंडा एक्ट का



मुकदमा एडीएम कोर्ट में चलेगा। कोर्ट में उन्हें मुकदमे के संबंध में अपना पक्ष रखना होगा। अगर, कोर्ट को साक्ष्य और तर्क पेश करने में कामयाब रहे तो बरी कर दिया जाएगा। वरना, जिला बदर की कार्रवाई तय है। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस द्वारा गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर फाइल कोर्ट को भेज दी गई है।

## शिवपाल पर बदायूं, करण भूषण पर गोंडा में केस

# भाजपा प्रत्याशी करण भूषण पर आचार संहिता उल्लंघन का केस

एजेंसी ▶▶ बदायूं/कैसरगंज

बहुचर्चित सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे और कैसरगंज से भाजपा प्रत्याशी करणभूषण सिंह के खिलाफ प्रशासन की ओर से आचार संहिता उल्लंघन के मामले में तरबगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। मुकदमे में करण भूषण को नामजद करते हुए अज्ञात को भी आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि बिना अनुमति वाहनों का काफिला निकालने के साथ ही उनके समर्थक आदर्श आचार संहिता और निषेधाज्ञा कानून की सरेआम





धज्जियां उड़ा रहे हैं। तरबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलसर बाजार में शनिवार को काफिले में समर्थकों ने आतिशबाजी की थी। जांच के बाद डीएम के आदेश पर यह मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने आचार संहिता उल्लंघन मामले को गंभीरता से संज्ञान लिया है।

प्रदेश की सबसे चर्चित सीट, जहां हमेशा दिग्गज रहते हैं चुनावी मैदान में

# विदिशा में जीत का अंतर बढ़ाने चुनाव में कोई कोर-कसर छोड़ना नहीं चाहते पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व सांसद भी प्रचार में नहीं पीछे




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

▸ कांग्रेस उम्मीदवार अपने दो कार्यकाल में किए गए विकास कार्य याद दिला रहे हैं तो भाजपा उम्मीदवार का नाम ही काफी, साथ में मोदी फैक्टर

प्रदेश की सबसे चर्चित रहने वाली विदिशा लोकसभा सीट पर इस बार प्रदेश के काफी लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान चुनाव मैदान में हैं, जिन्हें अपनी लाड़ली बहनों से काफी उम्मीद है। कांग्रेस के उम्मीदवार प्रतापभानु शर्मा अपने पिछले कार्यकाल की जनता को याद दिला रहे हैं।

चुनाव प्रचार के आखिरी दिनों में उन्होंने प्रचार में काफी ताकत दिखाई, लेकिन कोई दिग्गज की सभा या रैली यहां नहीं हो पाई। कांग्रेस को अंतिम दिनों में इस सीट पर समीकरण बदलने की पूरी उम्मीद थी। वहीं भाजपा को किसी भी समीकरण के बिगड़ने की कोई उम्मीद नहीं है। इसको लेकर कांग्रेस अभी भी दावा कर रही हैं कि इस चुनाव में पुराने सभी समीकरण बिगड़ चुके हैं और भाजपा अपने पुराने समीकरण नहीं बना पाई है। वहीं भाजपा ने दावा किया है कि यहां कोई समीकरण नहीं बिगड़े हैं और पिछले चुनाव में मिले वोटों के अंतर को बढ़ाने के लिए पूरा चुनाव प्रचार किया गया है। इसको लेकर जनता ने भी अपना फीडबैक दे दिया है।

भाजपा के प्रचार में शिवराज सिंह चौहान स्वयं लगातार दौरे करते रहे और उनकी पत्नी व बेटा भी पूरे समय यहां पर मौजूद हैं। वैसे यह लोकसभा सीट देश में हमेशा चर्चा में रहती है, क्योंकि यहां चुनावी मैदान में हमेशा भाजपा के दिग्गज ही रहते हैं। रामनाथ गोयनका व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व विदेश मंत्री स्व. सुषमा स्वराज जैसे नेता यहां से जीते थे। जबकि आठ विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 2023 के विधानसभा चुनाव में सात सीटें जीतीं, जो उसके प्रभुत्व का संकेतक है। चौहान स्थानीय मुद्दे उठा रहे हैं और सर्वधर्म सद्भाव पर बात कर रहे हैं।

## संसदीय क्षेत्र में इस बार भी जातीय समीकरण का कोई असर देखने को नहीं मिल रहा



विदिशा लोकसभा क्षेत्र में इस बार भी जातीय समीकरण का कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। भाजपा को हमेशा की तरह इस बार भी किसी समीकरण के बिगड़ने की उम्मीद नहीं है। जबकि कांग्रेस उम्मीदवार प्रतापभानु शर्मा अपने नए समीकरण बनाने में व्यस्त हैं। शिवराज सिंह चौहान के लिए मुख्य चुनावी मुद्दा राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में 18 वर्षों में महिलाओं और बच्चों के लिए उनके द्वारा शुरू की गई योजनाएं हैं। उनकी रैलियों में लाड़ली बहनों की मुस्कान भैया शिवराज सिंह चौहान और भांजे-भांजियों के सपनों की उड़ान, मामा शिवराज सिंह चौहान जैसे पोस्टर लगे हैं। यहां तक कि रथ से भाषणों में भी वह लोगों को आश्वासन देते हैं कि उन्हें सब कुछ मिलेगा, क्योंकि उनका भाई उनके लिए काम कर रहा है। वह आपका सपना पूरा करेगा।

### कांग्रेसियों का घर-घर दौरा



कांग्रेस उम्मीदवार प्रतापभानु शर्मा के अनुसार समीकरण नए समीकरण बनाने के लिए उनके कार्यकर्ता हर घर का दौरा करते रहे। मुसलमानों को गले लगाने या धनबल के प्रदर्शन से कुछ नहीं होगा। मैं पूर्व सीएम से पूछना चाहता हूं कि 18 साल तक सीएम रहते हुए उन्होंने विदिशा के लिए क्या किया। विदिशा का सबसे पिछड़ा जिला होना दर्शाता है कि शिवराज प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं। इसलिए इस बार हर हाल में समीकरण उनके बिगड़ चुके हैं। 33 साल पहले अपना आखिरी चुनाव जीतने वाले शर्मा ने चौहान की ओर इशारा करते हुए कहा कि देखिए वह विदिशा की गलियों में घूम रहे हैं, लेकिन चौहाना समीकरण बिगड़ेगा और उनका समीकरण बनेगा।

### सबसे प्रतिष्ठित लोकसभा सीट

विदिशा लोकसभा को मध्य प्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित लोकसभा सीट भी कहा जाता है। यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं यहां से पूर्व विदेश मंत्री और नेता प्रतिपक्ष रहीं सुषमा स्वाराज भी चुनाव लड़ चुकी हैं। लंबे वक्त तक मध्य प्रदेश के सीएम रहे शिवराज सिंह चौहान के लिए भी इस सीट को पूरे प्रदेश की राजनीति में जाना जाता है। प्रदेश की राजनीति के कई दिग्गज चुनाव लड़ चुके हैं, जिनमें राघवजी का नाम भी शामिल है, जो मध्य प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री रहे हैं। इसलिए कांग्रेस उम्मीदवार इस अपने प्रचार में किसी प्रकार का कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। यहां पर आठ विधानसभा सीट हैं, जिनमें भोजपुर, सांची, सिलवानी, विदिशा, बासौदा, बुधनी, इच्छावर और खातेगांव शामिल हैं। विदिशा लोकसभा सीट को रायसेन, विदिशा, सीहोर और देवास जिले के हिस्सों को शामिल किया गया है। इस सीट पर अगर पिछले चुनाव की बात की जाए तो यहां से 2019 में भाजपा से रमाकांत भार्गव को टिकट दिया गया था। जबकि कांग्रेस से शैलेंद्र पटेल मैदान में उतरे थे। इस चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार ने कांग्रेस के उम्मीदवार को करीब 5 लाख वोटों के भारी भरकम अंतर से हराया था।

# आईपीएल में सट्टा लगवाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

आरोपी से पास से छह लाख 97,000 हजार रुपए बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगुजा

सरगुजा जिला के अंबिकापुर में आईपीएल मैच के दौरान लाखों करोडों का सट्टा लगवाने वाली एक महिला और एक युवक को विशेष पुलिस टीम व अंबिकापुर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से पास से छह लाख 97,000 हजार रुपए नगद बरामद किया गया है। आरोपियों द्वारा मोबाइल में sky-inplay.com का लिंक भेजकर अवैध सट्टा पट्टी खिलाने का काम किया जा रहा था।

मामले में शामिल मुख्य महिला आरोपी को धारा 41 जा. फौ. का नोटिस देकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।अवैध ऑनलाइन सट्टा क्र मामले मे शामिल अन्य आरोपियों का पता तलाश जारी है,पुलिस ने जल्द ही सभी आरोपीयों के गिरफ्तार होने की बात कही है। 4 मई को अंबिकापुर कोतवाली पुलिस टीम को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस टीम द्वारा सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए महामाया चौक के पास महामाया रोड अम्बिकापुर मे रेड कार्यवाही कर संदिग्ध युवक विकाश सोनी को पकड़कर पूछताछ किया गया।

## 6 वर्षीय बच्चे ने 10 का सिक्का निगला, डॉक्टरों ने बड़ी मशक्कत के बाद निकाला, बच गई जान



**बलरामपुर।** बलरामपुर रामानुजगंज में खेलते-खेलते 6 वर्षीय बच्चे ने 10 का सिक्का निगल लिया। बच्चा मोबाइल देखने में इतना मगन हो गया कि कब वह सिक्का निगल लिया पता नहीं चला। सिक्का निगलने के चार घंटे बाद जब उसकी मां काम करके घर आई तो बहुत पूछने पर उसने बताया कि 10 का सिक्का निगल लिया है। जिसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल में दिखाया गया परंतु डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार के दोपहर 12 बजे के करीब आर्यंश कश्यप उम्र 6 वर्ष घर में खेल रहा था इसी दौरान बिस्तर के नीचे उसे 10-10 के दो सिक्के मिले, जिसमें से वह एक सिक्का अपने मुंह में रख लिया और मोबाइल देखने में मग्न हो गया मोबाइल देखते-देखते कब सिक्का वह निगल लिया उसे पता नहीं चला। पिता भी उसके साथ थे परंतु डर के कारण वह नहीं बताया। जब उसकी मां शीला कश्यप काम करके शाम 4 बजे घर में आई तो उसने बताया कि वह 10 का सिक्का निगल गया था जो गले में अटका है और दर्द कर रहा है। इसके बाद तत्काल उसे अस्पताल ले जाया गया वहां से डॉक्टरों ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में 12 बजे रात में पहुंचे जहां डॉक्टरों ने सुबह 9 बजे ऑपरेशन करने की बात कही परंतु 9:35 में बिना ऑपरेशन के डॉक्टर के द्वारा सिक्का निकाल लिया गया। जिससे स्वजनों ने राहत की सांस ली।

## प्रदेश में तीसरे चरण का मतदान आज, पोलिंग पार्टियां पहुंचीं मतदान केंद्रों पर

# मतदान केंद्रों पर वोटरों को मिलेगा शरबत व छाछ ठंडी हवा के लिए कूलर, दवाइयों की रहेगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

» *लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने पूरी की तैयारियां*

» *बैठक व्यवस्था सहित अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी*

मप्र में कल 7 मई को तीसरे चरण का मतदान होगा। इसके लिए आयोग ने भी तैयारी पूरी कर ली है। मतदान केंद्रों पर पहुंचने वाले मतदाताओं को गर्मी में परेशान न होना पड़े, इसके लिए मतदान केंद्रों पर खास इंतजाम भी किए गए हैं। जिलों में गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों पर जलजीरा, आम का पना, छाछ, शरबत, पीने के लिए ठंडा पानी, शामियाना, बैठक व्यवस्था, दवाइयां सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि इसके साथ ही दिव्यांग, बुजुर्ग मतदाताओं को कतार में खड़ा न होना पड़े, उनका तुरंत मतदान हो जाए, इसकी भी व्यवस्थाएं की गई हैं। 9 लोकसभा क्षेत्रों में 7 मई को प्रदेश में तीसरे चरण का मतदान होगा। इसमें भोपाल सहित, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, राजगढ़ और बैतूल लोकसभा क्षेत्र शामिल है।

### कर्मियों के लिए भी उचित व्यवस्था



7 मई को तीसरे चरण के लिए होने वाले मतदान के लिए सोमवार यानी 6 मई को मतदान दल सभी 20 हजार 456 मतदान केंद्रों के लिए रवाना होगा। मतदान सामग्री वितरण स्थल पर पोलिंग पार्टियों में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए भी छाया, ठंडा पानी, दवाइयां, बैठक व्यवस्था सहित अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

### उत्साह के साथ करें मतदान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने 7 मई को होने वाले मतदान के लिए प्रदेश के सभी 9 संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं से उत्साह के साथ मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि मतदान केंद्रों पर आये मतदाताओं को गर्मी में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

### वोट का निशान दिखाओ, निजी अस्पतालों में फ्री ओपीडी पाओ

1100 ई-रिक्शा संचालक 7 मई को मतदान के लिए देंगे निःशुल्क सफर की सुविधा

मुरैना जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिला कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर अनूठी पहल की है। 7 मई को मतदान के दिन जिले में सभी निजी चिकित्सालयों में डाक्टर निःशुल्क ओपीडी परामर्श प्रदान करेंगे। वहीं जिले में संचालित करीब 1100 ई-रिक्शा संचालक मतदाताओं को घर से मतदान केन्द्र व मतदान केन्द्र से वापस घर छोड़ने का काम निःशुल्क करेंगे। इसके लिए मतदाताओं को जाते समय मतदान केन्द्र क्रमांक व वापसी में अंगुली पर अमिट स्याही का निशान दिखाना होगा। मुरैना जिला कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारतीय मजदूर संघ से भी सहयोग मांगा है। संघ के पदाधिकारियों ने मतदान के महापर्व के मौके पर अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

**केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ पुलिस ने शहर में किया फ्लैग मार्च और चैकिंगः** लोकसभा चुनाव के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा निष्पक्ष तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में पैदल मार्च किया गया, ताकि असंवैधानिक गतिविधियों पर रोकथाम लगाने के साथ-साथ आमजन में सुरक्षा व्यवस्था का आभास हो सके।

### भोपाल में 2097 पोलिंग बूथ, जिला बल के 2200 पुलिस कर्मी तैनात

मप्र के सभी 9 लोकसभा सीटों सहित राजधानी में तीसरे चरण के चुनाव के लिए पुलिस ने तैयारी पूरी कर ली है। भोपाल में कुल 2097 पोलिंग बूथ पर मतदान होना है। सुरक्षा के लिहाज से 2200 जिला बल के पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इसके अलावा पैरामिलिट्री फोर्सेस की 9 कंपनियां डिप्लॉय की गई है। चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद एफएसटी और एसएसटी की टीम निगरानी रखेंगे। पुलिस के सभी अधिकारी भी 48 घंटे तक अलर्ट मोड पर रहेंगे।मतदान के दौर संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा के जरिए वेब कास्टिंग की जाएगी। इसके लिए एक सेंट्रल कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।

## पारंपरिक नृत्य एवं घर-घर जाकर लोगों को चावल और साल के पत्ते पर मतदान की तिथि लिख कर दिया न्यौता

**बलरामपुर।** रामनुजगंज लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले में मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह हैं। जिला प्रशासन जिले में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए पूरी तैयारियों में जुटा हुआ है। स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को जागरूक करने विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों का अद्भूत उत्साह देखने को मिल रहा है, ये लोग अपने पारंपरिक नृत्य एवं रिति रिवाजों के अनुरूप घर-घर जाकर लोगों को चावल(अक्षत) एवं साल के पत्ते पर मतदान की तिथि एवं समय अंकित कर मतदान के लिए न्यौता दे रहे हैं।

### मतदान केन्द्र में मिलने वाली सुविधाओं को बताया

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का के निर्देशानुसार जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति वाले चिन्हांकित बसाहटों में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत पारंपरिक नृत्य एवं रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सरलता से जीवन-यापन करने वाले इन विशेष पिछड़ी समुदाय के लोगों को घर-घर जाकर आगामी लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाया जा रहा है।

## श्रीराम जन्मभूमि न्यास ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव बोले

# देश को पीछे ले जाने वाले कानूनों को बदलना जरूरी

■ 'एक देश एक विधान' पर व्याख्यान में अप्रासंगिक कानूनों, रीतियों पर प्रहार

**नई दिल्ली।** 'एक देश एक विधान' विषय पर आयोजित व्याख्यान में वक्ताओं ने आर्थिक, सामाजिक, न्याय, शिक्षा के क्षेत्र में पूरे देश में एक विधान लागू किए जाने की वकालत की। श्रीराम जन्मभूमि न्यास ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरी जी महाराज ने आज की लड़ाई को कानून की लड़ाई बताया और सचेत किया कि अमृतकाल में जो अनुकूलता देख रहे हैं, उसका उपयोग आवश्यक है, अगर नहीं कर पाए तो यह अवसर दोबारा मिलेगा या नहीं, यह पता नहीं। इसलिए, इस समय सावधान रहने की आवश्यकता है। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी उपाध्याय ने कहा कि भारत धर्म निरपेक्ष नहीं धर्म निष्ठ राष्ट्र है।



यहां आयोजित व्याख्यान में श्रीराम जन्मभूमि न्यास ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरी जी महाराज ने कहा कि आज की लड़ाई कानून की लड़ाई है।हमारी शिक्षा पद्धति खत्म करने के लिए अंग्रेजों ने देश में पहला कानून बनाया, इसके बाद धीरे-धीरे ऐसे कानून बनते गए, जिसके जाल में हम फंसते चले गए और गुलामी हमारे ऊपर इतनी छा गई कि हमें गुलामी का ही पता नहीं चला। सबसे पहले गुलामी का पता होना चाहिए, तभी मुक्ति के प्रयास होंगे। बंधन का ही नहीं पता होता तो मनुष्य बंधन को एन्जाय करने लगता है, यह अवस्था आज हिंदू समाज की है।

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी उपाध्याय ने 80 प्रतिशत समस्याओं के लिए देश की कानून व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि देश को पीछे ले जाने वाले कानून को बदलने की आवश्यकता है।देश में एक विधान जरूरी है।एक देश एक नागरिक संहिता,

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होने पर धार्मिक व सामाजिक कुरीतियां खत्म हो जाएंगी।पूरे देश में शिक्षा व कानून व्यवस्था में बदलाव की जरूरत है।दसवीं कक्षा तक एक पाठ्यक्रम, झूठ को दंडनीय अपराध बनाने, गुलामी के प्रतीक हटाने के लिए री-नेमिंग कमीशन बनाने, पूजास्थल कानून बनाने को देश की जरूरत बताया। मंच संचालन कवि राजेश चेतन ने किया।कार्यक्रम में जगदीश मित्तल, संजीव गोयल, पवन कंसल, विष्णु गुप्ता, प्रकाश चंद जैन, राजेंद्र जैन, जगदीश मित्तल, प्रकाश चंद जैन, दिनेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 179 दिनांक 01.05.24 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मंडी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - सत्यनारायण
**पता**- कृपाल नगर जिला रोहतक।
**उम्र**- 64 वर्ष
**कद**- 5 फुट 6 इंच
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, सफेद बाल, काली आंखे।
**पहनावा** - सफेद चैकदार शर्ट ग्रे कलर की पैंट पैरों में हवाई चप्पल पहनें हुए।

दिनांक 01.05.24 को सत्यनारायण निवासी कृपाल नगर जिला रोहतक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक 7082999128
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक-8168948031

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 180 दिनांक 01.05.24 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मंडी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - सुमन
**पता**- फतेहपुरी कालोनी, जिला रोहतक।
**उम्र**- 29 वर्ष
**कद**- 5 फुट व 2ईंच
**हुलिया**- रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे ।
**पहनावा** - हरा सूट- सलवार पहने हुए, पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए, गले में हरे रंग की चुन्नी।

दिनांक 01.05.24 को सुमन निवासी फतेहपुरी कालोनी, जिला रोहतक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 7082999121
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी. रोहतक- 9466552082

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 296 दिनांक 01.05.24 धारा 365 IPC थाना शहर जिला रोहतक**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - संजू
**पिता/पति का नाम** - पुत्री राम बाबू राय
**पता** - श्याम कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**- 16.5 वर्ष
**कद**- 04 फुट 10 ईंच
**हुलिया**- रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे ।
**पहनावा** - नीले रंग की फ्राक सूट व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 01.05.24 को संजू पुत्री राम बाबू राय निवासी श्याम कालोनी थाना शहर जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक 7082999223
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9466235808

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 252 दिनांक 01.05.24 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी, जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - मनिषा कुमारी
**पिता/पति का नाम** – पत्नी सुरेश
**पता**- जनता कालोनी जिला रोहतक ।
**उम्र**- 33 वर्ष
**कद**- 5 फुट 3 इंच
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल काली आंखे, ठोडी पर निशान चोट।
**पहनावा** - सफेद रंग का सूट सलवार व काला पजामा व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 01.05.24 को मनिषा कुमारी पत्नी सुरेश विजेन्द्र निवासी जनता कालोनी जिला रोहतक थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी, रोहतक - 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी, रोहतक- 9812856278

पीआरडीएच-1084/11/2327/2025/26241/88/7 दि. 06.05.24

चिंतन

# चीनी राष्ट्रपति के फ्रांस दौरे पर नजर रखे भारत

चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग यूरोप के तीन देशों –फ्रांस, सर्बिया व हंगरी की यात्रा ऐसे समय में कर रहे हैं, जब यूक्रेन व रूस के बीच जंग जारी है, और रूस ने पश्चिमी देशों के खिलाफ परमाणु हथियारों का अभ्यास करने का ऐलान किया है। चीनी राष्ट्रपति की इस यात्रा का एक मकसद रूस व यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की समाप्ति के लिए फ्रांस से सहयोग प्राप्त करना है। शी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैकों से मुलाकात में रूस व यूक्रेन युद्ध का मुद्दा उठाया है। एक समय फ्रांसीसी राष्ट्रपति रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म कराने के लिए चीन की मदद चाहते थे, वर्ष 2023 की अप्रैल में राष्ट्रपति मैक्रों चीन भी गए थे, पर चीन ने उतनी उत्सुकता नहीं दिखाई थी। चीन रूस को हथियार बनाने के लिए उपकरणों की आपूर्ति कर रहा है, इससे फ्रांस खफा है। रूस के साथ खड़े होने से चीन की छवि यूरोप में नकारात्मक बनी हुई है। शी का यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है जब भारत और फ्रांस के बीच दोस्ती अपने चरम पर है। इस वक्त रूस के बाद फ्रांस ही है जो भारत के गहरे दोस्त हैं। चीन की कोशिश फ्रांस को अपने पाले में लाने की है। इसलिए भारत को चौंकन्ना रहने की जरूरत है। चीनी राष्ट्रपति की इस यात्रा का दूसरा अहम मकसद यूरोप में चीन के खिलाफ जारी तनाव को खत्म करना है। फ्रांस यूरोप का गेटवे है, इसलिए फ्रांस के चीन के राजनयिक संबंध के 60 साल पूरे होने के अवसर को शी चिनफिंग ने पेरिस की यात्रा के लिए चुना है। यूरोप में चीन को लेकर पूरे इलाके में तनाव बढ़ा हुआ है। यूरोपीय यूनियन ने पिछले सप्ताह ही चीन के विंड टर्बाइन और मेडिकल उपकरणों की जांच शुरू करवाई है। यही नहीं चीन के सुरक्षा उपकरणों को बनाने वाली कंपनी नूकटेक के कार्यालयों पर छापा मारा है। चीन ने फ्रांस से अपील की है कि वह यूरोपीय यूनियन को चीन के प्रति सकारात्मक और व्यवहारिक नीतियां बनाने के लिए मदद करे। शी को लगता है कि यूरोप में चीन की छवि सुधारने में फ्रांस उसकी मदद कर सकता है। यूरोप को साधने के साथ-साथ चीन के निशाने पर भारत भी है, जिसने हाल के दिनों में फ्रांस से बड़े पैमाने पर हथियार और फाइटर जेट खरीदा है। भारत ने फ्रांस से राफेल जेट, स्कॉर्पिन पनडुब्बी, हेलीकॉप्टर और कई किलर मिसाइलें खरीदी हैं। पीएम मोदी जुलाई 2023 में फ्रांस के दौरे पर गए थे और उसके बाद फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों भारत आए थे। गणतंत्र दिवस पर मैक्रों ही मुख्य अतिथि थे। भारत और फ्रांस मिलकर आर्मेनिया की मदद कर रहे हैं। फ्रांस ने पीएम मोदी को ग्रेट क्रॉस ऑफ द लेगिआन से सम्मानित किया है। मोदी पहले ऐसे भारतीय पीएम हैं जिन्हें यह पुरस्कार मिला है। इससे पता लगता है कि फ्रांस भारत के साथ अपने रिश्ते को कितना तवज्जो दे रहा है। चीन की रणनीति भारत के पड़ोसी देशों से मधुर संबंध बना कर भारत के लिए सीमाई तनाव क्रिएट करने की रही है। इस कड़ी में चीन ने नेपाल, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, श्रीलंका, मालदीव, म्यांमार के साथ अपने संबंध प्रगाढ़ किए हैं। अब चीन की नजर यूरोप पर है। यूरोप के तमाम देशों से भारत के संबंध प्रगाढ़ हैं। भारत और यूरोपीय देश सहज मित्र देश हैं, जबकि यूरोप में चीन की छवि खराब है। फ्रांस में तिब्बती समूह ने चीनी राष्ट्रपति के खिलाफ अपना विरोध जताया है। चीनी राष्ट्रपति की इस फ्रांस यात्रा को भारत को सामरिक व कूटनीतिक दृष्टि से गंभीरता से लेना चाहिए।



विश्लेषण
अरविंद जयतिलक

# पाक के दमन से उबलता पीओके

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि पीओके के लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद खुद भारत में शामिल होना चाहेंगे। राजनाथ के बयान बेशक चुनाव के मौके पर हो, लेकिन इसमें काफी हद तक सच्चाई है। याद होगा 2022 में भारतीय सेना के प्रमुख रह चुके जनरल मनोज मुकुंद नरवाणे ने कहा था कि अगर संसद आदेश देगी तो पीओके पर हमारा कब्जा होगा। गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भी संसद में कहा जा चुका है कि पीओके को भारत लेकर रहेंगे। पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के बढ़ते अत्याचार और दमन के खिलाफ 'करो या मरो' के लिए कमर कस लिए हैं। स्थानीय नागरिकों द्वारा 'पाकिस्तानी फौजियों कश्मीर छोड़ो' का आंदोलन चलाया जा रहा है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत पीओके पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा लेकिन इसे बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी क्योंकि इसके लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं इसमें शामिल होना चाहेंगे। राजनाथ के बयान बेशक चुनाव के मौके पर हो, लेकिन इसमें काफी हद तक सच्चाई है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के जो हालात हैं, उसमें ऐसा लगने लगा है कि वह दिन दूर नहीं, जब वहां के लोग पाक हुक्मरान के खिलाफ बगावत कर भारत में मिलने के लिए जान की बाजी लगा दें। भले ही पाकिस्तान और उसके हुक्मरान पीओके को आजाद कश्मीर का तमगा दें लेकिन सच यही है कि यहां के लोगों के हालात गुलामों से भी बदतर हो चुका है। यहां के लोग पाकिस्तानी सेना के अत्याचार और दमन से इस कदर पीड़ित हैं कि वे अतिशीध्र भारत में विलय को तैयार हैं। पीओके के लोगों का कहना है कि वे वास्तविक रुप से वे भारत के ही हिस्सा हैं, लेकिन पाकिस्तान ने जबरन उनपर कब्जा कर रखा है। पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के अत्याचार के खिलाफ अब बगावत के लिए तैयार हैं। उनका हौसला इसलिए भी बुलंद है कि गुलाम कश्मीर को वापस लेने के लिए भारत ने मन बना लिया है। याद होगा 2022 में भारतीय सेना के प्रमुख रह चुके जनरल मनोज मुकुंद नरवाणे ने कहा था कि अगर संसद आदेश देगी तो पीओके पर हमारा कब्जा होगा। यहां ध्यान रखना होगा कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भी संसद में कहा जा चुका है कि पीओके भारत का हिस्सा है और वह इसे लेकर रहेंगे। उधर, पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के बढ़ते अत्याचार और दमन के खिलाफ 'करो या मरो' के लिए कमर कस लिए हैं। स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार 'पाकिस्तानी फौजियों कश्मीर छोड़ो' का आंदोलन चलाया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पीओके के राजनीतिक कार्यकर्ता जेनेवा में पाक सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मानें तो पाकिस्तान की फौज पीओके में मानवाधिकार का उलंघन कर रही है और प्राकृतिक संसाधनों को लूट रही है। पीओके में बढ़ते अत्याचार और मानव अधिकारों को लेकर हो रहे प्रदर्शन से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की फजीहत बढ़ रही है। इससे बचने के लिए कभी पाक प्रधानमंत्री मुजफ्फराबाद का दौरा कर रहे हैं तो कभी भारत के खिलाफ अनर्गल प्रलाप कर दुनिया का ध्यान बंटा रहे हैं। लेकिन सच्चाई यही है कि उसके हाथ से अब पीओके सरक रहा है।

दरअसल, पीओके मूल कश्मीर का वह भाग है जिस पर पाकिस्तान ने 1947 में अवैध घुसपैठ कर कब्जा कर लिया था, जबकि असल में यह क्षेत्र भारत का है। 26 अक्टूबर, 1947 को कश्मीर के राजा हरि सिंह ने पाकिस्तानी कबायली आक्रमणकारियों से बचाने के लिए भारत सरकार से सैनिक सहायता की मांग की और कश्मीर को भारत में सम्मिलित करने की प्रार्थना की। भारत सरकार ने उनके प्रस्ताव को स्वीकार लिया और 6 फरवरी, 1954 को कश्मीर की संविधान सभा ने एक प्रस्ताव के जरिए जम्मू-कश्मीर राज्य का विलय भारत में




होने की पुष्टि की। भारत सरकार ने भारतीय संविधान में संशोधन कर 14 मई, 1954 को अनुच्छेद 370 के अंतरगत जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा दिया और 26 जनवरी, 1957 को जम्मू-कश्मीर का संविधान लागू हो गया। पीओके की सीमाएं पाकिस्तानी पंजाब एवं उत्तर पश्चिमी सीमा प्रांत से पश्चिम में, उत्तर-पश्चिम में अफगानिस्तान के वाखान गलियारे से, चीन के शिनझियांग उइगर स्वायत क्षेत्र से उत्तर और भारतीय कश्मीर से पूर्व में लगती है। इस क्षेत्र के पूर्व कश्मीर राज्य के कुछ भाग ट्रांसकराकोरम ट्रैक्ट को पाकिस्तान द्वारा चीन को दे दिया गया है तथा शेष क्षेत्र को दो भागों (उत्तरी क्षेत्र एवं आजाद क्षेत्र) में विलय कर दिया गया। इसी मसले पर 1947 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ और पाकिस्तान को करारी शिकस्त मिली। भारत ही नहीं बल्कि संयुक्त राष्ट्र सहित समेत अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा भी इस क्षेत्र को पीओके ही कहा जाता है। भारत की तत्कालीन नेहरू सरकार द्वारा देर से लिए गए निर्णय के कारण पाकिस्तान ने गिलगित व बाल्टिस्तान में कबायली वेष में फौज भेजकर लगभग आधे कश्मीर पर कब्जा कर लिया। पाकिस्तान के कब्जे के बाद भारत ने दावा किया कि महाराजा हरि सिंह से हुई संधि के परिणामस्वरूप पीओके सहित पूरे जम्मू-कश्मीर राज्य पर भारत का अधिकार है। लेकिन पाकिस्तान इसे मानने को तैयार नहीं है। उल्लेखनीय है कि 1949 से लेकर 1953 तक संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर समस्या पर गहन वाद-विवाद हुआ। संयुक्त राष्ट्र के भारत पाक आयोग ने 13 अगस्त 1948 तथा 6 जनवरी 1949 को हुए समझौते के आधार पर तीन महत्वपूर्ण चरणों में फैसला किया-एक युद्ध विराम, दूसरा अल्पकालीन संधि और तीसरा जनमत संग्रह। इसका प्रथम चरण अर्थात युद्ध विराम 1 जनवरी 1949 से प्रभावी हो गया लेकिन बाद के दो चरण और उनकी व्याख्या को लेकर दोनों देशों में उत्पन हुए गतिरोधों के कारण लागू नहीं हो सके। इसीलिए इस आयोग ने 5 दिसंबर 1949 को सौंपी अपनी अंतरिम रिपोर्ट में स्वीकार किया कि राज्य (कश्मीर) की स्थिति परिवर्तित हो गई है, वह भारत का है, लेकिन पाकिस्तान अभी भी अपनी पुरानी नीति पर कायम है। पाकिस्तान सेना की मदद से यहां के सामाजिक स्वरूप को योजनाबद्ध तरीके से बदल रहा है और आतंकी संगठन जमात-उद-दावा का सरगना हाफिज सईद यहां शरिया लागू करने के लिए अभियान चला रहा है। नतीजतन बाहर से आए लोगों का बोलबाला बढ़ रहा है और स्थानीय मूल समाज हाशिए पर जा पहुंचा है। दुनिया को यह पता है कि यहां पाक सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने के लिए आतंकियों को प्रशिक्षित कर रही है। यहां 1947 से ही भारत के खिलाफ आतंकवाद का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए पाकिस्तान की भारत विरोधी आतंकी नीति ही जिम्मेदार है। यहां समझना होगा कि पाकिस्तान की विदेश नीति का मुख्य लक्ष्य किसी भी तरह जम्मू-कश्मीर को हड़पना है। उसकी परराष्ट्र नीति का मूल प्रेरणा स्त्रोत भारत का भय और उसके निवारण के लिए मित्रों की खोज करना है। इसीलिए वह बार-बार अंतर्राष्ट्रीय मंचों के जरिए जम्मू-कश्मीर का मसला उठाकर भारत को विश्व बिरादरी से अलग-थलग करने का प्रयास करता है। इसके लिए वह कश्मीर में आतंक का समर्थन करता है और आतंकियों के मारे जाने पर उसकी आड़ में भारत के खिलाफ मानवाधिकार हनन का दुष्प्रचार करता है। पाक की विदेश नीति पर एक तत्व हावी है, वह है-भारत विरोध की नीति। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटने के बाद अब वह इस मसले पर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर अपने चीन सरीखे मित्रों के जरिए मोर्चा खोलता रहता है। लेकिन उसे हर बार मुंह की खानी पड़ रही है, क्योंकि आज दुनिया का हर देश भारत के साथ कंधा जोड़ने को तैयार है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

जीपीटी-5 व लामा-3
शैलजा सिंह



# अगली पीढ़ी के चैटबॉट्स...

हाल ही में, ओपनएआई के चैटजीपीटी एआई-संचालित चैटबॉट और मेटा के लामा सिस्टम के नियोजित अपग्रेड के बारे में प्रचार-प्रसार हुआ है, जो फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कंपनी के चैटबॉट्स को शक्ति प्रदान करता है। इन प्रणालियों के पीछे की तकनीक को बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) के रूप में जाना जाता है। ये कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क हैं, एक प्रकार का एआई जिसे मानव मस्तिष्क की नकल करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। वे चैटबॉट्स के लिए सामान्य प्रयोजन पाठ उत्पन्न कर सकते हैं, और अवधारणाओं को वर्गीकृत करने, डेटा का विश्लेषण करने और पाठ का अनुवाद करने जैसे भाषा प्रसंस्करण कार्य कर सकते हैं। वे इन क्षमताओं को प्रशिक्षण नामक एक गहन प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त करते हैं, जहां एआई सिस्टम जो करता है उसे बेहतर बनाने के प्रयास में बड़ी मात्रा में डेटा के संपर्क में आता है। उम्मीद है कि ओपनएआई और मेटा 2024 की गर्मियों के अंत से पहले अपने चैटबॉट्स के नए संस्करण जारी करेंगे - जिन्हें क्रमशः जीपीटी-5 और लामा 3 कहा जाता है। ये अपने पूर्ववर्तियों से भिन्न होंगे। अपने पूर्ववर्ती जीपीटी-4 की तरह, जीपीटी-5 छवियों और पाठ को समझने में सक्षम होगा। उपयोगकर्ता इससे किसी छवि का वर्णन करने के लिए कह सकेंगे, जिससे दृष्टिबाधित लोगों के लिए यह अधिक सुलभ हो जाएगा। जीपीटी-5 में विभिन्न भाषाओं के साथ बेहतर क्षमताएं होंगी, जिससे गैर-अंग्रेजी बोलने वालों के लिए सिस्टम के साथ संवाद करना और बातचीत करना संभव हो जाएगा। इसमें भाषा अनुवाद की अधिक निपुणता शामिल है। अपग्रेड में संवाद के संदर्भ की व्याख्या करने और भाषा की बारीकियों की व्याख्या करने की बेहतर क्षमता भी होगी। जीपीटी-5 में अधिक उन्नत तर्क क्षमताएं होंगी, जिसका अर्थ है कि यह अधिक जटिल डेटा सेट का विश्लेषण करने और अधिक परिष्कृत समस्या-समाधान करने में सक्षम होगा। यह तर्क एआई प्रणाली को नए अनुभवों से सीखकर निर्णय लेने में सक्षम बनाएगा। यह अधिक सटीक जानकारी प्रदान करने में सक्षम होगा। जीपीटी-5 एक समय में 50,000 शब्दों तक प्रोसेस कर सकता है, जो जीपीटी-4 की तुलना में दोगुना है, जिससे यह बड़े दस्तावेज़ों को संभालने के लिए और भी बेहतर होगा। इसमें उच्च स्तर की भावनात्मक बुद्धिमत्ता होगी, जो उपयोगकर्ताओं के साथ अधिक सहानुभूतिपूर्ण संवाद में मददगार होगी। यह ग्राहक सेवा सहित कई सेटिंग्स में उपयोगी हो सकता है। जीपीटी-5 जानकारी को खोजने और पुनः प्राप्त करने के तरीके की सटीकता में भी महत्वपूर्ण सुधार प्रदर्शित करेगा, जिससे यह सीखने के लिए अधिक विश्वसनीय स्त्रोत बन जाएगा। जीपीटी-5 उस इंटरनेट ऑफ थिंग्स के साथ अधिक संगत होगा, जहां घर व अन्य जगहों पर डिवाइस जुड़े होते हैं और जानकारी साझा करते हैं। इसे उद्योग 5.0 नामक अवधारणा का समर्थन करने में भी मदद करनी चाहिए, जहां मनुष्य और मशीनें एक ही कार्यस्थल के भीतर परस्पर क्रिया करते हैं। जीपीटी-5 में अधिक मजबूत सुरक्षा प्रोटोकॉल होंगे जो इस संस्करण को दुर्भावनापूर्ण उपयोग और गलत प्रबंधन के खिलाफ अधिक मजबूत बनाएंगे। लामा-3 मेटा का जीपीटी-5 का प्रतिस्पर्धी है। इसमें अपने पूर्ववर्ती लामा-2 की तुलना में कई सुधार हैं। यह एक अधिक सक्षम मॉडल है जो अंततः अपने पूर्ववर्ती लामा-2 के अधिकतम 70 अरब मापदंडों की तुलना में 400 अरब मापदंडों के साथ आएगा। मशीन लर्निंग में, पैरामीटर एक शब्द है जो एआई सिस्टम में एक वेरिएबल का प्रतिनिधित्व करता है जिसे प्रशिक्षण प्रक्रिया के दौरान समायोजित किया जा सकता है, ताकि सटीक भविष्यवाणियां करने की क्षमता में सुधार हो सके। लामा-3 मल्टीमॉडल भी होगा, जिसका अर्थ है कि यह टेक्स्ट, छवियों और वीडियो को संसाधित करने और उत्पन्न करने में सक्षम है। यह अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में कार्य करने में सक्षम होगा और इसमें लामा 2 की तुलना में बड़ी संदर्भ विंडो होगी। एक संदर्भ विंडो पाठ की उस सीमा को दर्शाती है जिसे एलएलएम सूचना उत्पन्न होने के समय संसाधित कर सकता है। इसका तात्पर्य यह है कि जब मॉडल को भविष्यवाणियां करने और प्रतिक्रियाएं उत्पन्न करने के लिए कहा जाएगा तो वह कम समय के भीतर पाठ या डेटा के बड़े हिस्से को संभालने में सक्षम होगा। मेटा गूगल क्लाउड सहित कई अन्य अनुप्रयोगों के साथ काम करने में सक्षम होने के लिए लामा-3 को कई अलग-अलग संस्करणों में लॉन्च करने की योजना बना रहा है। मेटा ने घोषणा की कि सबसे उन्नत संस्करण की रिलीज़ से पहले, लामा-3 के और अधिक बुनियादी संस्करण जल्द ही लॉन्च किए जाएंगे, जो अगली गर्मियों में होने की उम्मीद है। चैटबॉट्स की इस नई पीढ़ी में परिवर्तन न केवल जेनरेटिव एआई में क्रांति ला सकता है, बल्कि मानव-मशीन इंटरैक्शन में एक नए युग की शुरुआत भी कर सकता है जो वैश्विक स्तर पर उद्योगों और समाजों को बदल सकता है।

(लेखिका टेकविद् और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

## धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित
प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गाँव में घूमते हुए काफ़ी देर हो गयी थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गाँव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गाँव में अंदर गया तो उसने देखा वहाँ एक नदी थी जहाँ बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहाँ नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गयी और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना सरकार का दायित्व

अक्सर देश के विभिन्न राज्यों में दूषित पानी लोगों की सेहत का दुश्मन बन जाता है। दूषित जल के कारण लोगों की जो सेहत खराब होती है, उसके लिए कौन जिम्मेवार है, सरकार, प्रशासन या फिर आम जन? दूषित जल के लिए तो सरकार और प्रशासन ही ज्यादा जिम्मेवार हैं, क्योंकि आम जन को सरकार की तरफ से दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं में स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना मुख्य होता है। लेकिन हमारे देश के सत्ताधारियों की आदत बन चुकी है आग लगने के बाद कुआं खोदने की। कई बार तो कुआं खोदने की भी कोशिश नहीं करते, बस लापरवाहियों पर शिकंजा कसने का आश्वासन देकर अगली लापरवाही तक लंबी तान कर सो जाते हैं। सरकार को ऐसे भरसक प्रयास करने चाहिए कि आम जन को स्वच्छ जल उपलब्ध हो। – *पवन सोनी, भाटापारा*

## ट्रेंड

### रायबरेली भी तैयार



राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि उनकी पार्टी में किन लोगों ने उन्हें धोखा दिया है। वे किसे सबक सिखाना चहाते हैं। और अब वे अमेठी में अपमानित को क्यों अपमानित कर रहे हैं। रायबरेली भी उन्हें हराने के लिए तैयार हैं।

-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री

### प्रबुद्ध लोगों की धरा



प्रधानमंत्री जी पीरजादा है इसलिए शहजादा बोल रहे है। वे पीरजादे यानि बुजुर्ग है। हम छोटे लोगों को कुछ भी बोल सकते हैं। लेकिन झूठ अधिक बोलते हैं। मिथिला की धरती प्रबुद्ध लोगों की धरा है यहां के लोग बेकार की नहीं काम की बात सुनते हैं।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

### कैसे मदद कर सकते हैं



इसका नाम जसप्रीत है। कुल्चे बेचता है। लेकिन उसकी शिक्षा प्रभावित नहीं होनी चाहिए। मुझे विश्वास है, वह दिल्ली के तिलक नगर में है। यदि किसी के पास उनका संपर्क नंबर हो तो कृपया इसे साझा करें ताकि पता लगाएं कि इसकी शिक्षा में कैसे मदद कर सकते हैं।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### लोगों को हंसाया



अपनी कुछ तस्वीरें देखने के बाद मुझे एहसास हुआ कि स्थिर मन के सामने मेरा व्यवहार आश्चर्यजनक रूप से अच्छा है। आइए बस एक ठंडी गोली लें और कुछ वीडियो दोबारा देखें, जिन्होंने अन्य लोगों को हंसाया है।

-काजोल, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# सुनीता विलियम्स तीसरी बार अंतरिक्ष यात्रा करने तैयार

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 58 साल की उम्र में मंगलवार को बतौर पायलट तीसरी बार अंतरिक्ष की उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। वह बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान से उड़ान भरेंगी जिसे फ्लोरिडा में केप केनवेरल के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से छोड़ा जाएगा। स्टारलाइनर विलियम्स और बुच विलमोर को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र लेकर जाएगा जो संकटग्रस्त बोइंग कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण और बहु-प्रतीक्षित सफलता हो सकती है। अंतरिक्ष यान सोमवार को स्थानीय समयानुसार रात 10:34 बजे (मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 8:04 बजे) रवाना होगा। 'ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन' (बीबीसी) ने विलियम्स के हवाले से कहा, 'हम सभी यहां हैं क्योंकि हम सभी तैयार हैं। हमारे दोस्तों और मित्रों ने इसके बारे में सुना है और हमने इसके बारे में बात की है और वे खुश तथा गौरवान्वित हैं कि हम इस प्रक्रिया का हिस्सा हैं।' अंतरिक्ष यान के विकास में कई झटकों के कारण इस अभियान में कई वर्षों की देरी हुई है। अगर यह कामयाब हो जाता है तो एलन मस्क की 'स्पेसएक्स' के साथ यह दूसरी निजी कंपनी बन जाएगी जो चालक दल को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र तक ले जाने और वापस लाने में सक्षम होगी।



## ऑफ बीट

# पेड़ों पर छाल क्यों होती है? इसका क्या काम होता है

छाल पेड़ों को विविध सामग्री चारों ओर ले जाने में मदद करती है। कई पेड़ों की छाल दो अलग-अलग चीजों से बनी होती है। पहली चीज़ को फ्लोएम कहा जाता है और यह काफी जटिल चीज़ है। इसका मुख्य काम शर्करा और हार्मोन जैसे रसायनों को पेड़ के ऊपर, नीचे और आसपास पहुंचाना है। वास्तव में, फ्लोएम पेड़ के चारों ओर पौधे के लिए आवश्यक किसी भी चीज़ को स्थानांतरित कर सकता है। यह एक बहुत अच्छा कारण है कि पेड़ों की छाल क्यों होती है। दूसरी चीज़ को कॉर्क कहते हैं और कई पेड़ों में फ्लोएम और कॉर्क एक साथ मिले होते हैं. कॉर्क पेड़ को हानिकारक कीड़ों और कवक से बचाने में मदद करता है। यह पेड़ के कुछ हिस्सों को बहुत अधिक गर्म या बहुत ठंडा होने से बचाने में भी मदद करता है। हमारी तरह, पेड़ भी सही तापमान पर सबसे अच्छा काम करते हैं। तो यह सुरक्षा एक महत्वपूर्ण कारण है कि पेड़ों की छाल क्यों होती है। कुछ पेड़ों की छाल पतली चिकनी होती है जो हर साल झड़ जाती है। अन्य पेड़ों की छाल मोटी, रोएँदार या झुर्रीदार होती है जो महीनों या कई वर्षों में टुकड़ों में झड़ती है। जैसे-जैसे पेड़ बड़ा होता जाता है, छाल नियमित रूप से बदलती रहती है।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

### पीएम मोदी ने ओडिशा के बेहरामपुर, नबरंगपुर और गंजम में भरी हुंकार

# परमात्मा ने ओडिशा को सबकुछ दिया, ओड़िशा अमीर, लेकिन यहां के लोग गरीब, प्रभु जगन्नाथ की धरती पर हूं और आशीर्वाद लेने आया हूं

ओडिशा के चुनाव दौरे पर आए पीएम मोदी ने कहा कि यहां बीजेडी अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं और सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है। उन्होंने कहा कि 4 जून को बीजेडी सरकार की एक्सपाइरी डेट लिखी हुई है।

एजेंसी ⏭ बेरहामपुर

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को ओडिशा और आंध्र प्रदेश के चुनावी दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने ओडिशा के बेरहामपुर में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान जनसभा में उपस्थित लोगों से पीएम मोदी ने कहा कि कल मैं प्रभु राम की नगरी अयोध्या में था वहां मैंने रामलला और अयोध्या दर्शन किए आज मैं प्रभु जगन्नाथ की धरती पर हूं और आशीर्वाद लेने आया हूं।

उन्होंने कहा कि ओडिशा में उपजाऊ भूमि, खनिज संसाधन, समुद्री तट, बेरहामपुर जैसा व्यापार केंद्र, संस्कृति, विरासत और न जाने क्या-क्या है, परमात्मा ने ओडिशा को सबकुछ दिया हैं फिर भी इतने अमीर ओडिशा के लोग गरीब रह गए हैं। ओडिशा अमीर है लेकिन जनता गरीब हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा में बीजेडी अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं और सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है।

**ओडिशा में सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है**

### 4 जून बीजेडी सरकार की एक्सपाइरी डेट

गंजम में चुनावी रैली में पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है, यहां सरकार बनने के बाद हम पूरी शक्ति से हमारी सभी घोषणाओं पर अमल करेंगे। 4 जून को बीजेडी सरकार की एक्सपाइरी डेट लिखी हुई है। आज 6 मई है और 6 जून को भाजपा के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा, 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा पार्टी के मुख्यमंत्री पद का शपथ समारोह होगा।

### ओडिशा में बीजेडी अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं



### ओडिशा सरकार को महिलाओं के हितों की परवाह नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि आज ओडिशा में जो सरकार है, उसे महिलाओं के हितों की कोई परवाह ही नहीं है। केंद्र सरकार हर गर्भवती महिला को 6 हजार रुपए की आर्थिक मदद दे रही है। ओडिशा सरकार ने इतनी महत्वपूर्ण और पवित्र योजना पर भी ताला लगा दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। ओडिशा भाजपा की सुभद्रा योजना, यहां महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करेगी।

**बीजेडी सरकार में लोगों को अवसर नहीं**

नबरंगपुर में पीएम मोदी ने कहा कि नबरंगपुर से छत्तीसगढ़ की दूरी 50-60 किलोमीटर है। वहां, भाजपा सरकार 3,100 रुपए प्रति क्विंटल पर धान खरीदती है। जबकि यहां ओडिशा 2100 रुपए में धान खरीदा जाता है। ओडिशा भाजपा ने घोषणा की है कि भाजपा सरकार बनने के दूसरे ही दिन 3,100 रुपए प्रति क्विंटल पर धान खरीदा जाएगा। पीएम ने कहा कि मुझे यह देखकर दुख होता है कि बीजेडी सरकार ने आपको सही अवसर नहीं दिए।

**केंद्र सरकार ने 10 हजार करोड़ दिए**

पीएम ने कहा कि 10 साल में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए से ज्यादा ओडिशा को दिए हैं। केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के लिए 10 हजार करोड़ रुपए ओडिशा को दिए। वो पैसे यहां की सरकार सही से खर्च ही नहीं कर पाई। वे गांव में सड़कें बनाने के लिए पैसा भेजता है, लेकिन यहां गांवों में सड़कों की हालत खराब है। दिल्ली से मुफ्त चावल के लिए केंद्र पैसे भेजता है, लेकिन बीजेडी सरकार इस पर भी अपना फोटो चिपका देती है।

## चुनाव देखने भारत पहुंचे 23 देशों के 75 प्रतिनिधि

**नई दिल्ली।** 23 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 प्रतिनिधि भारतीय आम चुनावों को देखने के लिए इस समय भारत में हैं। ये प्रतिनिधि विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव और संबंधित तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए छह राज्यों का दौरा करेंगे। इनमें महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। यह कार्यक्रम 9 मई को समाप्त होगा। निर्वाचन आयोग ने बताया कि विदेशी प्रतिनिधियों को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ भारतीय चुनाव में सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराया जा रहा है। जिन 23 देशों के संगठन भारत आए हैं, उनमें भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया शामिल हैं।

### प्रमोद कृष्णम का दावा, राहुल ने कहा था

## कांग्रेस सरकार बनने पर पलट देंगे राम मंदिर फैसला



**संभल।** पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा है कि जब राम मंदिर का फैसला आया तो राहुल गांधी ने अपने करीबियों के साथ बैठक की थी। इसमें कहा था कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद वह एक सुपरपावर कमेटी का गठन करेंगे। राम मंदिर के फैसले को वैसे ही पलट देंगे जैसे राजीव गांधी ने शाह बानो के फैसले को पलट दिया था। कहा कि राहुल गांधी और उनकी टीम इस देश को किसी न किसी बहाने से तोड़ना चाहती है। राहुल गांधी और उनकी टीम देश को जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के नाम पर तोड़ने में लगी है।

### 500 लोगों की कोर टीम, 20 गांवों का रोजाना दौरा

## अमेठी-रायबरेली के लिए प्रियंका का मेगा प्लान



**लखनऊ।** प्रियंका गांधी वाड्रा 12 दिनों के लिए रायबरेली के भुवेमऊ गेस्ट हाउस में डेरा डालेंगी। क्योंकि उनके सामने पारिवारिक विरासत को बचाने और बीजेपी से अमेठी को वापस जीतने की सबसे बड़ी चुनौती है। प्रियंका यहां 12 दिन में रोजाना 20 गांव में दौरा करेंगी। उनकी कोर टीम में 500 लोग शामिल हैं। ये सभी विश्वासपात्र कार्यकर्ता हैं।

### जेपी नड्डा का कांग्रेस पर निशाना

## वो फर्जी वादों और अपराधियों के सहारे सत्ता में आना चाहते हैं




**पेद्दापल्ली (तेलंगाना)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। नड्डा ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी फर्जी वादों, फर्जी नारों, वोट बैंक की राजनीति और अपराधियों के जरिए किसी भी तरह से सत्ता में आने की कोशिश करती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने तेलंगाना के पेद्दापल्ली में एक जनसभा रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमने वह युग देखा है जब कांग्रेस शासन कर रही थी और जब हम इसे याद करते हैं, तो हमें भ्रष्टाचार, नीतिगत पंगुता और अनिर्णय की चिंताओं को याद करना चाहिए जो उनके कारण हुई। शासन मॉडल और कांग्रेस फिर से देश को उसी युग में पीछे धकेलना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस फर्जी वादों, फर्जी नारों, वोट बैंक की राजनीति और अपराधियों के जरिए किसी भी तरह से सत्ता में आने की कोशिश करती है। आज, मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने वंशवादी राजनीति को त्याग दिया है और विकास की राजनीति आगे बढ़ रहा है। जेपी नड्डा ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भी सराहना की और दावा किया कि देश आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम 'सबका साथ, सबका विकास' के विचार के साथ आगे बढ़ रहे हैं। भारत एक वैश्विक नेता के रूप में चमक रहा है।

### बिहार में गरजे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा

## विरोधी कांग्रेस की गोद में लालू व इनके बेटे बैठे हैं

**पटना।** गृह मंत्री अमित शाह ने उजियारपुर में कहा कि मैं लालू यादव को कहना चाहता हूं। इसी कांग्रेस ने पिछड़ों का विरोध किया। मंडल कमीशन का विरोध किया। पिछड़ा समाज के विरोधी कांग्रेस की गोद में लालू व इनके बेटे बैठे हैं। भाजपा ने सबसे पहले पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग का पीएम बनाया है। गरीब चाय बेचने वाले को पीएम बनाया है। लालू जी के लालटेन व पंजे के साथ अन्याय, भूखमरी, गरीबी तो एनडीए के साथ आने पर डबल इंजन सरकार मिलेगी जो बिहार को आगे बढ़ाएगी।



**पीएम मोदी ने कर्पूरी ठाकुर को सम्मान दिया**

गृह मंत्री शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी जी ने 'भारत रत्न' देकर जननायक भारत रत्न बनाने का काम किया है। उन्होंने जीवन की अंतिम सांस तक गरीबों-पिछड़ों के लिए काम किया।

### भाजपा बहुत दिन से सपना देख रही: नवीन

बीजेडी नेता वीके पांडियन ने एक वीडियो में नवीन पटनायक से पूछते हैं कि भाजपा बोल रही है कि वो उड़ीसा में सरकार बनाएंगी। इस पर उड़ीसा के सीएम नवीन पटनायक ने हंसते हुए कहा कि भाजपा बहुत दिनों से दिन में सपना देख रही है।



### नेशनल कॉन्फ्रेंस की कारगिल यूनिट का इस्तीफा

**कारगिल।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में सोमवार को बड़ा झटका लगा जब उसकी पूरी कारगिल इकाई ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार के चयन को लेकर सामूहिक इस्तीफे की घोषणा की। लद्दाख के अतिरिक्त महासचिव कमर अली अखून ने एक पत्र में पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला को इकाई के फैसले से अवगत कराया।

---

### खबर संक्षेप

### भाजपा के पूर्व सांसद समेत सात लोग बरी

**गांधीनगर।** गुजरात उच्च न्यायालय ने आरटीआई कार्यकर्ता अमित जेठवा की हत्या के मामले में भाजपा के पूर्व सांसद समेत सात लोगों को बरी कर दिया है। इन लोगों को सीबीआई अदालत ने दोषी ठहराया था। इसी के खिलाफ भाजपा के पूर्व सांसद दीनू सोलंकी और अन्य छह लोग उच्च न्यायालय पहुंचे।



### के. कविता की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को एक्साइज पॉलिसी केस में सीबीआई और ईडी के केस में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने कहा कि उन्हें राहत देने के लिए यह सही समय नहीं है।



### फिर विवादों में घिरे राहुल गांधी, कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों ने लिखा खुला पत्र

# 181 शिक्षाविदों ने कांग्रेस नेता के दावों को किया खारिज, कानूनी कार्रवाई की मांग की

कई विश्वविद्यालय के कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों समेत 181 शिक्षाविदों ने नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में राहुल गांधी पर 'झूठ फैलाने' का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि कुलपतियों के चयन की प्रक्रिया सख्त और पारदर्शी है तथा इसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। बीते दिनों विश्वविद्यालय प्रमुखों की चयन प्रक्रिया पर राहुल ने सवाल खड़ा किया था। जिसका विरोध जताते हुए अब कई विश्वविद्यालय के कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों समेत 181 शिक्षाविदों ने खुला पत्र लिखा है। उन्होंने नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में 'झूठ फैलाने' का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने कांग्रेस नेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

शिक्षाविदों ने एक खुले पत्र में कहा कि कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया है कि कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता के बजाय केवल किसी संगठन से संबद्धता के आधार पर की जाती है। उन्होंने पत्र में राहुल के दावों को खारिज किया है। उन्होंने दावा किया कि कुलपतियों के चयन की प्रक्रिया सख्त और पारदर्शी है तथा इसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित हैं।

### चयन प्रक्रिया पूरी तरह अकादमिक और प्रशासनिक

**खास बातें**

- राहुल गांधी ने झूठ का सहारा लिया
- चयन की प्रक्रिया सख्त और पारदर्शी
- इसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित



**कार्यालय को बदनाम किया**

पत्र में लिखा गया है कि देश भर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के कुलपति और अकादमिक नेताओं के चयन प्रक्रिया के संबंध में हाल ही में दिए गए आधारहीन आरोपों का खंडन किया जाता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि राहुल गांधी ने झूठ का सहारा लिया है और कार्यालय को बदनाम किया है। इसलिए मांग है कि कानून के अनुसार उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

**क्या कहा था राहुल गांधी ने?**

राहुल गांधी ने अपने बयानों में हाल ही में आरोप लगाया था कि विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता और अहर्ता को ताक पर रख कर कुछ संगठनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबंधों के आधार पर की जा रही है।

### विश्वविद्यालयों को आगे ले जाने का दृष्टिकोण रहा

पत्र में लिखा गया है कि जिस प्रक्रिया से कुलपतियों का चयन किया जाता है, वह योग्यता, विद्वतापूर्ण विशिष्टता और अखंडता के मूल्यों पर आधारित कठोर, पारदर्शी कठोर प्रक्रिया की विशेषता है। कुलपति चयन की प्रक्रिया पूरी तरह अकादमिक और प्रशासनिक कौशल पर आधारित रही है और इसमें विश्वविद्यालयों को आगे ले जाने का दृष्टिकोण रहा है।

### गोपाल गोस्वामी का वृंदावन में किया अंतिम संस्कार

## गोशाला में दी गई भू समाधि इस्कॉन भक्तों ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी ⏭ मथुरा



इस्कॉन गवर्निंग कॉउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन गोपाल कृष्ण गोस्वामी का सोमवार को वृंदावन में अंतिम संस्कार किया गया। गोपाल कृष्ण गोस्वामी को उनके अनुयायीयों ने इस्कॉन गोशाला में समाधि दी। 6 मई की सुबह 10 बजे इस्कॉन से जुड़े अनुयायी उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली से लेकर वृंदावन पहुंचे। शाम 5 बजे तक अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव शरीर को रखा गया। इसके बाद भू समाधि दी गई। गौशाला के बलराम हॉल में भक्तों ने पार्थिव शरीर के दर्शन किए। अंतिम दर्शन के लिए 10 हजार से ज्यादा भक्तों ने श्रद्धांजलि दी।

## दिल्ली में कार डीलर पर ताबड़तोड़ फायरिंग, मांगी 5 करोड़ की रंगदारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के तिलक नगर इलाके में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब वहां एक दुकान पर हमलावरों ने कई राउंड गोलियां चलाईं। बताया जा रहा है कि हथियारों से लैस हमलावरों ने यहां स्थित फ्यूजन कार डीलर के यहां ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। दिल्ली पुलिस भारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और इलाके को चारों तरफ से घेर लिया। डीसीपी रैंक के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि करीब 20 राउंड गोलियां चलाई गई है और इस हमले में कुछ लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

### भाजपा के शिवराज को चुनौती देने उतरे पुराने कांग्रेस दिग्गज प्रताप भानु शर्मा

# हॉट सीट विदिशा: कांग्रेस के लिए आसान नहीं साढ़े तीन दशक का सूखा खत्म

ओपी पाल ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की विदिशा लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में आज मतदान हो रहा है। विदिशा ऐसे महत्वपूर्ण संसदीय क्षेत्रों में शामिल है, जो खासतौर से भाजपा के लिए किसी प्रयोगशाला से कम भी नहीं है। मसलन इस सीट से भाजपा या उसके अनुसांगिक राजनीतिक दलों के जो भी यहां चुनाव मैदान में उतरे, उनमें अधिकांश प्रत्याशी यहां से जीत हासिल करके लोकसभा पहुंचे है। ऐसे दिग्गजों में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व विदेश मंत्री स्व. सुषमा स्वराज के अलावा मध्य प्रदेश के चार बार मुख्यमंत्री रहे खुद शिवराज सिंह चौहान भी शामिल हैं, जिन्हें भाजपा ने एक बार फिर इस सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। भाजपा का गढ़ बन चुकी इस सीट पर कांग्रेस केवल दो बार जीत का स्वाद चख पाई है। इस बार कांग्रेस ने साढ़े तीन दशक के सूखे को खत्म करने के इरादे से इस सीट से दो बार सांसद रहे प्रताप भानु शर्मा को ही चुनावी जंग में उतार कर बड़ा दांव खेला है। हालांकि कांग्रेस के दावों के बावजूद कांग्रेस के लिए इस चुनौतीपूर्ण चुनावी जंग में भाजपा का अभेद किला भेदना कोई आसान राह नजर नहीं आती। बहरहाल यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच ही सीधा मुकाबला माना जा रहा है। मध्य प्रदेश की इस खास विदिशा लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने अपने डेढ़ दशक से ज्यादा के अपने मुख्यमंत्री काल में उपलब्धियों को लेकर हर वर्ग के मतदाताओं को आकर्षित करने में जुटे हैं और एक लाडली बहना तथा मोदी की गारंटी के विश्वास के साथ चुनाव जीतने की तैयारी में है। दूसरी ओर पांच बार सांसद और छह बार विधायक रह चुके भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान को 33 साल बाद 77 वर्षीय प्रताप भानु शर्मा भाजपा शासनकाल और केंद्र सरकार की नाकामी गिनाने के साथ कांग्रेस की गारंटी के सहारे अपनी सियासी वैतरणी को पार लगाने की जुगत में हैं। इस सीट पर भाजपा इस बार जीत के अंतर का रिकार्ड बनाने की चुनावी रणनीति के साथ चुनाव मैदान में हैं। भाजपा और कांग्रेस की इस रणभूमि में इंडिया गठबंधन से बगावत करके सपा की सीमा वर्मा और बसपा के किशनलाल लड़िया समेत कुल 13 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।



प्रताप भानु शर्मा



शिवराज सिंह

### विदिशा सीट का इतिहास

*विदिशा लोकसभा सीट पर अब तक हुए 16 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस केवल दो बार ही जीत सकी है, जबकि 14 बार यहां आरएसएस विचारधारा के दलों भारतीय जनसंघ, जनता पार्टी और भाजपा ने जीत दर्ज की है। पहला चुनाव 1967 में भारतीय जनसंघ के पंडित शिव शर्मा जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। 1971 के चुनाव में सुविख्यात पत्रकार रामनाथ गोयनका ने जीत दर्ज कर जनसंघ का कब्जा बरकरार रखा। 1977 में जनता पार्टी के राघव ने चुनाव जीता, लेकिन उसके बाद 1980 और 1984 के चुनाव में कांग्रेस के प्रताप भानु शर्मा ने लगातार जीत हासिल की, लेकिन 1989 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रुप में राघव जी ने कांग्रेस पर पलटवार करके दूसरी बार चुनाव जीता और उसके बाद अब तक यहां भाजपा के सामने कांग्रेस लगातार परास्त होती आ रही है। 1991 के चुनाव में यहां से भाजपा प्रत्याशी के रुप में अटल बिहारी वाजपेयी रिकार्ड मतों से जीते, लेकिन लखनऊ लोकसभा सीट से भी निर्वाचित हुए वाजपेयी ने यह सीट छोड़ दी, जहां इसी साल हुए उपचुनाव में पहली बार शिवराज सिंह ने जीत हासिल की और इस सीट से लगातार पांच बार चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचते रहे। साल 2005 में भाजपा ने उन्हें मध्य प्रदेश का सीएम बना दिया, तो उनके इस्तीफे के बाद यहां 2006 में उप चुनाव हुआ, जिसमें भाजपा के रामपाल सिंह ने भगवा लहराया। इसके बाद इस सीट से भाजपा ने 2009 के चुनाव में सुषमा स्वराज को प्रत्याशी बनाया, जो लगातार दो बार जीतकर लोकसभा पहुंची और केंद्र में मोदी सरकार में विदेश मंत्री भी बनी। पिछला बार भाजपा के रमाकांत भार्गव ने जीता था, जिनके स्थान पर शिवराज सिंह चौहान को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है।*

### ऐसा है कुछ जातीय समीकरण

*इस सीट पर कुल मतदाता 19,38,383 है, जिनमें 10,04,254 पुरुष और 9,34,046 महिला मतदाता शामिल है। चार जिलों की आठ विधानसभा क्षेत्रों से घिरी इस लोकसभा सीट पर 81.39 प्रतिशत ग्रामीण और 18.61 प्रतिशत शहरी आबादी की है। इस सीट के जातीय समीकरण में करी 38 प्रतिशत ओबीसी, 19 प्रतिशत अनुसूचित जाति, 10 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति, 7 प्रतिशत मुस्लिम आबादी के अलावा बाकी सामान्य जातियों की आबादी है। इसके अलावा कुशवाह, दांगी, जैन मतदाता भी चुनावों में अहम भूमिका निभाते रहे हैं। आठ विधानसभा में सात पर भाजपा काबिज: विदिशा लोकसभा सीट 4 जिलों रायसेन, विदिशा सीहोर और देवास की 8 विधानसभा सभा क्षेत्रों से बनी है, जिसमें विदिशा जिले की विदिशा व बासौदा, रायसेन जिले की भोजपुर सांची(सु) व सिलवानी, सिहोर जिले की बुधनी व इच्छावर तथा देवास जिले की खाटेगांव विधानसभा क्षेत्र शामिल है। इन आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज है, जबकि एक सीट पर कांग्रेस का विधायक है। विदिशा लोकसभा की बुधनी विधानसभा सीट से ही शिवराज सिंह चौहान खुद 6 बार विधायक भी रह चुके हैं।*

# गोयनका के बयान से ब्रोकर्स नाराज, कहा- उन्हें नहीं सेबी के नियमों की जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आरपीजी एंटप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयंका ने शेयर बाजार में हर्षद मेहता और केतना मेहता दौर की वापसी को लेकर सोशल मीडिया में किए गए पोस्ट पर देश के स्टॉक ब्रोकर्स बेहद नाराज हो गए हैं। एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंज मेंबर्स ऑफ इंडिया ने हर्ष गोयंका के इस पोस्ट पर कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए कहा कि उनके द्वारा किसी खास समुदाय - रीजन के ब्रोकर्स पर ये आरोप लगाना निंदनीय है।

- एएनएमआई ने गोयनका के पोस्ट पर की कड़ी आपत्ति

एएनएमआई जो कि एनएसई, बीएसई और दूसरे स्टॉक एक्सचेंजों में ट्रेडिंग करने वाले सदस्यों की पैन इंडिया बॉडी है। एएनएमआई ने हर्ष गोयनका के पोस्ट पर अपने जवाब में लिखा, हर्ष गोयनका द्वारा किसी खास कम्यूनिटी/रीजन के ब्रोकर्स के खिलाफ इस प्रकार का आरोप लगाया जाना बेहद निंदनीय है।

## सोशल मीडिया में पोस्ट कर कहा था- हर्षद मेहता के दौर की वापसी

### हर्षद मेहता के पोस्ट से मचा बवाल

दरअसल 4 मई 2024 को हर्ष गोयंका ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट के जरिए तहलका मचा दिया। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, शेयर बाजार में जोरदार तेजी के साथ कोलकाता में हर्षद मेहता और केतन मेहता के दौर की वापसी हो चुकी है। गुजराती - मारवाड़ी ब्रोकर्स के साथ मिलकर कोलकाता बेस्ड कंपनियों के प्रमोटर्स बढ़ा चढ़ाकर मुनाफा दिखा रहे हैं और अपनी कंपनियों के शेयरों को जबरदस्त ऊपर भगा रहे हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में शेयर बाजार के रेग्यूलेटर सेबी और वित्त मंत्रालय को भी टैग करते हुए दखल देने की मांग की है।





### किसी एक समुदाय के लोगों को किया टारगेट

गोयनका का ये आरोप बगैर किसी आधार और बिना किसी सबूत के है। एएनएमआई ने लिखा, एक्सचेंजों और सेबी द्वारा कड़े निगरानी उपायों की जानकारी की कमी उनमें (हर्ष गोयनका) में साफ नजर आ रही है। उन्होंने किसी एक खास समुदाय के लोगों को टारगेट किया।

### कोलकाता बेस्ड कंपनियों ने दिया जोरदार रिटर्न

हर्ष गोयनका ने अपने पोस्ट में कोलकाता बेस्ड उन कंपनियों का नाम नहीं लिखा है जिनके शेयरों में बीते एक साल में जोरदार तेजी देखने को मिली है। लेकिन कोलकाता बेस्ड ऐसी कई कंपनियां हैं जिन्होंने अपने शेयरधारकों को जोरदार रिटर्न दिया है। हालांकि इन कंपनियों ने मजबूत वित्तीय प्रदर्शन के आधार पर ये रिटर्न दिया है। इन कंपनियों में सबसे पहला नाम जय बालाजी इंडस्ट्रीज का आता है जिसके स्टॉक ने एक साल में निवेशकों को 1500 फीसदी रिटर्न दिया है।

## खबर संक्षेप

### सोने में 230 रुपए की बढ़त, चांदी 700 रु.चढ़ी



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 230 रुपये की बढ़त के साथ 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### इंडियन बैंक के लाभ में 55 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का 2023-24 की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 55 प्रतिशत बढ़कर 2,247 करोड़ रुपये रहा है। बैंक का 2022-23 की चौथी (मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 1,447 करोड़ रुपये था। जनवरी मार्च तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 16,887 करोड़ रुपये हो गई, जो 2022-23 की चौथी तिमाही में 14,238 करोड़ रुपये थी।

### अरविंद लिमिटेड का शुद्ध लाभ 104.42 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** कपड़ा विनिर्माता कंपनी अरविंद लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 7.32 प्रतिशत बढ़कर 104.42 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 97.3 करोड़ रुपये रहा था। तिमाही में आय 2,074.51 करोड़ रुपये रही जबकि एक वर्ष पहले इसी अवधि में यह 1,880.76 करोड़ रुपये थी।

## स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर आधारित होगी 4जी सेवाएं

# बीएसएनएल इस साल अगस्त से देशभर में शुरू करेगी 4जी सेवाएं

- प्रायोगिक चरण में 700 मेगावाट के प्रीमियम बैंड पेश
- पंजाब में 4जी सेवा के लिए आठ लाख ग्राहकों को जोड़ चुकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल इस साल अगस्त से पूरी तरह से स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर आधारित 4जी सेवाएं देशभर में शुरू कर देगी। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के अधिकारियों ने 4जी नेटवर्क पर 40-45 मेगाबिट प्रति सेकंड (एमबीपीएस) की अधिकतम गति दर्ज करने का दावा किया है। इसे पायलट या प्रायोगिक चरण के दौरान 700 मेगाहर्ट्ज के प्रीमियम स्पेक्ट्रम बैंड के साथ 2,100 मेगाहर्ट्ज बैंड में भी पेश किया गया है।

- 4जी नेटवर्क पर 40-45 एमबीपीएस की अधिकतम गति होगी

### टीसीएस व सी-डॉट से गठजोड़

कंपनी ने सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और दूरसंचार अनुसंधान संगठन सी-डॉट के नेतृत्व वाले गठजोड़ द्वारा स्वदेशी स्तर पर विकसित प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए पंजाब में 4जी सेवाएं शुरू की हैं और वह लगभग आठ लाख ग्राहकों को अपने साथ जोड़ चुकी है।

### नेटवर्क आगे 5जी में अद्यतन हो सकेगा

टीसीएस, तेजस नेटवर्क और सरकारी स्वामित्व वाली आईटीआई को 4जी नेटवर्क तैनात करने के लिए बीएसएनएल से लगभग 19,000 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। इस नेटवर्क को आगे चलकर 5जी में अद्यतन किया जा सकता है।

### नेटवर्क पर सी-डॉट कोर उपलब्ध नहीं

तेजस नेटवर्क के कार्यकारी निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी अर्नब रॉय ने हाल ही में कहा था कि बीएसएनएल का मोबाइल नेटवर्क विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां भी बीएसएनएल नेटवर्क पर सी-डॉट कोर उपलब्ध नहीं है, वहां उपकरण को मौजूदा कोर में एकीकृत किया जा रहा है।




### ग्राहकों को नया सिम लेना होगा

सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'बीएसएनएल पिछले चार-पांच वर्षों से केवल 4जी-सक्षम सिम बेच रही है। ऐसे में सिर्फ उन्हीं ग्राहकों को 4जी सेवा का अनुभव लेने के लिए नया सिम लेना होगा जिनके पास पुराना सिम है।'

### पंजाब में नेटवर्क का अच्छा प्रदर्शन

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'सी-डॉट का बनाया हुआ 4जी कोर पंजाब में बीएसएनएल नेटवर्क में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इसे पिछले साल जुलाई में स्थापित किया गया था। ऐसी जटिल प्रौद्योगिकी की सफलता साबित करने में 12 महीने लग जाते हैं लेकिन सी-डॉट कोर 10 महीने के भीतर ही स्थिर हो गया है।'

### पूरे देश में आत्मनिर्भर 4जी प्रौद्योगिकी की पेशकश

इस अधिकारी ने नाम सामने न आने की शर्त पर कहा, 'बीएसएनएल अगस्त में पूरे देश में आत्मनिर्भर 4जी प्रौद्योगिकी की पेशकश करेगा।'कोर नेटवर्क एक ऐसा समूह है जिसमें दूरसंचार सेवा से जुड़े नेटवर्क हार्डवेयर, उपकरण और सॉफ्टवेयर शामिल होते हैं।

### 4जी सेवा के लिए 9000 से अधिक टावर स्थापित



बीएसएनएल पूरे भारत में 4जी और 5जी सेवाओं के लिए 1.12 लाख टावर लगाने की प्रक्रिया में है। कंपनी ने देशभर में 4जी सेवा के लिए 9,000 से अधिक टावर स्थापित किए हैं। इनमें से 6,000 से अधिक टावर पंजाब, हिमाचल प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा सर्किल में हैं।

### अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात में भारत की हिस्सेदारी होगी 50 फीसदी

**मुंबई।** एयरलाइन कंपनियां वित्त वर्ष 2027-28 तक देश के अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात की 50 प्रतिशत जरूरत को पूरा करने में सक्षम होंगी। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने सोमवार को यह अनुमान लगाया है। एजेंसी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात में भारतीय एयरलाइन कंपनियों की हिस्सेदारी (जिसमें देश से होकर गुजरने वाला यातायात भी शामिल है) 2027-28 तक 50 प्रतिशत हो जाएगी, जो पिछले वित्त वर्ष में 43 प्रतिशत थी। क्रिसिल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह सुधार भारतीय एयरलाइन द्वारा अतिरिक्त विमानों की तैनाती और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में नए मार्ग जोड़ने के साथ-साथ विदेशी एयरलाइन की तुलना में बेहतर घरेलू संपर्क के बल पर होगा।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थानः S&T केबल शिफ्टिंग वर्क इन्वोल्वड इन रेगिरदेरिंग एट 3 नंबर्स ऑफ़ ब्रिड्जस विज ब्रिज 245 बिटवीन DSA-DLI, 241B बिटवीन DSA-A PNL, 228A इन GZB-CYZ सेक्शन ऑफ़ दिल्ली डिवीज़न | |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ Rs. 49,32,809.91/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ Rs. 98,700.00/- मात्र |
| कार्यालय का पताः वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 | |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 06.05.2024 / निविदा खुलने का दिनांक 29.05.2024 15.00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा संख्याः 558–सिगनल–16–एम.टेंडर–1422 दिनांकः 06.05.2024 1369/2024 | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**ऋण वसूली न्यायाधिकरण-I, दिल्ली**

चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001

**OA 769/2023**

बैंक ऑफ बड़ौदा विरुद्ध फोर्टिट्यूड ग्रुप

सेवा में,

(1) फोर्टिट्यूड ग्रुप चोपड़ा D/W/S/O-मानसी, शॉप नंबर 50 51 ग्राउंड फ्लोर खसरा नंबर – 412 सुखलाल मार्केट, शिवा मार्केट पीतमपुरा बेरर दिल्ली–34 बेरर, दिल्ली–110034

अन्य पताः ग्राउंड फ्लोर केएच नंबर 49 / 6, प्रहलादपुर बांगर गांव दिल्ली 110042

जबकि उपरोक्त नामक आवेदक ने आपके विरुद्ध रु. 27,41,242.12/– (रुपए सत्ताइस लाख इकतालिस हजार दो सौ बयालिस तथा पैसे बारह मात्र) की वसूली के लिए एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है। इसलिए विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक 12–09–2024 को पूर्वा. 10.30 बजे विद्वान रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है (अतिरिक्त विवरण के लिए कृपया डीआरटी की वेबसाइट www.etribunal.gov.in देखें फोन नंबर 011–23748473)।

ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

वैश्विक महामारी की वर्तमान स्थिति के कारण, सभी मामलों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी और उस प्रयोजन हेतु :– सभी अधिवक्ता / विवादी "Cisco Webex" एप्लीकेशन / सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे; रजिस्ट्रार / वसूली अधिकारी I / तथा वसूली अधिकारी II द्वारा मामलों की सुनवाई की अगली तिथि हेतु "Meeting ID" तथा "Password" अगली तारीख से एक दिन पहले डीआरटी के आधिकारिक पोर्टल नामतः "drt.gov.in" पर सार्वजनिक सूचना शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध होगा। किसी कार्याधिक्य की स्थिति में, अधिवक्ता / विवादी संबंधित पदाधिकारी से फोन नंबर 011–23748473 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर के तहत 26 अप्रैल 2024 को जारी किया

इस न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा, सहायक रजिस्ट्रार

प्रतिवादी आगे पूछताछ के लिए नीचे लिखे नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

विद्वान रजिस्ट्रार, डीआरटी – I, फोन नंबर 011–23748473 ईमेलः drt1delhi-dfs@nic.in


## भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और मजबूत मांग के दम पर अप्रैल में 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 थी जो अप्रैल में गिरकर 60.8 हो गई। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, 'अप्रैल में भारत की सेवा गतिविधियों में थोड़ी धीमी गति से वृद्धि हुई, जिसे घरेलू मांग में उल्लेखनीय मजबूती के साथ नए ठेकों और वृद्धि का समर्थन मिला।




- मजबूत मांग के दम पर पीएमआई उच्च स्तर पर पहुंची

### आउटपुट इंडेक्स 61.5

इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स अप्रैल में 61.5 रहा जो मार्च में 61.8 था। यह 14 वर्षों में दूसरे सबसे मजबूत उछाल को दर्शाता है। भंडारी ने कहा, 'समग्र गतिविधि के संदर्भ में, विनिर्माण व सेवा दोनों क्षेत्रों में कुल उत्पादन अप्रैल में उल्लेखनीय रूप से बढ़ा यद्यपि थोड़ी धीमी गति से जो इन क्षेत्रों में निरंतर बेहतरी का संकेत देता है।'

## इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे बोर्ड ने जम्मू-कश्मीर में यूएसबीआरएल परियोजना का दौरा किया

**नई दिल्ली।** परियोजना के चल रहे महत्वपूर्ण कार्यों का निरीक्षण और समीक्षा की अनिल कुमार खंडेलवाल सदस्य इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे बोर्ड ने दिनाँक 05.05.2024 को ऊधमपुर–श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक राष्ट्रीय परियोजना के श्रीनगर-संगलदान-कटरा सेक्शन का गहन और विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने अपना निरीक्षण श्रीनगर छोर से संगलदान तक ट्रेन/ निरीक्षण कार द्वारा शुरू किया। इसके बाद उन्होंने संगलदान से लेकर आगे कटड़ा तक मोटर ट्रॉली निरीक्षण किया। रास्ते में उन्होंने सवालकोट यार्ड और कटड़ा के पास सुरंग संख्या टी-33 में चल रहे शेष महत्वपूर्ण कार्यों का गंभीरता से निरीक्षण किया, जो पूरी परियोजना के चालू होने के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने प्रगति की गति पर संतोष व्यक्त किया और परियोजना अधिकारियों को सुरंग टी-33 के काम की बारीकी से निगरानी करने का निर्देश दिया। इस परियोजना को भारतीय उपमहाद्वीप में सबसे चुनौतीपूर्ण रेलवे लाइन में से एक से माना जाता है, जो भूवैज्ञानिक जटिलताओं से भरे युवा हिमालय से होकर गुजरती है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रानिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110055 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्रम सं0 | निविदा सं0 | विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 93245867 | रोटरी स्क्रू इलेक्ट्रिक, चालित वायु कंप्रेसर, 300 सीएफएम, 10 किग्रा / सेमी2 | 02 नग | 03.06.2024 |
| 2. | 93245431 | तीन (03) वर्ष की वारंटी के साथ हैंड हेल्ड स्कैनर की आपूर्ति और स्थापना। हैंड हेल्ड स्कैनर का विस्तृत विवरण अनुलग्नक संलग्न है। | 42 नग | 03.06.2024 |
| 3. | 93245466ए | 10 जोड़े X 0.63 मिमी की आपूर्ति। व्यास कॉपर कंडक्टर ट्विस्टेड जोड़ी बख्तरबंद भूमिगत टेलीकॉम पीआईजेएफ केबल, ठोस पॉलिथीन इंसुलेटेड कॉपर कंडक्टर के साथ, कोर पूरी तरह से भरने वाले यौगिक से भरा हुआ है और पॉलिथीन शीथ से बंधे पॉली–अल लेमिनेट नमी अवरोधक के साथ, टीईसी जेनेरिक के अनुसार गैल्वेनाइज्ड स्टील टेप के दो अनुप्रयोगों के साथ आवश्यकताएँ संख्या निविदा खुलने की तिथि पर नवीनतम संशोधन / संस्करण / संशोधन के साथ जीआर / सीयूजी–01 / 03एयूजी 2003। | 08 किलोमीटर | 03.06.2024 |
| | | 20 जोड़े X 0.63 मिमी की आपूर्ति। व्यास कॉपर कंडक्टर ट्विस्टेड जोड़ी बख्तरबंद भूमिगत टेलीकॉम पीआईजेएफ केबल, ठोस पॉलिथीन इंसुलेटेड कॉपर कंडक्टर के साथ, कोर पूरी तरह से भरने वाले यौगिक से भरा हुआ है और पॉलिथीन शीथ से बंधे पॉली–अल लेमिनेट नमी अवरोधक के साथ, टीईसी जेनेरिक के अनुसार गैल्वेनाइज्ड स्टील टेप के दो अनुप्रयोगों के साथ आवश्यकताएँ संख्या निविदा खुलने की तिथि पर नवीनतम संशोधन / संस्करण / संशोधन के साथ जीआर / सीयूजी–01 / 03एयूजी 2003। | 05 किलोमीटर | 03.06.2024 |
| | | 50 जोड़े X 0.63 मिमी की आपूर्ति। व्यास कॉपर कंडक्टर ट्विस्टेड जोड़ी बख्तरबंद भूमिगत टेलीकॉम पीआईजेएफ केबल, ठोस पॉलिथीन इंसुलेटेड कॉपर कंडक्टर के साथ, कोर पूरी तरह से भरने वाले यौगिक से भरा हुआ है और पॉलिथीन शीथ से बंधे पॉली–अल लेमिनेट नमी अवरोधक के साथ, टीईसी जेनेरिक के अनुसार गैल्वेनाइज्ड स्टील टेप के दो अनुप्रयोगों के साथ आवश्यकताएँ संख्या निविदा खुलने की तिथि पर नवीनतम संशोधन / संस्करण / संशोधन के साथ जीआर / सीयूजी–01 / 03एयूजी 2003। | 04 किलोमीटर | 03.06.2024 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगा।

टेंडर नोटिस सं0–93245867, 93245431, 93245466 दिनांक :– 06.05.2024 1364/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## नए लुक में बजाज ऑटो ने लॉन्च की पल्सर NS400Z बजाज पल्सर



पुणे। टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर कंपनी बजाज ऑटो ने आज बहुप्रतीक्षित पल्सर **NS400Z** को लॉन्च किया। पल्सर **NS** सीरीज लगातार तरक्की हासिल करती रही है और मार्च 2023 में संपूर्ण **NS** रेंज (**NS**125, **NS**160, और **NS**200) को एक रोमांचक रिबूटिंग मिली है और इसे एक नए एलईडी हेडलैंप, इंस्ट्रूमेंट कंसोल और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ अपग्रेड किया गया है। पल्सर **NS**400**Z** के लॉन्च के साथ बजाज ऑटो ने वास्तविक रूप से पल्सर कैटेगरी की 'डी-फैक्टो अल्फा' बाइक पेश की है। अब तक की सबसे स्टाइलिश पल्सर- मार्डन फ्लोटिंग पैनल्स के साथ पल्सर **NS**400**Z** में **NS** डीएनए का डायनैमिजम और मस्कुलैरटी मौजूद है। इसमें अग्रेसिव न्यू फ्रंट फैशिया सिगनेचर लाइटनिंग बोल्ट डीआरएल है। '**NS**400' की स्टाइलिश बिकिनी फेयरिंग और अंडरबेली एक्जॉस्ट के साथ स्पोटी टेल सेक्शन इसके एयरोडाइनैमिक पैकेज को संपूर्ण बनाते हैं और इसे शानदार लुक प्रदान करते हैं। अब तक की सबसे बडी पल्सर के तौर पर **NS**400**Z**, 373.27 सीसी इंजन से लैस है जो 40पीएस और 35एनएम टार्क प्रदान करता है। सबसे रोमांचक पल्सरः एडवांस्ड राइडर सहायक (**Rider Aids**) का एक्सेस - **NS**400**Z** सटीक थ्रोटल रेस्पॉन्स और अधिक सुचारू हैडलिंग के राइड-वाय-वायर टेक्नोलॉजी उपलब्ध कराई गई है।

# सेंसेक्स स्थिर, निफ्टी में मामूली गिरावट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को सीमित दायरे में कारोबार हुआ और बीएसई सेंसेक्स लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुआ। ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता के बीच निवेशकों की सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार एक दायरे में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 17.39 अंक की मामूली बढ़त के साथ 73,895.54 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 33.15 अंक की गिरावट के साथ 22,442.70 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक पांच प्रतिशत चढ़ गया। बैंक का लाभ मार्च तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़कर 5,302 करोड़ रुपये रहने की सूचना के बाद इसका शेयर चढ़ा। इसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, टेक महिंद्रा और इंडसइंड बैंक में भी प्रमुख रूप से बढ़त रही। दूसरी तरफ टाइटन सात प्रतिशत लुढ़क गया।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख–रखाव एवं साज–सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन–सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद–परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5503



**बाएँ से दाए-**
1. दयालु.उदार-5
4. गगन,आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा,गाऊन-3
9. छुट्टी,अवकाश-2
10. आबे हयात,काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना,भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत,बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम,सूरी-5
22. दुत्कारना,डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर,सवेरा-3
28. मूल्य,कीमत-2
29. महीन,बहुत छोटा-3
30. फूंक,दम,सुट्टा -2
32. झंकार,प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता,ज्वर-2
36. ओट,चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर,सना हुआ-4
39. निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी,बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत,तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई,चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली,रिक्त-2
16. लाईन,पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन,दरिद्र-3
21. लश्कर,फौज-2
22. नष्ट,अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय,धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा,अभिलाषा-3
35. राह,मार्ग-2
37. टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली - 5502 का हल





प्राकृतिक टर्फ और कृत्रिम फाइबर से बनने वाली पिच अधिक टिकाऊ

सतह को स्थापित करने में 'यूनिवर्सल मशीन' महत्वपूर्ण घटक

# धर्मशाला में भारत की पहली 'हाईब्रिड पिच' का अनावरण

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

भारत की पहली 'हाईब्रिड पिच' का सोमवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम में भव्य समारोह में अनावरण किया गया। इस समारोह में आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर तथा एसआईएस के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक पॉल टेलर जैसे क्रिकेट से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

धूमल ने कहा, ''इंग्लैंड में लार्ड्स और द ओवल जैसे प्रतिष्ठित स्थलों में सफलता के बाद हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल से भारत में क्रिकेट में क्रांति आएगी।' प्राकृतिक टर्फ और कृत्रिम फाइबर से बनने वाली हाईब्रिड पिच अधिक टिकाऊ होती है। इससे मैदानकर्मियों पर पिच को तैयार करने में कम दबाव होता है और साथ ही खेलने की परिस्थितियों के स्तर को बरकरार करने में भी अधिक समस्या नहीं होती।



### पिच में सिर्फ पांच प्रतिशत कृत्रित फाइबर

पिच में सिर्फ पांच प्रतिशत कृत्रित फाइबर होता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि क्रिकेट के लिए जरूरी प्राकृतिक विशेषताओं को बचाया जा सके। टेलर ने इस प्रतिष्ठित परियोजना में साझेदारी के लिए एचपीसीए का आभार जताया। हाइब्रिड सतह को स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण घटक 'यूनिवर्सल मशीन' है जिसे 2017 में एसआईएसग्रास द्वारा विकसित किया गया था और इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट मैदानों में समान पिचें बनाने में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आईसीसी ने टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल को स्वीकृति दी है और योजना है कि इस साल से इनका इस्तेमाल चार दिवसीय काउंटी चैंपियनशिप में किया जाएगा।




### खेलने की परिस्थिति होगी नियंत्रित : टेलर

भारत में हालांकि अलग तरह की चुनौती है जहां एक शहर से दूसरे शहर के मौसम और परिस्थितियों में बड़ा बदलाव होता है। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और अब एसआईएसग्रास के अंतरराष्ट्रीय बिक्री निदेशक पॉल टेलर ने कहा, 'आप (हाइब्रिड पिच पर) खेलने की परिस्थितियों को नियंत्रित कर सकते हैं क्योंकि वे मौलिक रूप से नहीं बदलते हैं। आप पिच में नमी की मात्रा को नियंत्रित कर सकते हैं। अगर आप सूखी पिच पर खेलना चाहते हैं, तो आप सूखी पिच पर खेल सकते हैं। अगर आप पिच पर अधिक घास छोड़ना चाहते हैं, तो आप ऐसा कर सकते हैं।'

### बड़े बदलाव के संकेत

क्रिकेट के खेल में नई खोज और तकनीक से कई बदलाव आने के बावजूद पिच की तैयारी पारंपरिक ही रही है लेकिन अब 'हाइब्रिड पिचों' की शुरुआत ने इसमें भी धीरे-धीरे ही सही, बड़े बदलाव के संकेत दे दिए हैं। ब्रिटेन स्थित हाइब्रिड पिच निर्माता 'एसआईएसग्रास' इस नवाचार में सबसे आगे है और कंपनी के लिए सबसे बड़ी चुनौती किसी मैच के दौरान इस तरह की पिचों पर खेलने की परिस्थितियों के स्तर को बरकरार रखने की होगी। 'एसआईएसग्रास' ने हालांकि इस कार्य को पूरा करने में विश्वास व्यक्त किया।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| हैदराबाद | 11 | 6 | 5 | 12 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| बेंगलोर | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
542 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
17 विकेट
मुंबई

### बाउंड्री मीटर

1669 चौके

961 छक्के

## खबर संक्षेप



### रुबलेव ने पहली बार जीता मैड्रिड ओपन

मैड्रिड। बुखार के कारण रात भर सो नहीं पाने के बावजूद रूस के आंद्रेइ रुबलेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस खिताब जीत लिया। रुबलेव ने आगर एलियास्सिमे को 4-6, 7-5, 7-5 से हराया। जीत के बाद उन्होंने कहा, 'मेरे पास शब्द नहीं है। अगर आपको पता चलेगा कि पिछले नौ दिन कैसे गुजरे हैं तो आप यकीन नहीं करेंगे कि मैं यह खिताब जीत सकता था।' नोवाक जोकोविच ने चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था जबकि दानिल मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल में रिटायर हो गए थे।

### आमिर के आयरलैंड जाने में होगा विलंब

लाहौर। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर वीजा मुद्दों के कारण शायद मंगलवार सुबह राष्ट्रीय टीम के बाकी सदस्यों के साथ तीन मैच की टी20 श्रृंखला के लिए आयरलैंड रवाना नहीं हो पाएंगे। पाकिस्तान



क्रिकेट बोर्ड के एक विश्वस्त सूत्र ने कह कि टीम के बाकी सदस्यों को आयरलैंड का वीजा मिल गया है लेकिन 2010 स्पॉट फिक्सिंग प्रकरण में जेल की सजा काटने के कारण आमिर के वीजा में विलंब हो रहा है। सूत्र ने कहा, '2010 के स्पॉट फिक्सिंग मामले और इसके बाद जेल की सजा और प्रतिबंध के कारण अब भी उसे वीजा जारी करने की प्रक्रिया चल रही है।'

### स्कॉटलैंड की टी20 टीम में व्हील, जोन्स की वापसी

एडिनबर्ग। माइकल जोन्स और ब्रैड व्हील की स्कॉटलैंड की 15 सदस्यीय टी20 विश्व कप टीम में वापसी हुई है, जबकि समरसेट के अनुभवी तेज गेंदबाज जोश डेवी इसमें जगह बनाने से चूक गए। डरहम और हैम्पशर का प्रतिनिधित्व करने वाले क्रमशः जोन्स और व्हील को इस महीने की शुरुआत में नीदरलैंड और आयरलैंड के खिलाफ टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए स्कॉटलैंड की टीम से बाहर रखा गया था। इन दोनों को अगले महीने अमेरिका में होने वाली वैश्विक प्रतियोगिता के लिए उनकी काउंटी टीमों ने मंजूरी दे दी है।

### हैदराबाद को 7 विकेट से दी मात, हार्दिक-चावला को 3-3 विकेट

# सूर्या की आक्रामक शतकीय पारी से मुंबई ने सनराइजर्स को हराया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सूर्यकुमार यादव की 51 गेंद में 102 रन की नाबाद पारी के अलावा चौथे विकेट के लिए तिलक वर्मा के साथ 79 गेंद में 143 रन की अटूट साझेदारी के दम पर मुंबई इंडियंस ने सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से शिकस्त दी। सनराइजर्स को आठ विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद मुंबई इंडियंस ने 17.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल किया। मुंबई की यह 12 मैचों में यह चौथी जीत है। सनराइजर्स की यह 11 मैचों में पांचवीं हार है। टीम 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर है। मुंबई ने पांचवें ओवर में 31 रन पर तीसरा विकेट गंवा दिया था लेकिन सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल अपनी दूसरी शतकीय पारी के दौरान 12 चौके और छह छक्के लगाकर टीम को दबाव में नहीं आने दिया। तिलक ने 32 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके लगाये। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (48) के बाद मुश्किल हालात में कप्तान पैट कमिंस की 17 गेंद में 35 रन की नाबाद पारी खेली। 17वें ओवर में 136 रन पर आठवां विकेट गंवा दिया था लेकिन कमिंस ने दो चौके और दो छक्के जड़ने के साथ नौवें विकेट के लिए सनवीर सिंह (नाबाद आठ) के साथ 19 गेंद में 37 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को संघर्ष करने लायक लक्ष्य तक पहुंचाया। हेड ने 30 गेंद की पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया। मुंबई के लिए अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला (33 रन पर तीन विकेट) और कप्तान हार्दिक पंड्या (31 रन पर तीन विकेट) ने शानदार गेंदबाजी की। जसप्रीत बुमराह (23 रन पर एक विकेट) एक बार फिर किफायती रहे तो वहीं अपने पदार्पण मैच में अंशुल कंबोज (42 रन पर एक विकेट) ने प्रभावित किया। लक्ष्य का बचाव करते हुए सनराइजर्स के गेंदबाजों ने शुरुआती तीन ओवर में 18 अतिरिक्त रन दिये लेकिन इस बीच दूसरे ओवर में मार्को यानसेन (45 रन पर एक विकेट) ने इशान किशन (नौ) को पवेलियन की राह दिखायी। चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिए आये कमिंस (35 रन पर एक विकेट) ने रोहित शर्मा (चार) को विकेटकीपर हेनरिच क्लासेन के हाथों कैच कराया। अगले ओवर में भुवनेश्वर कुमार (22 रन पर एक विकेट) ने नमन धीर को आउट किया। धीर नौ गेंद की पारी में खाता भी नहीं खोल सके।




### हैदराबाद-173/8 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| हेड का तिलक बो चावला | 48 |
| अभिषेक का इशान बो बुमराह | 11 |
| मयंक अग्रावाल बो कंबोज | 05 |
| नितीश का कंबोज बो हार्दिक | 20 |
| हेनरिच क्लासेन बो चावला | 02 |
| मार्को यानसेन बो हार्दिक | 17 |
| शाहबाज का सूर्यकुमार बो हार्दिक | 10 |
| अब्दुल समद पगबाधा चावला | 03 |
| पैट कमिंस नाबाद | 35 |
| सनवीर सिंह नाबाद | 08 |

अतिरिक्तः 14

कुल योगः (20 ओवर में आठ विकेट पर)173 रन

विकेट पतनः 1-56, 2-68, 3-90, 4-92, 5-96 , 6-120 , 7-124, 8-136

गेंदबाजीः तुषारा 4-0-42-0, कंबोज 4-0-42-1, बुमराह 4-0-23-1, हार्दिक 4-0-31-3, चावला 4-0-33-3

### मुंबई-174/3 (17.2)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| इशान का मयंक बो यानसेन | 09 |
| रोहित का क्लासेन बो कमिंस | 04 |
| नमन का यानसेन बो भुवनेश्वर | 00 |
| सूर्यकुमार नाबाद | 102 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 37 |

अतिरिक्त 22

कुल योगः (17.2 ओवर में तीन विकेट पर) 174 रन

विकेट पतनः 1-26, 2-31, 3-31

गेंदबाजीः भुवनेश्वर 4-0-22-1, यानसेन 3-0-45-1, कमिंस 4-0-35-1, नटराजन 3.2-0-31-0, नीतिश 2-0-16-0, शाहबाज 1-0-11-0



### दिल्ली और राजस्थान का मुकाबला आज

नई दिल्ली। आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को हर हालत में राजस्थान रॉयल्स जैसी जबर्दस्त फॉर्म में चल रही टीम को हराना होगा और नजरें कप्तान ऋषभ पंत तथा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के बल्ले पर लगी होंगी। दिल्ली ने अभी तक 11 में से पांच मैच जीते और छह हारे हैं। बाकी तीन मैच दिल्ली को हर हालत में जीतने होंगे हालांकि उसके बाद भी उसके 16 ही अंक रहेंगे जो प्लेआफ में पहुंचने के लिए शायद काफी नहीं हों। केकेआर (11 मैचों में 16 अंक) और रॉयल्स (10 मैचों में 16 अंक) के अलावा चेन्नई सुपर किंग्स (11 मैचों में 12 अंक), सनराइजर्स हैदराबाद (दस मैचों में 12 अंक) और लखनऊ सुपर जाइंट्स (11 मैचों में 12 अंक) 16 अंक के पार जा सकती हैं। ऐसे में दिल्ली शायद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद भी क्वालीफाई नहीं कर सके लेकिन पंत का भरोसा महेंद्र सिंह धोनी की उस नीति पर है कि जिस पर नियंत्रण किया जा सकता है।

खास खबर

## युगांडा के एनसुबुगा टी20 विश्व कप में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी



कंपाला। युगांडा के ऑफ स्पिनर फ्रैंक एनसुबुगा 43 साल की उम्र में आगामी टी20 विश्व कप में खेलने वाले सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बनने के लिए तैयार हैं। युगांडा क्रिकेट संघ ने सोमवार को दो जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में आयोजित होने वाले टी20 विश्व कप के लिए ब्रायन मसाबा की अगुवाई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। रियाजत अली शाह टीम के उपकप्तान है। युगांडा ने अफ्रीका क्वालीफायर की क्षेत्रीय प्रतियोगिता में नामीबिया के बाद दूसरे स्थान पर रहकर टी20 विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की की है। टीम अपने अभियान का आगाज तीन जून को गयाना में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगी। ये दोनों टीमें न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी और मेजबान वेस्टइंडीज के साथ ग्रुप सी में शामिल हैं। युगांडा टीमः ब्रायन मसाबा (कप्तान), रियाजत अली शाह (उप-कप्तान), केनेथ वैसवा, दिनेश नकरानी, फ्रैंक एनसुबुगा, रौनक पटेल, रोजर मुकासा, कॉसमास कयेवुता, बिलाल हसुन, फ्रेड अचेलम, रॉबिन्सन ओबुया, साइमन सेसाजी, हेनरी सेसेनडो, अल्पेश रमजानी और जुमा मियाजी। रिजर्व खिलाड़ीः रोनाल्ड लुटाया और इनोसेंट म्वेबेज।

## भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान होंगी ज्योति सिंह

नई दिल्ली। डिफेंडर ज्योति सिंह को 21 से 29 मई तक होने वाले यूरोप दौरे के लिये भारत की 22 सदस्यीय जूनियर महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया जबकि मिडफील्डर साक्षी राणा उपकप्तान होंगी। भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड के दो क्लबों ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश और आरेंजी रूड से छह मैच खेलेगी। ज्योति ने कहा, 'टीम में अच्छा तालमेल हैं। हम सभी एक दूसरे को बखूबी जानते हैं। सभी हुनरमंद और प्रतिभाशाली हैं। विदेश में शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलना सीखने के लिए बहुत अच्छा होगा।




## महिला टी20 : भारत ने बांग्लादेश को हराकर दर्ज की लगातार चौथी जीत

एजेंसी ▶▶| सिलहट

कप्तान हरमनप्रीत कौर की उम्दा पारी के बाद दीप्ति शर्मा की अगुआई में गेंदबाजों के प्रभावी प्रदर्शन से भारत ने वर्षा से प्रभावित 14 ओवर के चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सोमवार को यहां बांग्लादेश को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 56 रन से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करते हुए पांच मैच की श्रृंखला में 4-0 की बढ़त बनाई।

भारत ने हरमनप्रीत (39) और रिचा घोष (24) के बीच चौथे विकेट की 44 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 122 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (22) और डी हेमलता (22) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत बांग्लादेश को 125 रन का लक्ष्य मिला लेकिन दीप्ति शर्मा (13 रन पर दो विकेट), आशा शोभना (18 रन पर दो विकेट) और राधा यादव (12 रन पर एक विकेट) की फिरकी के जादू के सामने मेजबान टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और सात विकेट पर 68 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर (21), रूबिया हैदर (13) और शोरिफा खातून (नाबाद 11) ही दोहरे अंक में पहुंच सकीं।



### कोहली के खिलाफ बनाएंगे रणनीति

लाहौर। पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि विराट कोहली भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से हैं और अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में उनके बल्ले पर अंकुश लगाने के लिए रणनीति जरूर बनाई जाएगी। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होगा जिसमें भारत और पाकिस्तान नौ जून को न्यूयॉर्क में आमने सामने होंगे। यहां प्रेस कांफ्रेंस में उनसे पूछा गया कि क्या वह शानदार फॉर्म में चल रहे कोहली के खिलाफ रणनीति बनायेंगे, इस पर उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में विरोधी के टीम सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाई ही जाती है।

## टी20 विश्व कप: भारतीय टीम की नई जर्सी लांच



मुंबई। अगले महीने टी20 विश्व कप का आगाज होने जा रहा है। वेस्टइंडीज और अमेरिका की सह मेजबानी में होने वाले इस विश्व कप को लेकर सभी टीमों ने तैयारी शुरू कर दी है। इस टी20 विश्व कप में टीम इंडिया नई जर्सी में उतरेगी। बीसीसीआई ने टी20 विश्व कप से पहले टीम इंडिया की नई जर्सी लांच कर दी है। बीसीसीआई ने नई जर्सी को लांच करने के लिए खास अंदाज अपनाया। टीम इंडिया की नई टी20 जर्सी को हेलीकॉप्टर से लांच किया गया। वीडियो में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा नजर आए। रोहित कुलदीप और जडेजा को कुछ इशारा करते हैं, तभी हेलीकॉप्टर नजर आता है और उस पर टीम इंडिया की नई टी20 जर्सी टंगी दिखाई पड़ती है। इसे देखकर रोहित, कुलदीप और जडेजा हैरान रह जाते हैं।

### विश्व एथलेटिक्स : महिलाओं का अद्वितीय प्रदर्शन

# भारतीय रिले टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| नासाउ

भारतीय महिला और पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने यहां सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। रुपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 29.35 सेकंड का समय लेकर पहली हीट में जमैका (3:28.54) के बाद दूसरा स्थान हासिल करके पेरिस का टिकट कटाया।

भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में तीन मिनट 29.74 सेकंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी। बाद में पुरुष टीम (मोहम्मद अनस याहया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोल जैकब) तीन मिनट 3.23 सेकंड का समय निकालकर अमेरिका (2:59.95) के बाद दूसरे स्थान पर रही।




### महिला टीम ने खींचा ध्यान

दूसरे दौर में तीनों हीट से शीर्ष दो टीमों ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया। महिला टीम का ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना सुखद आश्चर्य रहा क्योंकि फोकस पुरुष टीम पर था जिसने टोक्यो ओलंपिक और 2023 विश्व चैंपियनशिप में एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा था। इसके अलावा 2023 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक भी जीता था।




### रमेश की जगह शामिल हुए राजीव

पहले दौर में पुरुष टीम रेस पूरी नहीं कर सकी थी क्योंकि दूसरे चरण के धावक राजीव रमेश को मांसपेशी में खिंचाव के कारण बीच में ही बाहर होना पड़ा था। राजीव अरोकिया ने टीम में रमेश की जगह ली और अनस तथा अजमल के बाद तीसरा चरण दौड़े। भारतीय पुरुष टीम तीसरे स्थान पर थी जब आखिरी चरण के धावक जैकब ने अरोकिया से बेटन ली और जबर्दस्त दौड़ लगाते हुए मैक्सिको के प्रतिद्वंद्वी को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। भारतीय टीम ने टोक्यो ओलंपिक में 3:00.25 में रेस पूरी करके एशियाई रिकार्ड तोड़ा था। इसके बाद विश्व चैंपियनशिप 2023 में 2:59.5 का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया था।

### भारत के ट्रैक और फील्ड के 19 खिलाड़ी क्वालीफाई

*भारतीय महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। पहली बार लॉस एंजिलिस में 1984 खेलों में महिला चार गुणा 400 मीटर रिले की शुरुआत के बाद से भारतीय टीम आठवीं बार उतरेगी। वहीं पुरुष टीम चौथी बार भाग लेगी क्योंकि इस वर्ग की स्पर्धा 2000 सिडनी ओलंपिक से ही शुरू हुई है। अब भारत के ट्रैक और फील्ड के 19 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं जिनमें भालाफेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा शामिल हैं।*

## प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए तीन खिलाड़ी नॉमिनेट

दुबई। आईसीसी ने प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए दुनिया के तीन खिलाड़ियों को नॉमिनेट किया है। अप्रैल 2024 के लिए ICC मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ की शॉर्टलिस्ट में पाकिस्तान के अलावा नामीबिया और यूएई के खिलाड़ी का नाम शामिल है। इस लिस्ट में पहला नाम नामीबिया के गेरहार्ड इरास्मस का है। नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस पिछले महीने के ओमान दौरे के दौरान शानदार लय में थे क्योंकि उन्होंने बल्ले और गेंज दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था। इस लिस्ट में दूसरा नाम यूएई के मुहम्मद वसीम का है। दाएं हाथ का यह धुरंधर खिलाड़ी पिछले महीने अच्छी फॉर्म में थे। उन्होंने एसीसी प्रीमियर कप में काफी रन बनाए थे और इस दौरान उन्होंने अपने करियर का तीसरा शतक भी जड़ा था। आईसीसी के इस खास लिस्ट में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी का नाम भी शामिल है।




बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे

बदरीनाथ धाम के रावल का पट्टाभिषेक किया गया, सोने का कड़ा पहनाया

# बदरीनाथ धाम : 5 दशक बाद पुनः जीवित हुई रावल पट्टाभिषेक की ऐतिहासिक परंपरा

एजेंसी ▶▶ ऋषिकेश

बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुल रहे हैं। सोमवार को टिहरी राजदरबार नरेन्द्र नगर में पूजा-अर्चना और विधि-विधान से महाराजा टिहरी मनुज्येंद्र शाह की ओर से बदरीनाथ धाम के रावल का पट्टाभिषेक किया गया और सोने का कड़ा पहनाया, इसके साथ ही आज के दिन बदरीनाथ धाम से संबंधित 5 दशक पहले समाप्त हुई रावल पट्टाभिषेक की ऐतिहासिक परंपरा पुनः जीवित हो गई। इससे पहले वर्ष 1977 में रावल टी केशवन नंबूदरी का पट्टाभिषेक हुआ था।

राजदरबार नरेंद्र नगर में इस अवसर पर राज पुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल, बदरीनाथ धाम के धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, राजमहल के ओएसडी राजपाल जरधारी आदि मौजूद रहे।





### रावल की नियुक्ति समिति एक्ट के तहत

ज्ञात हो, श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति उत्तराखण्ड सरकार की स्वायत निकाय है, जो श्री बदरीनाथ मंदिर एवं श्री केदारनाथ मंदिर सहित 46 अन्य मंदिरों का प्रबंधन करती है। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि रावल की नियुक्ति मंदिर समिति एक्ट 1939 से पहले महाराजा टिहरी की ओर से होती थी। यह पट्टाभिषेक और सोने का कड़ा उसी परंपरा का एक ऐतिहासिक व सास्कृतिक प्रतीक चिह्न है।

1977 में रावल टी केशवन नंबूदरी का हुआ था पट्टाभिषेक

बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने शुरू की थी पहल

मंदिर समिति 46 अन्य मंदिरों का करती है प्रबंधन



### सोने का कड़ा राजशाही की परंपरा का प्रतीक

उल्लेखनीय है कि बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने इसके लिए पहल की और आज राज दरबार में पूजा अर्चना के पश्चात रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी को महाराजा मनुज्येंद्र शाह सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, बेटी शिरजा शाह सहित बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय और उपाध्यक्ष किशोर पंवार की उपस्थिति में अंग वस्त्र भेंट कर सोने का कड़ा पहनाया गया। सोने का कड़ा राजशाही की परंपरा प्रतीक है।

उपयोगकर्ताओं को आपस में धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी

# भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने पर बन गई सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भारत और घाना के बीच भुगतान को लेकर अहम समझौता हुआ है। अब यूपीआई और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स को जोड़ा जाएगा।*

भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को लेकर अहम समझौता हुआ है। दोनों देशों ने छह महीने में घाना अंतर-बैंक भुगतान और निपटान प्रणाली पर यूपीआई को चालू करने पर अपनी सहमति जताई है। इससे उपयोगकर्ताओं को आपस में तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत और घाना अब आपस में आर्थिक लेन-देन को मजबूत कर सकेंगे। दोनों ही देशों ने भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने का अहम फैसला किया है। इसके तहत अब यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स (जीएचआईपीएसएस) को जोड़ा जाएगा।

### खास बातें

- अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते के अवसरों पर विचार-विमर्श
- भारत और घाना अब आपस में आर्थिक लेन-देन को मजबूत कर सकेंगे




### एमओयू की संभावनाओं पर चर्चा

मंत्रालय के मुताबिक भारत-घाना ने डिजिटल परिवर्तन समाधान, स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) की संभावनाओं के बारे में चर्चा की और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते (एएफसीएफटीए) द्वारा पेश किए गए अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया। दोनों देशों ने डिजिटल अर्थव्यवस्था, कपड़ा, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों को फोकस क्षेत्रों के रूप में पहचाना और उस पर चर्चा की।

### भारत का 7 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल गया था घाना गणराज्य

भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के नेतृत्व में भारत के 7 सदस्यीय दल ने घाना गणराज्य में भारत के उच्चायुक्त मनीष गुप्ता और वाणिज्य विभाग की आर्थिक सलाहकार प्रिया पी. नायर के साथ 2 से 3 मई 2024 तक अकरा में अपने घाना समकक्षों के साथ बैठक की। जेटीसी की सह-अध्यक्षता घाना गणराज्य के व्यापार और उद्योग उप मंत्री माननीय माइकल ओकेरे-बाफी और वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने की।

### ऑस्ट्रेलिया में पढ़ने वाले छात्रों की बड़ी मुश्किलें



ऑस्ट्रेलिया पढ़ने वाले भारतीय छात्रों के सामने बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी वीजा पॉलिसी को काफी सख्त कर लिया है। भारतीय छात्रों के लिए यह चिंता का विषय इसलिए भी है। ऑस्ट्रेलिया पढ़ने जाने वाले छात्रों में भारतीयों की तादाद दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा है। जनवरी-सितंबर 2023 की अवधि में 1.22 लाख भारतीय छात्र ऑस्ट्रेलिया में पढ़ रहे थे। कठिन वीजा शर्तों के कारण ऑस्ट्रेलियाई संस्थान भी सख्त हो गए हैं और कुछ संस्थानों ने तो भारतीय छात्रों को एडमिशन देने से भी इनकार कर दिया है। पीएम एंथनी ने इंटरनेशनल इंग्लिश लेंग्वेज टेस्टिंग सिस्टम को शामिल किया है।

# दिल्ली के बाद अहमदाबाद के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अब गुजरात के अहमदाबाद स्थित स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। अभी तक करीब 7 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसके लिए गुजरात की अहमदाबाद पुलिस ने बम स्क्वाड टीम को तैनात कर दिया गया है। बीते 1 मई को राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के जिलों में स्थित करीब 100 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी ईमेल के जरिए भेजी गई थी। जिसके बाद दिल्ली-एनसीआर इलाके में स्थित स्कूलों में चारों तरफ अफरा तफरी की स्थिति बन गई थी।

**धमकी भरा ईमेल:** अहमदाबाद के करीब 7 हाई-प्रोफाइल स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई है। अहमदाबाद पुलिस ने दिल्ली पब्लिक स्कूल समेत कई स्कूलों से संपर्क किया है। दिल्ली एनसीआर के 3 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। जिसके बाद ये आंकड़ा बढ़ते-बढ़ते 100 के पार पहुंच गया था।




पौड़ी गढ़वाल को सबसे ज्यादा दिक्कतों का करना पड़ रहा सामना

# नहीं थम रही उत्तराखंड में आग, पौड़ी डीएम ने वायुसेना से मांगी मदद

एजेंसी ▶▶ पौड़ी

उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग थमने का नाम नहीं ले रही है। चाहे गढ़वाल मंडल हो या कुमाऊ मंडल। यहां की कई जगहें आग की लपटों में घिरी हुई नजर आ रहीं हैं। प्रशासन की तरफ से आग को बुझाने के लिए काफी प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन वो सब कम ही दिखाई दे रहे हैं।

अब पौड़ी जिले के जिलाधिकारी ने जंगल की आग पर काबू पाने के लिए इंडियन एयरफोर्स से सहायता देने के लिए कहा है और इसके लिए पत्र लिखा है। इंडियन एयरफोर्स का विमान पौड़ी के लिए रवाना हो गया है। एक बात और यह है कि सबसे भीषण आग चीड़ के पेड़ में लगी हुई है। गर्मी के मौसम के कारण आग तेजी से फैलती हुई जा रही है। सबसे ज्यादा आग लगने की घटनाएं कुमाऊं मंडल में सामने आ रही हैं। गढ़वाल मंडल के जंगलों में भी आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है।



### क्लाउड सीडिंग से आग बुझाने की कोशिश

उन्होंने कहा कि हम एक नया प्रोजेक्ट भी ला रहे हैं। आईआईटी कानपुर ने क्लाउड सीडिंग का एक प्रयोग किया है। हम अब उत्तराखंड में भी क्लाउड सीडिंग के जरिए बारिश कराने की कोशिश कर रहे हैं ताकि जंगल की आग पर काबू पाया जा सके। हमने सीएम से बात की है। उन्होंने पौड़ी से एक पायलट प्रोजेक्ट के लिए इजाजत दे दी है। सीएम ने पराली न जलाने के निर्देश भी दिए हैं।

### आग लगाने के आरोप में 3 पकड़े

चमोली जिला पुलिस ने गैरसैंण क्षेत्र में आग लगाने और सोशल मीडिया पर पब्लिसिटी पाने के लिए वीडियो अपलोड करने के आरोप में बिहार के रहने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सोशल मीडिया पर चल रही इस घटना का संज्ञान लिया। इनकी पहचान बिहार के रहने वाले ब्रजेश कुंअर, सुखलाल और सलमान के रूप में हुई है।

### कुमाऊं में सबसे ज्यादा आग

*अब जंगलों की आग की बात की जाए तो अल्मोड़ा जिले में 56 आग की घटनाएं सामने आई हैं। इसमे 85.5 हेक्टेयर जंगल जलकर राख हो गए। वहीं, तराई पूर्वी में 90 आग की घटनाएं हुई। चंपावत में 55 वनाग्नि की घटनाएं सामने आई हैं। रामनगर में 31 आग*

### सीएम धामी ने दिए निर्देश

*सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को फोन पर निर्देश दिया कि सभी जिलाधिकारियों को एक हफ्ते तक रोजाना अपने क्षेत्रों में जंगल की आग पर नजर रखने के लिए कहा जाए। राज्य की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि जंगल में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109